


खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र




Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | गुरुवार, 28 मार्च, 2024 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | epaper.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-6 रु. | वर्ष-6 | अंक-87

# बंगाल के गरीबों से लूटा गया धन उन्हें वापस दिलाएंगे : पीएम मोदी

**नई दिल्ली, 27 मार्च (एजेंसियां)।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राजमाता अमृता रॉय से फोन पर बात की। इस दौरान पीएम ने कहा कि वह यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि पश्चिम बंगाल में गरीबों से लूटा गया धन और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कुर्क किया गया धन उन्हें वापस मिले। पीएम ने यह भी विश्वास जताया कि पश्चिम बंगाल के लोग राज्य में बदलाव के लिए मतदान करेंगे।




- मोदी ने कृष्णानगर से भाजपा प्रत्याशी अमृता रॉय से फोन पर की बात
- ईडी के पास जब्त तीन हजार करोड़ रुपए गरीबों के हैं, यह उन्हें मिलेगा
- हम भ्रष्टाचार मिटाने के लिए लड़ रहे और टीएमसी भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए

बता दें, पश्चिम बंगाल की कृष्णानगर सीट से भाजपा ने शाही परिवार की राजमाता अमृता रॉय को चुनावी मैदान में उतारा है। रॉय का मुकाबला तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की कद्दावर नेता और लोकसभा से निलंबित सांसद महुआ मोइत्रा से होना है। ऐसे में टीएमसी और भाजपा के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। टीएमसी अमृता रॉय पर अग्रेजों का साथ देने का आरोप लगा रही है।

पीएम मोदी ने राजमाता अमृता रॉय से फोन पर बात की। इस दौरान पीएम ने उनसे पूछा कि उनका चुनावी अभियान कैसा चल रहा है। साथ ही कहा कि आप तो महाराजा कृष्ण चंद्र रॉय के परिवार से हैं। इस पर राजमाता रॉय ने कहा कि इसी बात का यहां कुछ लोग विरोध कर रहे हैं। कह रहे हैं कि उन्होंने अंग्रेजों का साथ दिया था। यह लोग हमें गद्दार समझते हैं। उनके दान और अच्छे कामों के बारे में कोई नहीं बोल रहा है। अमृता रॉय ने कहा, ऐसा सिराजुद्दौला की प्रताड़ना की वजह से किया। अगर महाराजा ने ऐसा नहीं किया होता तो क्या हिंदू धर्म बच पाता? क्या सनातन धर्म बच पाता? नहीं। अगर ऐसा है तो हम ये क्यों नहीं कह सकते कि महाराजा ने हमें सांप्रदायिकता विरोधी हमले से बचाया।

इस पर पीएम मोदी ने टीएमसी पर निशाना साधते हुए कहा, हम लोगों को बचपन में जो पढ़ाया जाता था, उसमें कृष्ण चंद्र रॉय के सामाज सुधारकता का पाठ, बंगाल के विकास के बारे में होता था। यह लोग पुरानी बातें सामने लाएंगे और बदनाम करने का प्रयास करेंगे। अपने वर्तमान पाप को छिपाने के लिए ऐसी बातें ढूंढते रहते हैं। प्रधानमंत्री ने अमृता से कहा कि आपके सामने बंगाल की विरासत को बचाने की चुनौती है। उन्होंने आगे कहा, बंगाल की लड़ाई दो खेमों में बंट गई है। एक हमारा खेमा है जो भ्रष्टाचार से बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहा है। वहीं दूसरा खेमा है, जो भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए एकजुट हो रहा है।

दूसरे खेमे की प्राथमिकता देश को बचाना नहीं बल्कि सत्ता को बचाना है। उन्होंने आगे कहा कि इसलिए इस बार चुनाव में भ्रष्टाचार मुक्त भारत के लिए लड़ना है। बंगाल के अन्य जगहों की तरह ही कृष्णानगर में भी भाजपा को बहुमत से जीत मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि बंगाल के लोगों के तीन हजार करोड़ रुपये ईडी के पास जब्त हैं। यह पैसा गरीब लोगों का है। किसी ने शिक्षक बनने, किसी ने क्लर्क बनने के लिए दिया है। उन्होंने कहा कि वह यह सुनिश्चित करने के लिए कानूनी विकल्प तलाश रहे हैं कि गरीबों को उनका पैसा वापस दिया जा सके। गौरतलब है, भाजपा ने 2019 में राज्य की 42 लोकसभा सीटों में से 18 पर जीत हासिल की थी।

# जम्मू-कश्मीर से अफस्पा हटाने पर किया जा रहा विचार : अमित शाह

**नई दिल्ली, 27 मार्च (एजेंसियां)।**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का कहना है कि केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर में सशस्त्र बल अधिनियम को हटाने पर विचार करेगी। एक साक्षात्कार के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार वहां से सैनिकों को वापस बुलाने और कानून व्यवस्था को अकेले जम्मू-कश्मीर पुलिस पर छोड़ने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि पहले जम्मू-कश्मीर पुलिस पर भरोसा नहीं किया जा सकता था लेकिन अब वे विभिन्न ऑपरेशन का नेतृत्व कर रहे हैं।



- जम्मू कश्मीर पुलिस को सौंपा जाएगा कानून व्यवस्था का भार
- राज्य पुलिस अब कर रही विभिन्न ऑपरेशन का नेतृत्व

बता दें, एएफएसपीए (अफस्पा) सशस्त्र बलों के उन जवानों को अधिकार देता है, जो अशांत क्षेत्रों में काम कर रहे हैं कि अगर सार्वजनिक व्यवस्था के रखरखाव के लिए उन्हें जरूरत पड़ती है तो वे तालाशी, गिरफ्तारी और गोली चला सकतें हैं। सशस्त्र बलों के संचालन को सुविधाजनक बनाने के लिए अफस्पा के तहत किसी क्षेत्र या जिले को अशांत घोषित किया जाता है। साक्षात्कार के दौरान, शाह ने विपक्षी नेता फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती पर निशाना साधा। शाह ने कहा कि दोनों नेताओं पर आतंकवाद पर बोलने का अधिकार नहीं है। जितनी फर्जी मुठभेड़ें उनके समय में हुईं हैं, इतनी कभी नहीं हुईं हैं। पिछले पांच वर्षों में एक भी फर्जी मुठभेड़ नहीं हुई। बल्कि फर्जी मुठभेड़ों में शामिल लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। हम कश्मीर के युवाओं के साथ बातचीत करेंगे न कि उन संगठनों के साथ जिनकी जड़ें पाकिस्तान में हैं। शाह ने आगे कहा कि मोदी सरकार ने आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के लिए 12 संगठनों पर प्रतिबंध लगा दिया है। 36 व्यक्तियों को आतंकवादी के रूप में नामित किया है। आतंक के वित्तपोषण को रोकने के लिए 22 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं और 150 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। उन्होंने कहा कि 90 संपत्तियां भी कुर्क की गईं और 134 बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह के अनुसार, घाटी में 30 वर्ष बाद 2021 में पहली बार सिनेमा हॉल खुला था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मुताबिक, श्रीनगर में एक मल्टीप्लेक्स बना। पुलवामा, शोपियां, बारामूला और हंदवाड़ा में चार नए थियेटर खुले हैं। 100 से अधिक फिल्मों की शूटिंग शुरू हो गई है। लगभग 100 सिनेमा हॉल्स के लिए बैंक लोन के प्रस्ताव बैंकों में विचाराधीन हैं। अनुच्छेद 370 खत्म होने से पहले जीएसडीपी एक लाख करोड़ रुपये था, जो सिर्फ पांच साल में डबल होकर अब 2,27,927 करोड़ रुपये हो गया है। पहले 94 डिग्री कॉलेज थे, वर्तमान में 147 हैं। गृह मंत्री के अनुसार, आईआईटी, आईआईएम और दो एम्स, इस तरह की सुविधाओं वाला जम्मू कश्मीर पहला राज्य बन गया है। ▶9पर

महबूबा ने गृह मंत्री के बयान का किया स्वागत, कहा–

## देर आए दुरुस्त आए



**श्रीनगर, 27 मार्च (एजेंसियां)।**

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने जम्मू-कश्मीर से सशस्त्र बल विशेषाधिकार कानून (अफस्पा) हटाने पर विचार करने संबंधी गृह मंत्री अमित शाह के बयान का स्वागत किया। महबूबा शाह के बयान का स्वागत करते हुए बुधवार को उम्मीद जताई कि यह देश में हर साल दो करोड़ नौकरियां देने के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वादे की तरह जुमलेबाजी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि पहले कदम के रूप में केंद्र सरकार जेल में बंद पत्रकारों और कश्मीरियों को आरोपमुक्त कर रिहा कर सकती है। मुफ्ती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पीडीपी कठोर अफ्सपा को हटाने के साथ ही धीरे धीरे सैनिकों को भी हटाने की मांग करती रही है। यह हमारे गठबंधन के एजेंडा का महत्वपूर्ण हिस्सा था, जिसपर भाजपा ने सहमति जताई थी। ▶9पर

# ईडी ने पांच शहरों में की छापेमारी, वॉशिंग मशीन में मिलीं नोटों की गड्डियां

**नई दिल्ली, 27 मार्च (एजेंसियां)।**

विदेशी मुद्रा उल्लंघन मामले में ईडी ने कैप्रीकोरियन शिपिंग एंड लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लि. और इसके निदेशकों विजय शुक्ला एवं संजय गोस्वामी के दिल्ली, हैदराबाद, मुंबई, कुरुक्षेत्र और कोलकाता स्थित ठिकानों पर छापे मारे। एजेंसी ने 2.54 करोड़ रुपये की नकदी बरामद की। इसका एक हिस्सा वॉशिंग मशीन से जब्त किया गया। आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण की जब्ती के साथ ईडी ने 47 बैंक खाते भी फ्रीज किए। ईडी के अनुसार, जिन ठिकानों की तलाशी ली गई, वे कंपनी के डायरेक्टर और पार्टनर संदीप गर्ग, विनोद केडिया की संस्थाओं से भी जुड़े हैं। इनमें लक्ष्मीटन मैरीटाइम, हिंदुस्तान इंटरनेशनल, राजनंदिनी मेटल्स लि., स्टवार्ट अलॉयज इंडिया प्रा. लि., भाग्यनगर लि., विनायक स्टील्स लि., वशिष्ठ कंस्ट्रक्शन प्रा. लि. शामिल हैं। हालांकि, छापे कब मारे गए, एजेंसी ने यह खुलासा नहीं किया है। ▶9पर



## सीएम विजयन की बेटी वीणा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज

**तिरुवनंतपुरम, 27 मार्च (एजेंसियां)।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन की बेटी वीणा विजयन, उनकी आईटी कंपनी और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया है। सूत्रों के अनुसार, एजेंसी ने धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है और सभी लोगों के खिलाफ समन जारी होने की संभावना है। केंद्रीय कॉर्पोरेट मंत्रालय की जांच शाखा, गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) द्वारा शिकायत दर्ज करने के बाद ईडी ने मामला दर्ज किया है। यह मामला आयकर विभाग की जांच से निकला है। आयकर विभाग ने बताया कि कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड (सीएमआरएल) ▶9पर

# केजरीवाल मामले में अमेरिका की टिप्पणी पर भारत ने जताई कड़ी नाराजगी

## अमेरिकी राजनयिक को किया तलब, कहा– यह हमारा आंतरिक मामला

**नई दिल्ली, 27 मार्च (एजेंसियां)।**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर अमेरिका की टिप्पणी पर भारत ने नाराजगी जताई है। दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने बुधवार को अमेरिका के कार्यवाहक मिशन उप-प्रमुख ग्लोरिया बर्बेना को तलब किया। मुलाकात करीब 40 मिनट तक चली। दरअसल, अमेरिका ने भारत के आंतरिक मामलों में दखल देने की कोशिश की थी। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा था कि केजरीवाल की गिरफ्तारी से जुड़ी रिपोर्ट पर वह करीबी नजर रख रहा है। वह निष्पक्ष कानूनी प्रक्रिया को प्रोत्साहित करता है।



इस पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम भारत में कुछ कानूनी कार्यवाइयों को लेकर अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की टिप्पणियों पर कड़ी आपत्ति जताते हैं। कूटनीति में राज्यों से दूसरों की संप्रभुता और आंतरिक मामलों का सम्मान करने की उम्मीद की जाती है। यह जिम्मेदारी और भी अधिक हो जाती है, जब आपके साथी देश में भी लोकतंत्र हो। ऐसे में इस तरह की टिप्पणियां गलत मिसाल कायम करती हैं। भारत की कानूनी प्रक्रियाएं एक स्वतंत्र न्यायपालिका पर आधारित हैं, जो उद्देश्यपूर्ण और समय पर नतीजे के लिए प्रतिबद्ध है। उस पर उंगली उठाना सरासर गलत है।

इससे पहले जर्मनी ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर बयान दिया था। भारतीय विदेश मंत्रालय द्वारा इस मामले में जर्मन दूतावास के उप प्रमुख जॉर्ज एन्जवीलर को तलब किया गया था। भारत ने इसे देश की आंतरिक घटना बताया था और जर्मन पक्ष की टिप्पणियों पर कड़ा विरोध जताया था। केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद जर्मनी ने कहा था कि हम इस घटना पर नजर बनाए हुए हैं। भारत एक लोकतांत्रिक देश है और हम उम्मीद करते हैं कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता, बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांतों से संबंधित मानक इस मामले में लागू होंगे। केजरीवाल को निष्पक्ष सुनवाई का पूरा अधिकार है।

इसके बाद भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया था कि जर्मनी की टिप्पणी को हम भारत की न्यायपालिका की स्वतंत्रता में दखल के रूप में देखते हैं। भारत एक मजबूत कानून व्यवस्था वाला देश है और इस मामले में भी कानून अपना काम करेगा। इससे पहले दिल्ली शराब नीति केस में अरविंद केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें 28 मार्च तक ईडी की रिमांड पर भेजा दिया गया था। हालांकि, ईडी अदालत से 10 दिन की रिमांड मांगी थी, लेकिन जांच एजेंसी को 6 दिन ▶9पर




## सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

सोना : 69,010/- (प्रति 10 ग्राम)

चाँदी : 76,870/- (प्रति किलोग्राम)




## शेयर मार्केट



बीएसई : 72,996.31 +526.01 +0.73% ↑

एनएसई : 22,123.65 118.95 (0.54%) ↑

## बिस्तर पर नोटों के साथ लेटे नेता की फोटो वायरल



### पार्टी बोली– हमारा कोई लेना देना नहीं

**नई दिल्ली, 27 मार्च (एजेंसियां)।**

देशभर में लोकसभा चुनाव को देखते हुए चुनाव आयोग द्वारा आचार संहिता लागू की गई है। इस बीच असम के एक नेता की तस्वीर वायरल हो रही है। इस तस्वीर में वह 500 रुपए के नोटों के साथ लेटे हुए हैं। इनका नाम यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) से जुड़े नेता बेंजामिन बासुमतारी बताया जा रहा है। ▶9पर

## कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद को लेकर फिर कांग्रेस में रार!

शिवकुमार बोले– पार्टी उन्हें सीएम बनाने का लेगी फैसला

**बेंगलूरू, 27 मार्च (एजेंसियां)।**

कर्नाटक की सियासी गलियारों में लगातार हलचल मची हुई है। जहां कांग्रेस उम्मीदवारों के नाम तय नहीं कर पा रही थीं। वहीं अब मुख्यमंत्री के पद को लेकर सवाल उठने लगे हैं। इन अटकलों के बीच, सत्ता में बदलाव के मुद्दे को उठाते हुए उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बुधवार को कहा कि भविष्य में उन्हें मुख्यमंत्री बनाने के बारे में कांग्रेस फैसला करेगी।

गौरतलब है, पिछले साल मई में विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच मुख्यमंत्री पद के लिए जोरदार टक्कर थी। हालांकि, कांग्रेस शिवकुमार को मनाने में सफल रही थी और उन्हें उपमुख्यमंत्री बना दिया था। उस समय कुछ खबरें थीं कि शिवकुमार एक समझौते पर राजी हुए हैं। कहा जा रहा था कि समझौता यह हुआ है कि मुख्यमंत्री बीच-बीच में बदलते रहेंगे। इसके अनुसार, शिवकुमार ढाई साल बाद सीएम बनेंगे। हालांकि, पार्टी द्वारा आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की गई थी। दरअसल, हाल ही में मंदिर में दर्शन करने के दौरान एक पुजारी ने प्रार्थना की कि भगवान की शिवकुमार पर कृपा बरसे और वह मुख्यमंत्री बनें। इस पर राजनीतिक बहस छिड़ गई। विधानसभा कार्यकाल के बीच नेतृत्व में बदलाव की अटकलों के बीच, उत्तर कन्नड़ जिले में शिवकुमार ने पत्रकारों से कुछ राजनीतिक क्षेत्रों में नेतृत्व के मुद्दे पर बात की। ▶9पर

## छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में छह नक्सली ढेर



### भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद

**जगदलपुर, 27 मार्च (एजेंसियां)।**

छत्तीसगढ़ के बस्तर में आज सुबह पुलिस के साथ मुठभेड़ में छह नक्सली मारे गए, जिसमें चार पुरूष तथा दो महिलाएं शामिल हैं। घटनास्थल से पुलिस ने भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है। दक्षिण बस्तर रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक कमलोचन कश्यप ने बताया कि पिछले दिनों ▶9पर

## लोकसभा में 45 बिल पेश किए जाने के दिन ही पारित : एडीआर

17वीं लोकसभा में 222 विधेयक पारित कराए गए

**नई दिल्ली, 27 मार्च (एजेंसियां)।**

संसद में हंगामे अक्सर सुर्खियां बटोरते हैं। देश की विधायिका पर बड़ा दारोमदार कानून बनाना और इसके लिए विधेयकों पर चर्चा के बाद इन्हें संसद के दोनों सदनों से पारित कराना है। कानूनों में संशोधन की प्रक्रिया भी संसद से होकर गुजरती है। खास बात ये कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सरकार ने बीते एक दशक में हजारों पुराने कानूनों को खत्म करने का दावा किया है। ताजा घटनाक्रम में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) की तरफ से जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक 17वीं लोकसभा में 222 विधेयक पारित कराए गए। एडीआर ने इस रिपोर्ट में कुछ हैरान करने वाले तथ्य भी सामने रखे हैं। एडीआर के मुताबिक बीते पांच साल के दौरान 222 में से 45 विधेयक ऐसे हैं जो उसी दिन पारित हो गए जिस दिन इन विधेयकों को सदन में पेश किया गया।

एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक जिन 45 विधेयकों को मंजूरी दी गई है इनमें विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, विनियोग विधेयक, जम्मू-कश्मीर विनियोग (नंबर-दो) विधेयक, केंद्रीय वस्तु और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2023 और चुनाव कानून (संशोधन) विधेयक, 2021 जैसे बिल शामिल हैं। एडीआर की इस रिपोर्ट में 17वीं लोकसभा के दौरान हुए विधायी कामकाज का विश्लेषण किया गया है। ▶9पर

## कार्टून कॉर्नर




## मौसम हैदराबाद

अधिकतम : $37^0$

न्यूनतम : $24^0$



# आईएचसी न्यायाधीशों का न्यायिक परिषद को चिट्ठी, आईएसआई पर न्यायपालिका के कामकाज में हस्तक्षेप का आरोप

**इस्लामाबाद, 27 मार्च (एजेंसियां) ।**

इस्लामाबाद हाई कोर्ट के छह न्यायाधीशों ने पाकिस्तान की शक्तिशाली खुफिया एजेंसियों द्वारा न्यायपालिका के कामकाज में हस्तक्षेप करने के खिलाफ न्यायिक परिषद (एसजेसी) से मदद की गुहार की है। उन्होंने न्यायिक परिषद से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है।

### न्यायिक परिषद से हस्तक्षेप की मांग

हाई कोर्ट के छह न्यायधीशों ने एक चिट्ठी में हस्ताक्षर कर एजेंसियों से न्यायिक मामलों में हस्तक्षेप के खिलाफ न्यायिक परिषद से कार्रवाई की मांग की है। चिट्ठी पर हस्ताक्षर करने वालों न्यायधीशों में जस्टिस मोहसीन अख्तर कयानी, जस्टिस तारिक महमूद जहंगिरी, जस्टिस बाबर सत्तार, जस्टिस सरदार इजाज इशाक खान, जस्टिस अरबाब मुहम्मद ताहिर, और जस्टिस समन रफत इम्तियाज का नाम शामिल है।

इस चिट्ठी के जरिए न्यायपालिका की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के रुख पर भी ध्यान देने की बात कही गई। एसजेसी हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सर्वोच्च निकाय है।

पत्र में कहा गया, हम एक न्यायाधीश के कर्तव्य के संबंध में सर्वोच्च न्यायिक परिषद (एसजेसी) से मार्गदर्शन लेने के लिए यह पत्र लिख रहे हैं। जज का दायित्व है कि वह खुफिया एजेंसियों के लोगों सहित कार्यपालिका के सदस्यों की ओर से की गई ऐसी कार्रवाइयों को रिपोर्ट करे और उनका जवाब दे, जो उसके काम में हस्तक्षेप करना चाहते हैं। हम इसके लिए दी जाने वाली धमकियों को भी सामने लाना चाहते हैं। साथ ही अगर हमारे सहकर्मियों या अदालतों के सदस्य भी ऐसी घटना का शिकार हो रहे हैं तो इसे संज्ञान में लाना हमारा दायित्व है। खासकर ऐसे लोग जो हाईकोर्ट के अधीन हैं।

जस्टिस सिद्दिकी ने लगाया था खुफिया एजेंसियों पर आरोप यह मांग शीर्ष अदालत द्वारा इस्लामाबाद के पूर्व हाई कोर्ट के जस्टिस अजीज सिद्दिकी को हटाने को अवैध घोषित करने के कुछ दिनों बाद की गई है। बता दें कि सिद्दिकी को 11 अक्तूबर 2018 में बर्खाश्त कर दिया गया था। दरअसल एक भाषण के दौरान उन्होंने देश की खुफिया एजेंसी (आईएसआई) पर देश की अदालती कार्यवाही को प्रभावित करने का आरोप लगाया था। चिट्ठी में न्यायधीशों ने जस्टिस सिद्दिकी द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच करने के अनुरोध का भी समर्थन किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### पश्तून कार्यकर्ता का दावाः मॉस्को आंतकी हमले के तार पाकिस्तान में हुए धमाकों से जुड़े,



**इस्लामाबाद ।** पश्तून तहफ्फुज मूवमेंट (पीटीएम) के सदस्य फजल-उर-रहमान अफरीदी का कहना है कि न केवल पाकिस्तान बल्कि पूरी दुनिया खतरे में है। दरअसल उन्होंने आरोप लगाया है कि मॉस्को में हुए आतंकी हमले और खैबर पख्तूनख्वा के शांगला जिले में हुए हमले के बीच एक जैसे संबंध प्रतीत हो रहे हैं। पाकिस्तान में आत्मघाती हमला बता दें कि खैबर-पख्तूनख्वा में विस्फोटक से भरे एक वाहन ने एक बस को टक्कर मार दी थी। इस दौरान बस में सवार कम से कम छह पांच नागरिकों की मौत हो गई थी। चीनी नागरिक दासू जलविद्युत परियोजना पर काम कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि शांगला जिले के बिशम इलाके में हुई घटना में कई अन्य घायल हो गए। घटना उस समय हुई, जब इस्लामाबाद से कोहिस्तान जा रही एक बस को सामने से आ रहे एक वाहन ने टक्कर मार दी। पाकिस्तान और मॉस्को में एक जैसा हमला- अफरीदी पश्तून तहफ्फुज मूवमेंट के सदस्य फजल-उर-रहमान अफरीदी का कहना है कि पाकिस्तान और मॉस्कों में हुए आतंकी हमले एक जैसे प्रतीत हो रहे हैं। उनका कहना है कि पाकिस्तान सरकार के ही कुछ लोगों द्वारा प्रशिक्षित आतंकवादियों और आईएसआईएस को साथ लेकर से ऐसी आतंकी घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। अफरीदी ने कहा कि ऐसा लगता है कि पाकिस्तान की सेना के प्रतिनिधियों ने इस हमले को अंजाम दिया है और इस बार पाकिस्तान चीन के साथ दोहरा खेल खेल रहा है। मॉस्को में क्या हुआ था मॉस्को के पास क्रोकस सिटी हॉल में कॉन्सर्ट के दौरान आतंकवादियों ने लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। आतंकियों ने विस्फोटक से हॉल में धमाका भी किया, जिससे वहां आग लग गई। हमले के बाद विशेष पुलिस बल ने मोर्चा संभाल लिया है। वहीं, आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ने हमले की जिम्मेदारी ली है। आईएस ने इसे लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया है। हमले में 60 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

### हूती के हमलों से फिलिपिनो चालक दल को बचाने पर राष्ट्रपति ने भारत का जताया आभार




**मनीला ।** फिलीपींस के राष्ट्रपति ने भारत का आभार व्यक्त किया है। दरअसल, इस महीने अदन की खाड़ी में हूती विद्रोहियों द्वारा एक व्यापारिक जहाज के चालक दल को पकड़ लिया गया था। छह मार्च को भारतीय नौसेना की चिकित्सा टीम ने एमवी कॉन्फिडेंस के सभी चालक दल के सदस्यों को बचाया और उन्हें महत्वपूर्ण देखभाल प्रदान की। भारत की तेज और निर्णायक कार्रवाई पर फिलिपिनो राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर ने अपना आभार प्रकट किया। द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए उत्सुक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ऑपरेशन के दौरान दो फिलिपिनो सहित चालक दल के तीन सदस्यों की मौत हो गई। हमले में जीवित बचे सभी फिलिपिनो सदस्यों को वापस भेज अपने देश भेज दिया गया। राष्ट्रपति मार्कोस ने कहा कि एमवी टू कॉन्फिडेंस घटना में शामिल फिलिपिनो नाविकों को बचाने के लिए भारत की त्वरित कार्रवाई के लिए मैं भारत सरकार का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि मैं हमारे द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए उत्सुक हूं। जयशंकर का फिलीपींस दौरा बता दें, सिंगापुर दौरा खत्म कर केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर फिलीपींस पहुंचे हैं। फिलीपींस के विदेश मंत्री एनरिके मनालो के साथ जयशंकर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि भारत अपनी राष्ट्रीय संप्रभुत्ता को बनाए रखने के लिए फिलीपींस का समर्थन करता है। जयशंकर ने कहा कि मनीला में मनालो के साथ उन्होंने चर्चा की, जो बहुत अच्छी रही। उन्होंने कहा कि मैं इस अवसर पर फिलीपींस की राष्ट्रीय संप्रभुता को बनाए रखने के लिए भारत के समर्थन को दोहराता हूं। हर देश को अपनी संप्रभुता को बनाए रखने और उसे लागू करने का पूरा अधिकार है। उन्होंने फिलीपींस के राष्ट्रपति बॉन्गबॉन्ग मार्कोस से भी मुलाकात की। उन्होंने भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से उन्हें व्यक्तिगत शुभकामनाएं भी दी। राष्ट्रपति मार्कोस के साथ जयशंकर ने द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने इसकी जानकारी दी ।

# भारतीय दूतावास ने बाल्टीमोर हादसे पर जताया दुख, हेल्पलाइन जारी , बाइडन ने चालक दल की सक्रियता को सराहा

**वॉशिंगटन, 27 मार्च (एजेंसियां) ।**

अमेरिका में भारतीय दूतावास ने मैरीलैंड राज्य के बाल्टीमोर शहर में हुए दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया। बता दें, एक कंटेनर शिप (मालवाहक जहाज) के टकराने से तीन किलोमीटर लंबा फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज ढह गया। जहाज में चालक दल के सभी 22 मेंबर भारतीय थे। ये सभी सुरक्षित हैं।



### यह है पूरा मामला

सिंगापुर के झंडे वाला मालवाहक जहाज डाली श्रीलंका की राजधानी कोलंबो जा रहा था। तभी बाल्टीमोर के फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज से टकरा गया। कुछ ही सेकंड में लगभग पूरा पुल ढह गया। अधिकारियों ने बताया कि पुल ढहकर करीब 50 फीट (15 मीटर) नीचे ठंडे पानी में गिर गया है। हादसा मंगलवार सुबह हुआ है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि जहाज को बिजली की समस्या का सामना करना पड़ा था। वहीं, चालक दल ने सक्रियता दिखाते हुए अलर्ट कॉल दिया था, जिससे पुल की ओर बढ़ते लोगों को रोक लिया गया था।

### राष्ट्रपति ने चालक दल की सतर्कता की तारीफ की

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस बात की पुष्टि की है कि टक्कर से पहले जहाज के चालक दल ने चेतावनी जारी कर दी थी, जिससे कई लोगों की जान बचाई जा सकी। उन्होंने कहा, जहाज पर मौजूद कर्मचारियों को जैसे ही महसूस हुआ कि उन्होंने जहाज पर नियंत्रण खो दिया है। उन्होंने तुरंत मैरीलैंड परिवहन विभाग को सतर्क कर दिया। जानकारी मिलते ही स्थानीय अधिकारियों ने पुल पर यातायात बंद कर दिया, जिससे निसंदेह लोगों की जान बच गई।

### दूतावास ने जताया शोक

अमेरिका में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर घटना को लेकर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा, बाल्टीमोर में फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज पर हुई दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना से प्रभावित सभी लोगों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदनाएं हैं। हेल्पलाइन की जारी दूतावास ने भारतीय नागरिकों के लिए एक हेल्पलाइन जारी की है। उसका कहना है कि यह हेल्पलाइन उन लोगों के लिए हैं, जो इस हादसे से प्रभावित हो सकते हैं या सहायता की आवश्यकता हो सकती है। वहीं, दूतावास पोत के चालक दल के संबंध में ब्यौरे का भी पता लगा रहा है।

### लापता लोगों में मैक्सिकन भी शामिल

वाशिंगटन में मेक्सिको दूतावास के वाणिज्य दूत के प्रमुख राफेल लावेगा के हवाले से बताया गया है कि पुल के ढहने के बाद लापता होने वालों में मैक्सिको के नागरिक भी शामिल हैं। हालांकि यह नहीं बताया गया कि कितने नागरिक लापता हैं।

### कंपनी सिनर्जी मरीन ग्रुप का बयान

श्रीलंका जा रहे इस जहाज का संचालन करने वाली कंपनी सिनर्जी मरीन ग्रुप ने जानकारी दी है कि जहाज का चालक दल पूरी तरह सुरक्षित है। इस जहाज के चालक दल में 22 लोग शामिल हैं जो कि भारतीय हैं। कंपनी की ओर से जारी प्रेस रिलीज़ के मुताबिक, जहाज से किसी तरह का प्रदूषित पदार्थ नहीं निकल रहा है। इस घटना की जांच के लिए क्वालिफाइड इंडिविजुअल इंसीडेंट रिस्पॉन्स सर्विस को शुरू कर दिया है।

## बीते 10 वर्षों में 38400 प्रवासियों की डूबने की वजह से गई जान, यूएन रिपोर्ट में चौंकाने वाले आंकड़े

**न्यूयॉर्क ।** संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन की तरफ से एक रिपोर्ट जारी की गई है। इस रिपोर्ट के में बताया गया है कि बीते 10 वर्षों में 64,000 प्रवासियों की मृत्यु हुई है। इनमें से करीब 38,400 प्रवासियों की मौत समुद्र में डूबने से हुई है। रिपोर्ट के अनुसार भूमध्य सागर में सबसे ज्यादा 27,000 प्रवासियों की मौतें हुई हैं। खतरनाक भूमध्य सागर में मारे गए 27,000 प्रवासी भूमध्य सागर के रास्ते कई प्रवासी उत्तरी अमेरिका से दक्षिणी यूरोप जाने की कोशिश करते हैं। आईओएम के डेटा विश्लेषक एंड्रिया गार्सिया बोरजा ने बताया कि भूमध्य सागर खतरनाक क्षेत्र है और यहां यात्राएं करना बेहद जोखिम भरा साबित होता है। उन्होंने कहा कि अन्य क्षेत्रों की तुलना में भूमध्य सागर के आंकड़ों को काफी गहनता से देखा गया है। उनके मुताबिक सहारा रेगिस्तान जैसे क्षेत्रों की निगरानी करना कठिन था क्योंकि वहां का विश्वसनीय डेटा आना मुश्किल था। वर्ष 2023 में प्रवासन मार्गों पर 8,500 लोगों की मौत आधे से अधिक मामलों में, आईओएम प्रवासी का लिंग या उम्र जानने में असमर्थ रहा।

# लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में चुनाव के दौरान भारतीय छात्र के खिलाफ नफरती अभियान शुरू



**लंदन, 27 मार्च (एजेंसियां) ।**

लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में छात्र संघ चुनाव हो रहे हैं। मैं भी चुनाव में खड़ा हो रहा हूं। वोटिंग से ठीक 12 घंटे पहले बहुत ही सुनियोजित तरीके से मेरे खिलाफ अभियान चलाया गया। मुझे उन्होंने इधर-उधर से कुछ करके भाजपा से जोड़ दिया। मुझे फासीवादी बताया गया। मेरे खिलाफ यहां नफरती अभियान चलाया जा रहा हैज्यह आरोप है सत्यम सुराणा का। सुराणा वही भारतीय छात्र है, जिसने पिछले साल ब्रिटेन में स्थित भारतीय उच्चायोग पर हुए चरमपंथी हमलों को चुनौती देते हुए सड़क से तिरंगा उठाया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सुराणा का जन्म पुणे में हुआ था। सुराणा ने कुछ महीने बॉम्बे हाईकोर्ट में प्रैक्टिस की और फिर लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में एलएलएम के लिए दाखिला ले लिया। इस साल सुराणा का एमएलएम खत्म हो जाएगा।

मेरे पोस्टर फाड़े जा रहे हैं मामले की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि फरवरी और मार्च की शुरुआत में एलएसई चुनाव घोषित किए गए थे। मैंने महासचिव पद के लिए नामांकन दाखिल किया है। 14-15 मार्च को मैंने देखा कि मेरे पोस्टर फाड़े जा रहे हैं। मैंने अधिकारियों से शिकायत की। पोस्टर बदल दिए गए लेकिन थोड़ी देर बाद उन पोस्टर पर मेरे चेहरे पर क्रॉस का निशान बना हुआ था। इसमें लिखा था कि सत्यम के अलावा कोई भी। 17 मार्च की दोपहर एलएसई के सभी ग्रुप्स में एक संदेश था, जिसमें दावा किया गया कि सत्यम भाजपा समर्थक है। वह फासीवादी व्यक्ति है। वह इस्लामोफोबिक है। वह ट्रांसफोबिक है। कट्टरपंथियों ने सोशल मीडिया से मेरे कुछ पोस्टों का भी स्क्रीनशॉट ले लिया, जिसके बुनियाद पर वे मुझे फासीवादी कह रहे हैं। अब जीतने के चांस कम हुए सत्यम ने बताया कि मेरे घोषणा पत्र में कोई भी राजनीतिक मुद्दा नहीं था। मेरे पास सिर्फ परिसर के वास्तविक मुद्दे थे। शुरुआत में मुझे जबरदस्त समर्थन मिला। लेकिन अब इन सभी चीजों से मेरे जीतने के चांस कम हो गए। मैं अपनी पूरी टीम के साथ हर विभाग में गया। मैंने पूरा परिसर घूमा।

# भारत ने निभाया वादा, भूटान को पांच अरब डॉलर की मदद भेजी, अब इस परियोजना पर होगा काम

**थिम्फू, 27 मार्च ।**



भूटान की मदद के लिए भारत की तरफ से 5 अरब डॉलर की दूसरी किश्त भेजी गई है। इस किश्त की मदद से भूटान में ग्यालसुंग परियोजना से संबंधित बुनियादी ढांचे का विकास होगा। भूटान में भारत के राजदूत सुधाकर दलेला ने भूटान के विदेश मंत्री ल्योनपो डी.एन. धुंगयेल से मुलाकात कर किश्त सौंपी।

### अब तक 10 अरब रुपये की मदद

भूटान में भारतीय दूतावास ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि इस किश्त के साथ ही भारत ने भूटान के साथ हुए समझौते के तहत शाही सरकार के लिए कुल दस अरब रुपये जारी कर दिए हैं। इससे पहले 28 जनवरी 2024 को भी भारत ने भूटान के लिए पांच अरब रुपये की किश्त जारी की थी।

### भारत भूटान के बीच एमओयू

दरअसल भारत और भूटान के बीच जनवरी 2024 में एक एमओयू पर हस्ताक्षर हुए थे। इस एमओयू के अनुसार भारत द्वारा भूटान को 15 अरब रुपये की मदद की जाएगी। यह अतिरिक्त मदद भूटान के ग्यालसंग में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए दी जा रही है। जनवरी 2023 में भी भारत ने डेसुंग फॉर ग्यालसंग कार्यक्रम के लिए दो अरब रुपये का अनुदान दिया था। भूटान में भारतीय दूतावास ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि भूटान के साथ साझेदारी करना भारत के लिए सौभाग्य की बात है। इस एमओयू का मुख्य उद्देश्य भूटान के युवाओं की क्षमताओं को विकसित करना और उन्हें राष्ट्र-निर्माण के लिए सक्षम बनाना है।

### पीएम मोदी ने किया था भूटान दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 और 23 मार्च को भूटान की यात्रा की थी। इस दौरान उन्होंने थिम्पू को विकास कार्यों में भारत के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और उसे अगले पांच साल में 10,000 करोड़ रुपये की सहायता मुहैया करने का संकल्प लिया। पीएम मोदी ने भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे के साथ थिम्पू में भारत के सहयोग से निर्मित महिलाओं और बच्चों के लिए एक आधुनिक अस्पताल का उद्घाटन भी किया था।

# होली के रंग में रंगा अमेरिका, न्यूयॉर्क में हजारों लोगों ने मनाया त्योहार, भारतीय पकवानों का लिया आनंद

**न्यूयॉर्क, 27 मार्च (एजेंसियां) ।**

होली का रंग देश ही नहीं दुनिया के कई हिस्सों में देखने को मिला। होली के दिन लोग एक दूसरे पर रंग लगाते हैं और सारे गिले-शिकवे भूलकर एक दूसरे के गले मिलते हैं। हर कोई त्योहार के जश्न में डूबा दिखता है। ऐसा ही कुछ न्यूयॉर्क की साउथ स्ट्रीट सीपोर्ट पर देखने को मिला। यहां सात हजार से अधिक भारतीय और अमेरिकी लोगों ने साथ मिलकर रंगों का त्योहार मनाया।


न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने भारत की सांस्कृतिक और पाक विविधता पर प्रकाश डालते हुए एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) पहल का प्रदर्शन करके जश्न को खास बनाया। साउथ स्ट्रीट सीपोर्ट में उत्साह का माहौल था। यहां लोग एक दूसरे से गले मिले दिखे। वहीं रंगों से एक-दूसरे को सराबोर किया और बॉलीवुड संगीत और ढोल की धुन पर जमकर नृत्य भी किया।



भारत के महावाणिज्य दूतावास ने भारतीय व्यंजनों की भी व्यवस्था कराई थी। सबसे ज्यादा यहा जो पसंद किया जा रहा था वो थी भारतीय मानसून मालाबार कॉफी। हर कोई इस कॉफी का आनंद ले रहा था। इसके अलावा, लोगों ने बाजरा कुकीज और चॉकलेट का मजा लिया। बाइडन ने दी बधाई न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि यहां 7000 से अधिक भारतीयों और अमेरिकियों ने न्यूयॉर्क में साउथ स्ट्रीट सीपोर्ट पर होली मनाई। वहीं राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी होली की शुभकामनाएं दीं। बाइडन ने सोशल मीडिया एक्स पर बधाई संदेश में कहा, दुनिया भर में लाखों लोग गुलाल और जीवंत रंगों के साथ वसंत के आगमन और होली का जश्न मना रहे हैं। जिल बाइडन और मैं हर्षोल्लास के साथ रंगों का त्योहार मनाने वाले सभी लोगों को शुभकामनाएं देते हैं। एंटनी ब्लिंकन ने भी होली की बधाई दी वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने भी होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अमेरिका और दुनिया भर में होली का जश्न मनाने वालों को शुभकामनाएं। रंगों का त्योहार इस मौसम में आपके लिए खुशियां और स्नेह लेकर आए।

# चीन ने की फिदायीन हमले की जांच और दोषियों को सजा की मांग, धमाके में पांच चीनी नागरिकों की गई थी जान

**इस्लामाबाद, 27 मार्च (एजेंसियां) ।**



पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के शांगला में हुए आत्मघाती हमले में पांच चीनी नागरिकों की मौत को लेकर चीन ने गहन जांच की मांग की है। मलकंद के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) का हवाला देते हुए बताया कि एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरे अपने वाहन से चीनी नागरिकों से भरी कार में टक्कर मार दी। दरअसल, इस हमले में मारे गए चीनी नागरिक दासू हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट से जुड़े थे। मृतकों में एक महिला इंजीनियर भी शामिल है। बाशिम पुलिस थाना क्षेत्र के प्रमुख बख्त जहीर ने बताया कि विस्फोटकों से लदा वाहन चीनी इंजीनियरों की बस में सामने से टकराया। वे दासू स्थित अपने शिविर में जा रहे थे, जहां बांध बनाने का काम चल रहा है। चीनी दूतावास ने हमले की जांच और अपराधियों के लिए कड़ी सजा की मांग की है। चीनी दूतावास और वाणिज्य दूतावास ने तुरंत आपातकालीन कार्य शुरू कर दिया है। उन्होंने मांग की है कि पाकिस्तानी हमले की गहन जांच करे, अपराधियों को कड़ी सजा दे और चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए व्यावहारिक और प्रभावी उपाय करे।

### पहले भी हो चुके हैं हमले

वहीं, क्षेत्रीय पुलिस प्रमुख मोहम्मद अली गंडापुर ने बताया कि सीपैक के तहत दासू एक प्रमुख परियोजना है। इस क्षेत्र में पहले भी हमले हो चुके हैं। 2021 में एक बस में हुए विस्फोट में नौ चीनी नागरिकों सहित 13 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी घटना के बाद तुरंत चीनी दूतावास पहुंचे। पाकिस्तान स्थित चीनी दूतावास ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि पाकिस्तान से मांग की है कि हमले की गहन जांच की जाए और दोषियों को कड़ी सजा हो।

### चीन-पाक आर्थिक गलियारे का विरोध

बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ग्वादर पोर्ट व चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपैक) के विरोध में है। बलूचिस्तान एक कबीलाई क्षेत्र था। 1947 में जब पाकिस्तान बना, तो जबरन इस क्षेत्र को पाकिस्तान में शामिल कर लिया गया। तब से लगातार बलोच लोग आजाद होने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। लेकिन, पाकिस्तानी सेना उनका दमन करती रही है। इस दमन के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह के लिए बीएलए का गठन किया गया है।

### पाकिस्तान के नौसेना अड्डे पर हमला, छह मरे

बलूचिस्तान प्रांत में सशस्त्र बलोच लड़ाकों ने एक पाकिस्तानी नौसेना हवाई स्टेशन पर हमला कर दिया। इसके बाद एयर बेस में घुसने की कोशिश की। पाकिस्तान ने हमले को नाकाम करने छह बलोच लड़ाके मारने का दावा किया है। यह हमला तुरबत जिले में हुआ। मकरान के आयुक्त सईद अहमद उमरानी ने कहा कि सैनिकों ने पीएनएस सिद्दीकी नौसेना हवाई अड्डे पर आतंकवादी हमले को नाकाम कर दिया।

# केजरीवाल को नहीं मिली राहत, हाईकोर्ट ने अंतरिम आदेश पारित करने से किया इनकार

**नई दिल्ली, 27 मार्च (एजेंसियां)।** उच्च न्यायालय ने बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को रिहा करने के लिए कोई अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार कर दिया, जिन्हें दिल्ली आबकारी शुल्क नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया गया है। वे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने एजेंसी द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने अंतरिम राहत के लिए दिल्ली के सीएम की याचिका पर भी नोटिस जारी किया लेकिन कोई अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार कर दिया।

अदालत ने ईडी की हिरासत से रिहाई की मांग करने वाली केजरीवाल की अंतरिम याचिका पर जवाब देने के लिए ईडी को दो अप्रैल तक का समय दिया है। अदालत ने मामले की सुनवाई तीन अप्रैल की तारीख तय की है।

यह मामला दिल्ली के लेफ्टिनेंट जनरल वीके सक्सेना द्वारा दायर 2022 की शिकायत में निहित है, जिसमें 2021-22 के लिए दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति के निर्धारण में अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है। शिकायत में आरोप लगाया गया कि आम आदमी पार्टी के नेताओं, जिनमें पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और अन्य अज्ञात और अनाम निजी व्यक्ति/संस्थाएं शामिल हैं, ने उत्पाद शुल्क नीति के निर्माण के चरण में एक आपराधिक साजिश रची थी।

यह आरोप लगाया गया था कि साजिश में नीति में जानबूझकर छोड़ी गई या बनाई गई खामियां शामिल थीं। ये खामियां कथित तौर पर निविदा प्रक्रिया के बाद कुछ शराब लाइसेंसधारियों और साजिशकर्ताओं को फायदा पहुंचाने के लिए थीं।

इस मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी भारत में पहली घटना है जहां एक मौजूदा मुख्यमंत्री को सलाखों के पीछे



डाला गया। इसी मामले में डिप्टी सीएम सिसौदिया और आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह पहले से ही जेल में हैं। 15 मार्च को ईडी ने मामले में भारत राष्ट्र समिति के विधायक और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता को भी गिरफ्तार किया था।

वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने अपनी दलील में कहा था कि आचार संहिता के दौरान एक मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया। यदि आप समान खेल के मैदान को बाधित करने के लिए कुछ करते हैं, तो आप लोकतंत्र के दिल पर चोट करते हैं। सवाल गिरफ़्तारी के समय का है। मेरी प्रार्थना है कि मुझे अभी रिहा कर दें क्योंकि मेरी गिरफ़्तारी की बुनियाद ही गलत है, यही मेरी अंतरिम प्रार्थना है। दिल्ली हाई कोर्ट की जज स्वर्ण कांता शर्मा कहा कि वह मुख्य याचिका पर ईडी को नोटिस जारी करेगी। कोर्ट ने कहा कि अगर केजरीवाल अंतरिम राहत मांग रहे हैं, तो उस पर विचार किया जा सकता है। ईडी की ओर से एसवी राजू ने इसका विरोध किया और कहा कि हम इस पर अपना जवाब देना चाहते हैं, इसके लिए हमें थोड़ा वक्त चाहिए। फैसले में कोर्ट ने ईडी से दो अप्रैल तक जवाब तलब किया है।

## दिल्ली हाईकोर्ट केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई को राजी

**नई दिल्ली, 27 मार्च (एजेंसियां)।** दिल्ली उच्च न्यायालय गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पद से हटाने की मांग वाली जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करेगा। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। दिल्ली निवासी याचिकाकर्ता और सामाजिक कार्यकर्ता सुरजीत सिंह यादव ने दलील दी है कि शराब नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तारी उन्हें सार्वजनिक पद संभालने के लिए अयोग्य बनाती है।

यादव ने तर्क दिया है कि वित्तीय घोटाले में फंसे एक मुख्यमंत्री - जो 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में हैं, उन्हें पद पर बने रहने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि उनका कारावास में होना न केवल कानून की उचित प्रक्रिया में बाधा डालता है, बल्कि राज्य की संवैधानिक मशीनरी को भी कमजोर करता है। याचिकाकर्ता




ने संविधान के अनुच्छेद 163 और 164 का हवाला देते हुए दावा किया है कि एक कैदी केजरीवाल को मुख्यमंत्री के रूप में अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को पूरा करने में अक्षम बनाती है।

याचिका में जेल में बंद मुख्यमंत्री द्वारा जेल से सरकारी कामकाज संचालित करने की व्यावहारिकता के बारे में भी कहा गया है। इसमें सुझाव दिया गया है कि केजरीवाल तक पहुंचने वाली सभी सामग्रियों पर जेल अधिकारियों द्वारा लगाई गई जांच मुख्यमंत्री के रूप में उन्हें दी गई गोपनीयता की शपथ का उल्लंघन करेगी। इसके अलावा, यादव ने तर्क दिया है कि केजरीवाल को अपना पद बरकरार रखने की इजाजत देने से उन्हें उन जांचों को प्रभावित करने की इजाजत मिल जाएगी, जिसमें उन्हें फंसाया गया है और यह आपराधिक न्यायशास्त्र के सिद्धांतों का खंडन करता है। याचिकाकर्ता ने अदालत से आग्रह किया है कि वह क्वो वारंटो की रिट जारी करे, जिससे केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद पर बने रहने के अपने अधिकार को सही ठहराने के लिए मजबूर किया जा सके और आखिरकार उन्हें पद से हटाया जा सके।

## कांग्रेस ने जारी की उम्मीदवारों की आठवीं सूची

### 14 सीटों पर घोषित किए प्रत्याशी



**नई दिल्ली, 27 मार्च (एजेंसियां)।** कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की आठवीं सूची जारी की है। इसमें चार राज्यों की 14 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों के नामों का एलान किया गया है। कांग्रेस ने अपनी आठवीं लिस्ट में चार राज्यों की 14 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों के नामों का एलान किया है। इसमें उत्तर प्रदेश और तेलंगाना की चार लोकसभा सीट, मध्य प्रदेश और झारखंड की तीन-तीन लोकसभा सीटें शामिल हैं।

कांग्रेस ने मध्य प्रदेश में गुना से राव यादवेंद्र सिंह, दामोह से तारवीर सिंह लोधी, विदिशा से प्रताप भानु शर्मा, झारखंड में खुंटी से कालीचरण मुंडा, लोहरदगा से सुखदेव भगत, हजारीबाग सीट से जय प्रकाशभाई पटेल को उम्मीदवार बनाया है। इसके अलावा तेलंगाना में आदिलाबाद से डॉ. सुगुन कुमारी चेलीमला, निजामाबाद से ततीपति जीवन रेड्डी, मेडक से नीलम मधु, भोनगीर से चमला किरण कुमार रेड्डी को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने डॉली शर्मा को गाजियाबाद और शिवराम वाल्मीकि को बुलंदशहर से अपना लोकसभा उम्मीदवार घोषित किया है। इसके अलावा पार्टी ने नकुल दुबे को सीतापुर और वीरेंद्र चौधरी को महाराजगंज से मैदान में उतारा है।

## जल्द बदलेगा टोल टैक्स कलेक्शन सिस्टम, अब सैटेलाइट से कटेगा टोल टैक्स : गडकरी

**नई दिल्ली, 27 मार्च (एजेंसियां)।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सरकार जल्द ही टोल टैक्स कलेक्शन सिस्टम को पूरी तरह से बदलने वाली है। अब टोल प्लाजा पर टैक्स का भुगतान करने की बजाए एक सैटेलाइट आधारित टोल संग्रह प्रणाली लागू होगी। इस नए सिस्टम से हाईवे पर सफर करने वालों को फायदा होगा। क्योंकि उन्हें उतने ही पैसे देने पड़ेंगे जितने किलोमीटर की वे यात्रा करेंगे।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर में मीडिया से बात करते हुए कहा, अब हम टोल खत्म कर रहे हैं और एक सैटेलाइट आधारित टोल संग्रह प्रणाली लागू होगी। आपके बैंक खाते से सीधे पैसा कट जाएगा और आप जितनी सड़क तय करेंगे उसी के अनुसार शुल्क लिया जाएगा। इससे समय और पैसा दोनों की बचत होगी। पहले मुंबई से पुणे जाने में 9 घंटे लगते थे, अब यह घटकर 2 घंटे हो गया है। इसके साथ ही, भारतमाला परियोजना के बारे में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का कहना कि भारतमाला-1 प्रोजेक्ट 34 हजार किलोमीटर की परियोजना है और भारतमाला-2 लगभग 8500 किलोमीटर की है। 2024 के आखिर तक इस देश की तस्वीर पूरी तरह बदल जाएगी। मेरी कोशिश राष्ट्रीय राजमार्ग के सड़क नेटवर्क को अमेरिका के बराबर बनाने का है और मुझे पूरा विश्वास है कि मैं इसमें सफल हो जाऊंगा।

### भाजपा ने जारी की उम्मीदवारों की सातवीं सूची

## अमरावती से नवनीत राणा तो चित्रदुर्ग से गोविंद करजोल को टिकट

**नई दिल्ली, 27 मार्च (एजेंसियां)।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने सातवीं लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में दो उम्मीदवारों के नामों का एलान किया गया है। इसमें महाराष्ट्र की अमरावती सीट से भाजपा ने नवनीत राणा को अपना उम्मीदवार बनाया है। वे वर्तमान में इसी सीट से सांसद हैं। वहीं, कर्नाटक की चित्रदुर्ग सीट से भाजपा ने गोविंद करजोल को अपना उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने जिन दो सीटों पर अपने उम्मीदवारों का एलान किया है, वे सुरक्षित सीटें हैं।




बता दें कि साल 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में चार निर्दलीय जीतकर संसद पहुंचे थे। इनमें से एक नवनीत राणा भी थीं। महाराष्ट्र की अमरावती सीट से निर्दलीय उतरीं नवनीत राणा 36,951 वोटों से चुनाव जीती थीं। गोविंद मुक्तप्पा करजोल अगस्त 2021 से मई 2023 तक कर्नाटक सरकार में प्रमुख और मध्यम सिंचाई, जल संसाधन मंत्री रह चुके हैं। वह मुधोल विधानसभा से पांच बार विधायक रहे हैं। करजोल 2018 से 2019 तक कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के उप नेता भी थे। इसके अलावा वह भाजपा के कर्नाटक प्रदेश उपाध्यक्ष भी हैं।

नवनीत राणा का नाम नवनीत कौर है। शादी के बाद से उन्होंने अपने नाम के आगे राणा जोड़ लिया। जानकारी के मुताबिक, नवनीत कौर और रवि राणी की मुलाकात योग गुरु रामदेव बाबा के आश्रम में हुई थी और इसके बाद उन्होंने साल 2011 में एक सामूहिक विवाह मंडप में रवि राणा से शादी कर ली। सांसद नवनीत का जन्म मुंबई के पंजाबी परिवार में हुआ है और उनके पिता आर्मी में थे। महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल मचाने वाली अमरावती सांसद नवनीत राणा राजनीति में आने से पहले अभिनय की दुनिया में नाम कमा रही थीं। उन्होंने 12 वीं के बाद पढ़ाई छोड़कर मॉडलिंग में अपना करियर शुरू किया था। जानकारी के मुताबिक वह, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ फिल्म में भी काम कर चुकी हैं। कन्नड़ भाषा में बनी फिल्म 'दर्शन' से नवनीत ने अभिनय में अपना डेब्यू किया था। नवनीत राणा ने शादी के बाद ही राजनीति में अपने करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने शादी के तीन साल बाद 2014 में लोक सभा चुना में एनसीपी के टिकट से चुनाव लड़ा था, हालांकि वह जीत नहीं पाईं, लेकिन इसके बाद नवनीत ने साल 2019 के लोकसभा चुनाव में निर्दलीय सीट से चुनाव लड़ा और जीत हासिल कर अमरावती से सांसद बनीं।

## शिवसेना-यूबीटी के उम्मीदवारों के ऐलान पर कांग्रेस की आपत्ति, फैसले पर पुनर्विचार का आग्रह

मुंबई, 27 मार्च (एजेंसियां)। कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई ने भिवंडी, मुंबई दक्षिण-मध्य और सांगली लोकसभा सीट के लिए शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) द्वारा अपने उम्मीदवारों की घोषणा किये जाने पर आपत्ति जताते हुए बुधवार को कहा कि महाविकास आघाडी (एमवीए) के घटक दलों को गठबंधन धर्म का पालन करना चाहिए। महाराष्ट्र में कांग्रेस विधायक दल के नेता बालासाहेब थोराट ने शिवसेना (यूबीटी) से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया। हालांकि, उनकी पार्टी के सहयोगी संजय निरुपम ने अधिक आक्रामक रुख अपनाते हुए उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना को मुंबई की अधिकतर सीटें हथियाने की अनुमति देने के लिए कांग्रेस नेतृत्व पर निशाना साधा।



एमवीए के घटक- कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार)- महाराष्ट्र में 48 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए सीट-बंटवारे पर चर्चा कर रहे हैं। महाराष्ट्र में 19 अप्रैल से पांच चरणों में लोकसभा चुनाव होंगे। सीट बंटवारों को लेकर जारी बातचीत के बीच, शिवसेना (यूबीटी) ने आगामी चुनावों के लिए पूर्वाह्न में 17 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की और कहा कि वह राज्य में कुल 22 सीट पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस विधायक दल के नेता बालासाहेब थोराट ने कहा कि घोषणा सही नहीं है। थोराट ने कहा, सभी को गठबंधन धर्म का पालन करना चाहिए। शिवसेना (यूबीटी) को अपने फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब भी सांगली, भिवंडी और मुंबई दक्षिण-मध्य से चुनाव लड़ने पर अड़ी हुई है। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से गठबंधन धर्म का पालन नहीं किया गया। थोराट ने कहा कि उनकी पार्टी की राज्य इकाई ने केंद्रीय नेतृत्व को घटनाक्रम से अवगत करा दिया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने इस बात पर भी अफसोस जताया कि वंचित बहुजन आघाडी (वीबीए) नेता प्रकाश आम्बेडकर ने उम्मीदवारों की एक अलग सूची की घोषणा की है।

आम्बेडकर ने बुधवार को महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की और एमवीए सहयोगियों पर वंशवाद की राजनीति को बढ़ावा देने के लिए उनके संगठन का इस्तेमाल करने की कोशिश का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, देश में मौजूदा राजनीतिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस ने लोकतंत्र और संविधान में विश्वास करने वाले सभी दलों तक पहुंचने का वास्तविक प्रयास किया।

इस बीच, मुंबई कांग्रेस के पूर्व प्रमुख संजय निरुपम ने मुंबई में शिवसेना (यूबीटी) को अधिकतर सीटें हथियाने की अनुमति देने के लिए अपनी पार्टी के नेतृत्व की आलोचना की। निरुपम ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उनके सामने सभी विकल्प खुले हैं।

उन्होंने कहा, मैं एक हफ्ते तक इंतजार करूंगा और फिर फैसला लूंगा। मुंबई (उत्तर-पश्चिम) संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने के इच्छुक निरुपम ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने पिछले एक पखवाड़े में उनसे कोई संपर्क नहीं किया है। उन्होंने कहा, नेतृत्व को इसकी चिंता नहीं है कि उसके नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ अन्याय हो रहा है। शिवसेना (यूबीटी) हमें झुका रही है और हम ऐसा कर रहे हैं। निरुपम ने मुंबई की छह में से चार सीट पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा करने के लिए शिवसेना (यूबीटी) की आलोचना की। उन्होंने दावा किया, संभावना है कि कल पांचवीं सीट के लिए भी उम्मीदवार की घोषणा कर दी जायेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि मुंबई में कांग्रेस को दफनाने की कोशिश की जा रही है और पार्टी को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा, मैं अपने नेताओं को निर्णय लेने के लिए एक सप्ताह का समय देता हूं।

निरुपम ने दावा किया कि शिवसेना (यूबीटी) ने मुंबई उत्तर-पश्चिम सीट से ऐसे व्यक्ति को टिकट दिया है, जो कोविड-19 महामारी के दौरान एक कथित घोटाले का आरोपी है। उन्होंने पूछा, मैं ऐसे उम्मीदवार के लिए प्रचार नहीं करूंगा।

क्या भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलने वाले कांग्रेस नेतृत्व को इसका एहसास नहीं था। शिवसेना (यूबीटी) ने मुख्यमंत्री (एकनाथ) शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के प्रति निष्ठा रखने वाले पार्टी सांसद गजानन कीर्तिकर के बेटे अमोल कीर्तिकर को मुंबई (उत्तर-पश्चिम) से उम्मीदवार बनाया है। शिवसेना (यूबीटी) द्वारा मुंबई (उत्तर-मध्य) में भी उम्मीदवार घोषित किये जाने की संभावना है, जिसके उपरांत महानगर में कांग्रेस के लिए केवल मुंबई (उत्तर-मध्य) सीट ही बच पाएगी।

## आपा के गोवा प्रमुख समेत अन्य नेताओं को ईडी का समन

**पणजी, 27 मार्च (एजेंसियां)।** दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आपा नेताओं की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद अब प्रवर्तन निदेशालय ने आम आदमी पार्टी (आपा) की गोवा इकाई के अध्यक्ष अमित पालेकर और कुछ अन्य नेताओं को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में समन जारी किया है। केंद्रीय एजेंसी ने इन सभी को 28 मार्च को जांच एजेंसी के गोवा स्थित पणजी कार्यालय में पेश होने को कहा गया है। अमित पालेकर फरवरी 2022 में हुए गोवा विधानसभा चुनाव में आप के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार थे। उन्होंने हाल ही में कहा था कि यह साबित करने के लिए कोई सबूत नहीं है कि राज्य में हवाला के जरिये कोई पैसा भेजा गया था।

## सैनिकों की पारंपरिक तैनाती पर ही चीन के साथ संबंध होंगे सामान्य : जयशंकर

**कुआलालंपुर (मलयेशिया), 27 मार्च (एजेंसियां)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर अपनी बेबाक टिप्पणियों के लिए सुर्खियों में रहते हैं।

पूर्व राजनयिक जयशंकर ने ताजा घटनाक्रम में भारत और चीन के द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने की शर्तों पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि चीन के साथ रिश्ते केवल तभी सामान्य होंगे, जब दोनों देशों के सैनिक अपनी पारंपरिक पोजिशन पर वापस जाएंगे। बुधवार को उन्होंने कहा कि चीन के साथ द्विपक्षीय संबंध केवल उसी स्थिति में सामान्य होंगे जब हम सैनिकों की पारंपरिक तैनाती वाली स्थिति में पहुंच जाएंगे।

विदेश मंत्री ने कहा कि बीजिंग के साथ संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए भी यही शर्त होगी। जयशंकर ने मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में कहा,



'भारतवासियों के प्रति मेरा पहला कर्तव्य सीमा की सुरक्षा करना है। मैं इस पर कभी समझौता नहीं कर सकता।' उन्होंने प्रवासी भारतीयों के साथ बातचीत के दौरान चीन के साथ भारत के संबंधों की वर्तमान स्थिति पर एक सवाल के जवाब में कहा, हर देश अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध चाहता है।

उन्होंने कहा कि हर रिश्ते को किसी न किसी आधार पर स्थापित करना पड़ता है। हम अभी भी चीनियों के साथ बातचीत कर रहे हैं। मैं अपने समकक्ष से बात करता हूं। हम समय-समय पर मिलते रहते हैं। हमारे सैन्य कमांडर एक-दूसरे से बातचीत करते हैं, लेकिन हम बिल्कुल स्पष्ट हैं कि भारत और चीन के बीच एक समझौता था। विदेश मंत्री के मुताबिक, वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सेना न लाने की परंपरा है। हम दोनों सैनिकों के बेस कुछ ही दूरी पर हैं। ये हमारी पारंपरिक तैनाती की जगह है। हम वैसी ही सामान्य स्थिति चाहते हैं।

# आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आपके माता पिता आपकी फिजूलखर्ची को देखकर आज चिंतित हो सकते हैं और इसलिए आपको उनके गुस्से का शिकार भी होना पड़ सकता है। आज आप सामाजिक कार्यों पर ज़्यादा ध्यान देंगे और ज़रूरतमंदों की मदद करने की कोशिश करेंगे। आज आप अपने किसी वादे को पूरा नहीं कर पाएंगे जिसकी वजह से आपका प्रेमी आपसे नाराज हो जाएगा। नए संपर्क बनाने और व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए की गयी यात्रा फलदायी साबित होगी। आज आप सब कामों को छोड़कर उन कामों को करना पसंद करेंगे जिन्हें आप बचपन के दिनों में करना पसंद करते थे।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

अपने धन का संचय कैसे करना है यह हुनर आज आप सीख सकते हैं और इस हुनर को सीख कर आप अपना धन बचा सकते हैं। दिन के उत्तरार्ध में अचानक आई कोई अच्छी ख़बर पूरे परिवार को ख़ुशी देगी। व्यवसाय में किसी धोखेबाज़ी से बचने के लिए अपने आँख–कान खुले रखें। अगर आपके पास हालात से उबरने के लिए दृढ़ इच्छा–शक्ति है, तो कुछ भी असंभव नहीं है। आप अपने जीवनसाथी को समझने में आपसे ग़लती हो सकती है, जिसकी वजह से सारा दिन उदासी में गुज़रेगा।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ङ,छ,के,को,ह**

आज अपने घर के उन सदस्यों से दूर रहना चाहिए जो आपसे पैसा मांगते हैं और फिर लौटाते नहीं हैं। सही समय पर आपकी सहायता किसी को बड़ी परेशानी से बचा सकती है। दफ़्तर में आपको कुछ ऐसा काम मिल सकता है, जिसे आप हमेशा से करना चाहते थे। अगर आप अपने घर से बाहर रहकर अध्ययन या नौकरी करते हैं तो आज के दिन आप खाली समय में अपने घर वालों से बात कर सकते हैं। घर की किसी खबर को सुनकर आप भावुक भी हो सकते हैं। कई लोग साथ तो रहते हैं, लेकिन उनके जीवन में रोमांस नहीं होता। लेकिन यह दिन आपके लिए बेहद रोमानी होने वाला है।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

जो लोग शादीशुदा हैं उन्हें आज अपने बच्चों की पढ़ाई पर अच्छा खासा धन खर्च करना पड़ सकता है। आप अनुभव करेंगे कि आपका जीवन अधिक अर्थपूर्ण हो रहा है। अपनी दीवानगी को क़ाबू में रखें, नहीं तो यह आपके प्रेम–संबंध को मुश्किल में डाल सकती है। कार्यक्षेत्र में बेहतर काम करने के लिए अपनी क्षमताओं को मांजने की कोशिश करें। अगर आप किसी विवाद में उलझ जाएँ तो तल्ख़ टिप्पणी करने से बचिए। पड़ोसियों का दख़ल शादीशुदा ज़िन्दगी में दिक़्क़त पैदा करने की कोशिश कर सकता है, लेकिन आप व आपके जीवनसाथी के बीच का बंधन बहुत मज़बूत है और इसे तोड़ना आसान नहीं है।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

परिवार के किसी सदस्य के बीमार पड़ने की वजह से आपको आर्थिक परेशानी आ सकती है, हालांकि इस वक्त आपको धन से ज्यादा उनकी सेहत की चिंता करनी चाहिए। घर में तालमेल बनाए रखने के लिए साथ में मिलकर काम करें। हालाँकि प्यार में निराशा हाथ लग सकती है किसी भी तरह की साझीदारी करने से पहले उसके बारे में अपनी अंदरूनी भावना की बात ज़रूर सुनें। आज आपको ढेरों दिलचस्प निमंत्रण मिलेंगे– साथ ही आपको एक आकस्मिक उपहार भी मिल सकता है। जीवनसाथी के साथ एक आरामदायक दिन बीतेगा।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

आपके द्वारा धन को बचाने के प्रयास आज असफल हो सकते हैं हालांकि आपको इससे घबराने की जरुरत नहीं है स्थिति जल्द ही सुधरेगी। अपने जीवन–साथी के साथ बेहतर समझ ज़िन्दगी में ख़ुशी, सुकून और समृद्धि लाएगी। आज कार्यक्षेत्र में अचानक आपके काम की छानबीन हो सकती है। ऐसे में अगर आपने कोई गलती की होगी तो आपको इसका भुगतान करना पड़ सकता है। इस राशि के कारोबारी आज अपने कारोबार को नई दिशा देने के बारे में विचार कर सकते हैं। जीवन साथी की किसी बात को गंभीरता से न लेने की स्थिति में विवाद हो सकता है।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

आज आप अपना धन धार्मिक कार्यों में लगा सकते हैं जिससे आपको मानसिक शांति मिलने की पूरी संभावना है। पारिवारिक सदस्यों से मतभेद ख़त्म कर आप अपने उद्देश्यों की पूर्ति आसानी से कर सकते हैं। आप क़ामयाबी ज़रूर हासिल करेंगे – बस एक–एक करके महत्वपूर्ण क़दम उठाने की ज़रूरत है। आपके पास समय तो होगा लेकिन बावजूद इसके भी आप कुछ ऐसा नहीं कर पाएंगे जो आपको संतुष्टि दे। कोई रिश्तेदार अचानक आपके घर आ सकता है, जिसके चलते आपकी योजनाएँ गड़बड़ा सकती हैं।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

शाम के समय थोड़ा आराम कीजिए। कोई बड़ी योजनाओं और विचारों के ज़रिए आपका ध्यान आकर्षित कर सकता है। किसी भी तरह का निवेश करने से पहले उस व्यक्ति के बारे में भली–भांति जाँच–पड़ताल कर लें। पारिवारिक मोर्चे पर समस्याएँ मुँह बाए खड़ी हैं। पारिवारिक ज़िम्मेदारियों की अनदेखी आपको सबकी नाराज़गी की केंद्र बना सकती है। आज किसी ऐसे इंसान से मिलने की संभावना है जो आपके दिल को गहराई से छूएगा। लेकिन आप अकेले तो होंगे लेकिन शांत नहीं आपके दिल में आज के दिन कई चिंताएं हैं होंगी।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आप घूमने–फिरने और पैसे ख़र्च करने के मूड में होंगे– लेकिन अगर आपने ऐसा किया तो बाद में आपको पछताना पड़ सकता है। दिन चढ़ने पर किसी पुराने दोस्त से सुखद मुलाक़ात होगी। आज आपकी कलात्मक और रचनात्मक क्षमता को काफ़ी सराहना मिलेगी और इसके चलते अचानक लाभ मिलने की संभावना भी है। आज काफ़ी दिमाग़ी कसरत मुमकिन है। आपमें से कुछ शतरंज खेल सकते हैं, वर्ग–पहेली हल कर सकते हैं, कोई कविता–कहानी लिख सकते हैं या भविष्य की योजनाओं पर गहराई से सोच सकते हैं। किसी पड़ोसी, दोस्त या रिश्तेदार की वजह से वैवाहिक जीवन में अनबन मुमकिन है।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आज आप उम्मीदों की जादुई दुनिया में हैं। आपके द्वारा धन को बचाने के प्रयास आज असफल हो सकते हैं हालांकि आपको इससे घबराने की जरुरत नहीं है स्थिति जल्द ही सुधरेगी। परिवार के सदस्य सहयोगी होंगे, लेकिन उनकी काफ़ी सारी मांगें होंगी। आज आपकी कलात्मक और रचनात्मक क्षमता को काफ़ी सराहना मिलेगी और इसके चलते अचानक लाभ मिलने की संभावना भी है। आज खाली वक़्त किसी बेकार के काम में खराब हो सकता है। ज़िन्दगी बहुत ख़ूबसूरत नज़र आएगी, क्योंकि आपके जीवनसाथी ने आपके लिए कुछ ख़ास योजना बनाई है।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

नौकरी पेशा से जुड़े लोगों को आज धन की बहुत आवश्यकता पड़ेगी लेकिन बीते दिनों में किये गये फिजुलखर्च के कारण उनके पास पर्याप्त धन नहीं होगा। किसी दूर के रिश्तेदार के यहाँ से मिली आकस्मिक अच्छी ख़बर आपके पूरे परिवार के लिए ख़ुशी के लम्हे लाएगी। आपके बॉस किसी भी बहाने में दिलचस्पी नहीं ज़ाहिर करेंगे– इसलिए निगाहों में बने रहने के लिए अपना काम अच्छी तरह से करें। आपको महसूस होगा कि आपका जीवनसाथी इससे बेहतर पहले कभी नहीं हुआ।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

धार्मिक और आध्यात्मिक रुचि के काम करने के लिए अच्छा दिन है। लम्बे अरसे को मद्देनज़र रखते हुए निवेश करें। आपको चिंतामुक्त होकर अपने क़रीबी दोस्तों और परिवार के बीच ख़ुशी के लम्हे तलाशने की ज़रूरत है। प्यार का भरपूर लुत्फ़ मिल सकता है। जो कला और रंगमंच आदि से जुड़े हैं, उन्हें आज अपना कौशल दिखाने के लिए कई नए मौक़े मिलेंगे। वक्त की नाजाकत को समझते हुए आज आप सब लोगों से दूरी बनाकर एकांत में वक्त बिताना पसंद करेंगे। ऐसा करना आपके लिए हितकर भी होगा। आज से पहले शादीशुदा ज़िन्दगी इतनी अच्छी कभी नहीं रही।

## गुरुवार का पंचांग

दिनांक : 28 मार्च 2024 , गुरुवार
विक्रम संवत : 2080
मास : चैत्र , कृष्ण पक्ष
तिथि : तृतीया रात्रि 06:59 तक
नक्षत्र : स्वाति रात्रि 06:38 तक
योग : हर्षण रात्रि 11:11 तक
करण : विष्टि रात्रि 06:59 तक
चन्द्रराशि : तुला
सूर्योदय : 06:13 , सूर्यास्त 06:28 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:18 , सूर्यास्त 06:31 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:10 , सूर्यास्त 06:23 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:05 , सूर्यास्त 06:19 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

शुभ : 06:00 से 07:30
चल : 10:30 से 12:00
लाभ : 12:00 से 01:30
राहुकाल : दोपहर 01:30 से 03:00
शुभ : 04:30 से 06:00
दिशाशूल : दक्षिण दिशा
उपाय : तिल्ली खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : संकष्ट चतुर्थी व्रत चन्द्रोदय रात्रि 09:01 , भद्रा रात्रि


* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *



पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, तेलंगाना.9246159232,
Chidamber011@gmail.com


**लोकसभा चुनाव 2024**

# मुख्य सचिव ने 5 पड़ोसी राज्यों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की समीक्षा बैठक



**जयपुर, 27 मार्च (एजेंसियां)।** राजस्थान के मुख्य सचिव सुधांश पंत ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के 5 पड़ोसी राज्यों पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश एवं गुजरात के मुख्य सचिवों, पुलिस महानिदेशकों और प्रमुख सचिव (गृह) की बैठक को संबोधित किया।

बैठक में लोकसभा आम चुनाव–2024 को देखते हुए कानून–व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों के संबंध में चर्चा की।मुख्य सचिव ने कहा कि लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित कराने के लिए राजस्थान सहित सभी पड़ोसी राज्यों को समन्वय बनाकर संवेदनशीलता और सतर्कता बरतनी होगी। उन्होंने कहा कि अवैध नकदी, अवैध शराब आदि के प्रवाह को रोकने के लिए अंतरराज्यीय सीमाओं पर दोतरफा निगरानी बढ़ाई जानी चाहिए।

पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए प्रदेशभर में पुलिस द्वारा प्रभावी रूप में निषेधात्मक कार्रवाई की जा रही है। संवेद–नशील क्षेत्रों की पहचान कर, कानून व्यवस्था की स्थिति का आकलन कर जिलेवार केन्द्रीय पुलिस बलों का आवंटन कर दिया गया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था विशाल बंसल ने शराब और ड्रग्स के अवैध परिवहन एवं गैर जमानती भगौड़े अपराधियों सहित अन्य लंबित अंतरराज्यीय प्रकरणों के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने अंतरराज्यीय चैक पोस्टों पर निगरानी बढ़ाने का भी आग्रह किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि वीसी में निर्वाचन के दौरान धन–बल, अवैध शराब और मादक पदार्थों को रोकने के लिए प्रभावी कार्य–योजना बनाकर कार्य करने, बॉर्डर एरिया चेक पॉइन्ट्स पर सघन जाँच, सभी एजेंसियां को समन्वय से कार्य करने और आयोग के सभी निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए गए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान प्रदेश में कानून–व्यवस्था को प्रभावित कर सकने वाले मुद्दों की सूची बनाकर पुलिस एवं प्रवर्तन एजेंसियों को चाक–चौबंद कर दिया गया है। इसके लिए पुलिस और आबकारी विभाग की राजस्थान के 223 चेक पॉइन्ट्स एवं पड़ोसी राज्यों के 174 चेक पॉइन्ट्स पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जरूरी मामलों में सीआरपीसी, एनडीपीएस, एनएसए, राजपासा आदि में मामले दर्ज कर कानूनी कार्यवाही भी की जा रही है। चुनाव की घोषणा होने के बाद से ही असलाह की जब्ती का कार्य भी किया जा रहा है। आवश्यकता पड़ने पर पड़ोसी राज्यों से होमगार्ड की उपलब्धता मांग के अनुसार सुनिश्चित करने के संबंध में समन्वय किया जा रहा है। राजस्थान के साथ–साथ पड़ोसी राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्रों में सूखा दिवस को प्रभावी रूप से लागू करने, एवं मतदान दिवस पर सवैतनिक अवकाश घोषित करने पर भी चर्चा की गयी।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन में मतदाताओं को प्रलोभन देने या किसी भी अन्य प्रकार से प्रभावित करने की आशंका को समाप्त करने के लिए अवैध नकदी, अवैध शराब, मादक पदार्थ, सोना–चांदी सहित बहुमूल्य धातुओं और फ्रीबीज के अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है और रिकार्ड जब्ती की गई है।गुप्ता ने कहा कि अंतरराज्यीय सीमाओं पर सभी पुलिस चेकपोस्ट, आबकारी चेकपोस्ट और वन नाकों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य की सीमाओं पर जहां अंतरराज्यीय आवागमन अधिक है, वहां फर्जी मतदान की आशंका को रोकने के लिए आगमन बिन्दुओं को सील करने के निर्देश दे दिए गए हैं।बैठक में मुख्य सचिव राजस्थान ने पांचो राज्यों के मुख्य सचिव एवं डीजीपी द्वारा दिए जा रहे सहयोग के लिए धन्यवाद दिया एवं इन राज्यों में चुनावों के दौरान राजस्थान से पूर्ण सहयोग देने को लेकर आश्वस्त किया।

# जिला अस्पताल में सरकार द्वारा भुगतान नहीं होने के कारण सीटी स्कैन की सुविधा बंद, मरीज परेशान




**दौसा, 27 मार्च (एजेंसियां)।** जिला अस्पताल में सीटी स्कैन की सुविधा बंद हो गई है। वजह सरकार द्वारा लाखों रुपए का भुगतान नहीं करना है। जिला अस्पताल में पीपीपी मोड पर सीटी स्कैन मशीन संचालित है। कई साल से मरीजों को इसकी सुविधा मिल रही है। जहां मरीजों की निशुल्क सीटी स्कैन हो जाती है। लेकिन अब सीटी स्कैन मशीन बंद होने से बाजार में मरीजों को अधिक राशि देनी पड़ रही है। जिला अस्पताल में पीपीपी मोड पर उदयपुर की फर्म कल्पना नर्सिंग होम प्रा. लि. द्वारा सीटी स्कैन का कार्य किया जा रहा है। इसका भुगतान सरकार द्वारा निशुल्क दवा योजना के तहत किया जा रहा है लेकिन अब करीब 1 साल से 81 लाख 21 हजार 685 रुपए का भुगतान नहीं हो पाया है।

कल्पना नर्सिंग होम के संचालक डॉक्टर सुनिल चुघ ने बताया कि अस्पताल के पीएमओ से लेकर चिकित्सा विभाग के प्रिंसीपल सेक्रेटरी तक पत्र लिख दिया गया है। लेकिन अभी तक भुगतान नहीं हो रहा है। ऐसे में इसे संचालित करना मुश्किल हो गया है। मजबूरन सीटी स्कैन मशीन को बंद करना पड़ा है। 29 फरवरी को भी बकाया राशि के भुगतान के लिए लिखा था। जिसमें 5 मार्च से मुफ्त सेवा को बंद करने की बात कही गयी थी। बार बार रिमाइंडर भेजने के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी। आखिरी बार 22 मार्च तक भुगतान नही कराने पर सुविधाओं को बंद करने की चेतावनी दी थी।

# जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 16 एवं जयपुर ग्रामीण के लिए 17 प्रत्याशियों ने किये नामांकन



**जयपुर, 27 मार्च (एजेंसियां)।** लोकसभा चुनाव–2024 के तहत जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 16 प्रत्याशियों ने 24 नामांकन एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 17 प्रत्याशियों ने 24 नामांकन दाखिल किये हैं।नामांकन के अंतिम दिन जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 6 प्रत्याशियों ने 13 नामांकन दाखिल किये। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रत्याशी प्रताप सिंह खाचरियावास एवं भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी मंजू शर्मा ने 4–4 नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये।

वहीं, बहुजन समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राजेश, राष्ट्रीय सनातन पार्टी के प्रत्याशी नरेन्द्र, इंडियन पिपुल्स ग्रीन पार्टी के उम्मीदवार प्रताप कुमार दुचानिया एवं हरिकिशन तिवारी ने भीम ट्राइबल कांग्रेस के प्रत्याशी के तौर पर अपना नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया। वहीं, योगेश शर्मा ने बतौर निर्दलीय प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल किया।

जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामांकन के अंतिम दिन 12 प्रत्याशियों ने 19 नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राव राजेन्द्र सिंह एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रत्याशी अनील चोपड़ा ने 4–4 नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये।

वहीं, बहुजन समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हनुमान सहाय, राजस्थान राज पार्टी के प्रत्याशी दुलीचंद सैनी, भीम ट्राइबल कांग्रेस के प्रत्याशी हरिकिशन तिवारी एवं रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के प्रत्याशी अजय भट्ट ने अपना नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया।

वहीं, डॉ. ओम सिंह मीणा, कहन्वी बोहरा, प्रेम मीणा, डॉ. रामरूप मीणा, राम सिंह कसाना, नेहा सिंह गुर्जर एवं देवहंस ने बतौर निर्दलीय प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल किया।

लोकसभा चुनाव 2024 के तहत 28 मार्च को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा होगी, 30 मार्च तक नामांकन वापस लिये जा सकेंगे।

**लोकसभा चुनाव–2024 :**

# सामान्य एवं पुलिस पर्यवेक्षकों से आमजन कर सकते हैं संपर्क

**जयपुर, 27 मार्च (एजेंसियां)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 2 सामान्य पर्यवेक्षक एवं एक पुलिस पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है।जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव–2024 के संबंध में आमजन अपनी परिवेदना के लिए पर्यवेक्षकों से प्रातः 10 से 11 बजे तक सर्किट हाउस के कमरा संख्या 208 में व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर एवं मोबाइल नंबर पर संपर्क स्थापित कर सकते हैं।जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की सामान्य पर्यवेक्षक कामिनी चौहान रत्न से मोबाइल नंबर 9461560301 पर संपर्क किया जा सकता है। वहीं, जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य पर्यवेक्षक दिलराज सिंह से मोबाइल पर संपर्क साधा जा सकता है। वहीं, जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के पुलिस पर्यवेक्षक नवनीत सिकेरा से मोबाइल पर भी संपर्क साधा जा सकता है।

**पुलिस ने किया विद्युत लाइन के तार चोरी करने वाली गैंग का भंडाफोड़**

# 3 क्विंटल विद्युत तार जब्त, तीन गिरफ्तार



**चूरू, 27 मार्च (एजेंसियां)।** चूरू जिले में भानीपुरा थाना पुलिस की टीम ने 400 केवी विद्युत लाइन से तार चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनके पास मिली बोलोरो पिकअप से पुलिस ने चुराए गए तीन क्विंटल तार जप्त किए हैं। जिसकी कीमत करीब 12 लाख रुपए है।

एसपी जय यादव ने बताया कि 7 मार्च को गंगानगर निवासी इंजीनियरिंग सुपरवाइजर ऑफिस सहायक अभियंता टीएनसी हनुमानगढ़ संदीप सिंह ने रामदेव नायक निवासी रायपुरा के विरुद्ध थाना भानीपुरा पर सूरतगढ़ बबई लाइन के 400 केवी डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन के तार चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसकी तफ्तीश एसए–चओ राय सिंह द्वारा शुरू की गई।

जिले में वांछित अभियुक्तों की धरपकड के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र दादरवाल व सीओ अनिल कुमार माहेश्वरी के सुपरविजन में चलाए जा रहे अभियान के दौरान एसएचओ राय सिंह द्वारा विद्युत तार चोरी में वांछित मुलजिमों के ठिकानों पर दबिश देकर गिरफ्तारी के काफी प्रयास किए गए। बुधवार को टीम ने नाकाबंदी के दौरान चोरी के तार पिकअप में डालकर बेचने के लिए जा रहे गिरोह के तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपी रामदेव नायक पुत्र केशराराम (38), भूराराम नायक पुत्र मंगतू राम (30) एवं अनिल नायक पुत्र दीपा राम (22) थाना भानीपुरा क्षेत्र के रायपुरा निवासी हैं। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके पास से मिली बोलेरो पिकअप से 400 केवी विद्युत लाइन के तीन क्विंटल तार जप्त किए गए। पुलिस आरोपियों से अग्रिम अनुसंधान कर रही है।

# दो देसी पिस्तौल के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



**पानीपत, 27 मार्च (एजेंसियां)।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने चौटाला रोड पर दो अवैध देसी पिस्तौल सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान नवाब उर्फ बंगाली निवासी कदमगाची उत्तर दिनाजपुर पश्चिम बंगाल हाल सेक्टर 25 के रूप में हुई। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि उनकी टीम मंगलवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान सिवाह बस अड्डा पर मौजूद थी। टीम को तभी गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक उझा गांव की और से पैदल सिवाह बस अड्डा की तरफ आ रहा है। युवक के पास अवैध हथियार होने की संभावना है। सूचना को पुख्ता मानते हुए पुलिस टीम ने चौटाला रोड पर पावर हाउस के पास नाकाबंदी कर संदिग्धों की चेकिंग शुरू कर दी। कुछ देर पश्चात उझा गांव की और से एक युवक पैदल आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर एकदम से वापिस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस टीम ने कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान नवाब उर्फ बंगाली पुत्र जाफर अली निवासी कदमगाची उत्तर दिनाजपुर पश्चिम बंगाल हाल सेक्टर 25 के रूप में बताई।

# वैवाहिक परिचय सम्मेलन 7 अप्रैल को करनाल में : राजकुमार गोयल



**चंडीगढ़, 27 मार्च (एजेंसियां)।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार गोयल ने बताया कि आगामी 7 अप्रैल को श्री रामलीला भवन करनाल में राज्य स्तरीय अग्रवाल परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस परिचय सम्मेलन में पूरे हरियाणा से सैकड़ों की तादाद में विवाह योग्य प्रत्याशी भाग लेंगे और अपने जीवन साथी का चयन करेंगे। परिचय सम्मेलन को लेकर पूरे हरियाणा में 100 से ज्यादा स्थानों पर पंजीकरण केन्द्र बनाये गए हैं।

गोयल ने कहा कि अग्रवाल युवा संगठन द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह 24वां वैवाहिक परिचय सम्मेलन है। आज तक हुए 23 परिचय सम्मेलनों के माध्यम से सैकड़ों रिश्ते हो चुके है। गोयल ने कहा कि इस प्रकार के परिचय सम्मेलनों से समाज में एकता और भाईचारा तो स्थापित होता ही है वहीं साथ ही दो परिवारों का प्रत्यक्ष मिलन भी होता है। इन परिचय सम्मेलनों के माध्यम से प्रत्याशी खुलकर एक दूसरे से मिलते हैं और एक दूसरे की भावनाओं को समझने का प्रयास करते हैं इसलिए इस प्रकार के परिचय सम्मेलन सार्थक साबित हो रहे है।

गोयल ने कहा कि अपनी विवाह योग्य संतानों के लिए उचित जीवन साथी का चयन करने का यह सुनहरा अवसर है इसलिए विवाह योग्य प्रत्याशियों को इस सम्मेलन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए। गोयल ने कहा कि परिचय सम्मेलन आज के समय की जरूरत बन कर रह गया है। इस प्रकार के परिचय सम्मेलनों से जहां मनपसंद रिश्ता मिलने में आसानी हो जाती है वहीं दहेज प्रथा जैसी बीमारी को रोकने में भी ये परिचय सम्मेलन सहायक साबित हो रहे हैं।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने वीडियो कांफ्रेंस कर दिए जरूरी निर्देश

**पानीपत, 27 मार्च (एजेंसियां)।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने बुधवार को प्रदेश के सभी उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बातचीत कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

वीडियों कांफ्रेंस के बाद उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि चुनाव आयोग की ओर से जो भी दिशानिर्देश प्राप्त होते हैं उनके फौरी तौर पर जवाब दिए जाएं।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि जिला चुनाव प्रबंधन योजना का विस्तृत ब्यौरा सभी एआरओ को उपलब्ध करवाया जाए। विभिन्न बूथों पर सेल्फी प्वाईंट भी स्थापित किए जाएं। सीविजल ऐप पर आने वाली शिकायतों का तय समय में समाधान किया जाए।

उन्होंने बताया कि लोकसभा प्रत्याशी को अपना बैंक का खाता जीरो बैलेंस से अलग खुलवाना होगा।

# भूपिंदर हुड्डा ने सैलजा और सुरजेवाला को कहा मैं चुनाव लड़ना नहीं चाहता, आप लड़ो : अनिल विज

**अंबाला, 27 मार्च (एजेंसियां)।** हरियाणा के पूर्व गृहमंत्री अनिल विज ने कहा है कि कांग्रेस नेता पहले चुनाव के लिए पहले कहा करते थे, मैं लडूंगा, मैं लडूंगा अब कांग्रेस की डूबती नैया को देखते हुए कहते हैं तू लड़, तू लड़। इसलिए आज भूपिंदर सिंह हुड्डा ने कुमारी सैलजा और रणदीप सुरजेवाला को कहा है कि मैं चुनाव लड़ना नहीं चाहता, आप लड़ो।

विज बुधवार को मीडिया कर्मियों के सवालों को जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहाकि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सैलजा व रणदीप सुरजेवाला को लोकसभा चुनाव लड़ने की सलाह दी है और खुद न लड़ने की इच्छा जताई है।

पूर्व गृहमंत्री ने कहा कि जिस पार्टी में ये कहा जाता था कि मैं लडूंगा चुनाव अब उसमें कहा जा रहा है कि तू लड़ चुनाव, इससे पता लगता है कि कांग्रेकी नैया डूब रही है और ये नेता कितना भयभीत है। कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना रनौत पर की टिप्पणी को लेकर विज ने कहा कि सुप्रिया श्रीनेत कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता ने भाजपा की मंडी (हिमाचल प्रदेश) से प्रत्याशी कंगना रनौत पर भद्दी टिप्पणी करना कोई नई बात नहीं है क्योंकि यह तो कांग्रेस की संस्कृति ही है। कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने 1998 में प्रकाशित अपनी पुस्तक द इनसाइडर के पेज 767 पर भी इस प्रकार का जिक्र किया था।

कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के एक मंत्री ने एक




ब्यान मे कहा है कि मोदी मोदी का नारा लगाने वालो को थप्पड़ मारो, इस पर भड़कते हुए विज ने कहाकि जब आदमी बदहवास हो जाता है, हौसला खो देता है,डूबने लगता है, तब वो इसी तरह से बातें करता है। विज ने कहाकि इनको शर्म आनी चाहिए और कांग्रेस के बड़े नेताओ को इस पर संज्ञान लेना चाहिए।

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक ब्यान में कहा है कि कांग्रेस युवाओं का भविष्य बनाना चाहती है और भाजपा युवाओं को भटकाना चाहती है, इस पर तंज कसते हुए विज ने कहा कि जिसका अपना भविष्य न बना हो और वो दुसरो के भविष्य बनाने की बात करता है। ये तो हास्यपद लगता है वो पहले अपना भविष्य देख ले।



# बैंक-बीमा में देर से पॉलिसी सरेंडर करने पर मिलेगा ज्यादा मूल्य, इरडा ने अधिसूचित किए नियम

**नई दिल्ली,27 मार्च (एजेंसियां) ।**

पॉलिसीधारक जितनी देर से अपनी जीवन बीमा पॉलिसी सरेंडर करेंगे, उन्हें उतना ही ज्यादा मूल्य मिलेगा। इसके लिए भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने विभिन्न नियमों को अधिसूचित किया है। इसमें बीमा पॉलिसी वापस या सरेंडर करने से जुड़ा शुल्क भी शामिल है। बीमा कंपनियों को ऐसे शुल्कों का खुलासा पहले ही करना होता है। ये नियम एक अप्रैल, 2024 से प्रभाव में आएंगे। इरडा (बीमा उत्पाद) विनियमन-2024 के तहत छह नियमों को एक एकीकृत ढांचे में मिलाया गया है। इसका मकसद बीमा कंपनियों को उभरती बाजार मांग के अनुसार तेजी से कदम उठाने में सक्षम बनाना, कारोबार सुगमता बेहतर करना व बीमा को बढ़ावा देना है।

**ऐसे समझें** - नए नियम के तहत अगर पॉलिसी खरीद के तीन साल के भीतर लौटाई या वापस की जाती है, तो सरेंडर मूल्य समान या उससे भी कम रह सकता है। पॉलिसी को चौथे से सातवें वर्ष तक वापस करने पर सरेंडर मूल्य में मामूली वृद्धि हो सकती है। सरेंडर मूल्य का मतलब बीमा कंपनियों के पॉलिसीधारक को परिपक्वता तिथि से पहले पॉलिसी समाप्त करने पर भुगतान की गई राशि से है। अगर पॉलिसीधारक पॉलिसी अवधि के बीच सरेंडर करता है तो उसे कमाई और बचत हिस्से का भुगतान किया जाता है।

**34 की जगह छह नियम, दो नए** - इरडा ने कहा, यह नियामकीय व्यवस्था में महत्वपूर्ण कदम है। इसमें 34 नियमों को छह नियमों के साथ बदला गया है। साथ ही, नियामकीय परिदृश्य में स्पष्टता को लेकर दो नए नियम लाए गए हैं। बीमा नियामक ने कहा, नएनियम का मकसद पॉलिसी वापसी पर गारंटीशुदा मूल्य और विशेष वापसी मूल्य से जुड़े नियमों को मजबूत करना है। इसमें यह भी सुनिश्चित किया गया है कि बीमाकर्ता प्रभावी निगरानी और उचित जांच-परख के लिए ठोस गतिविधियां अपनाए।

इरडा ने 19 मार्च को हुई बैठक में बीमा क्षेत्र के लिए नियामकीय ढांचे की व्यापक समीक्षा के बाद आठ सिद्धांत आधारित एकीकृत नियमों को मंजूरी दी।

## इंडिगो अंतरराष्ट्रीय और घरेलू मार्गों पर अपनी सेवाएं दोगुनी करेगी, एयरलाइन के सीईओ ने कही यह बात




**नई दिल्ली ।** इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा है कि उनका लक्ष्य नए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों के साथ 2030 तक कंपनी की सेवाओं का आकार दोगुना करना है। घरेलू बाजार में 60 फीसदी से कुछ अधिक हिस्सेदारी के साथ भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन ए321 एक्सएलआर विमान खरीदने पर भी बड़ा दांव लगा रही है। यह विमान 2025 में कंपनी के बेड़े का हिस्सा बन सकती है। एल्बर्स ने वैश्विक स्तर पर अपनी स्थिति को मजबूत करने और उसका विस्तार करने की कोशिश करते हुए साक्षात्कार में कहा कि इंडिगो के लिए अगली बड़ी छलांग दशक के अंत तक अपने आकार को दोगुना करने की होगी। अप्रैल 2024 से शुरू होने वाले अगले वित्तीय वर्ष के लिए, इंडिगो प्रमुख ने कहा कि सीट क्षमता को दोहरे अंक में ले जाना है और हर हफ्ते एक विमान आ रहा है। आपूर्ति श्रृंखला के साथ-साथ प्रैट एंड व्हिटनी इंजन संकट के बीच, एल्बर्स ने यह भी जोर दिया कि एयरलाइन बहुत सारे उपाय कर रही है जो कि कारगर साबित हो रहे हैं। 17 साल पुराना इंडिगो एयरलाइन 88 घरेलू और 33 अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए उड़ान भरता है। इसके पास 360 से अधिक विमानों का बेड़ा है। वर्तमान में, इंडिगो के पास तुर्की एयरवेज, ब्रिटिश एयरवेज, कतर एयरवेज, अमेरिकन एयरलाइन, केएलएम-एयरफ्रांस, क्वांटास, जेटस्टार और वर्जिन अटलांटिक के साथ कोडशेयर हैं। कोडशेयरिंग एक एयरलाइन को अपने यात्रियों को अपने साझेदार एयरलाइनों पर बुक करने और विभिन्न गंतव्यों के लिए सहज यात्रा सुविधा प्रदान करने की अनुमति देता है।

## 2023-24 के अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में सीएडी घटकर 10.5 अरब डॉलर, आरबीआई के जारी आकंड़ों में क्या खास



**नई दिल्ली ।** वित्त वर्ष 2023-24 की अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में देश का चालू खाते का घाटा घटकर 10.5 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 1.2 प्रतिशत रहा है। आरबीआई द्वारा जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इससे पिछली जुलाई-सितंबर तिमाही में यह 11.4 अरब डॉलर और एक साल पहले 2022-23 की अक्तूबर-दिसंबर में 16.8 अरब डॉलर था। विदेशी मुद्रा भंडार में हुई बढ़ोतरी वहीं प्रत्यक्ष विदेशी निवेश(एफडीआई) अप्रैल-दिसंबर 2023 में 8.5 अरब डॉलर रहा था। एक साल पहले 2022-23 की इसी अवधि में यह 21.6 अरब डॉलर था। विदेशी मुद्रा भंडार में चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में छह अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में 11.1 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई थी। वस्तु व्यापार घाटा में मामूली बढ़ोतरी वस्तु व्यापार घाटा वित्त वर्ष 2023-23 की तीसरी तिमाही के दौरान 71.6 अरब डॉलर रहा, जो 2022-23 की इसी तिमाही में 71.3 अरब डॉलर से थोड़ा ज्यादा है। वित्तीय खाते के स्तर पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में 4.2 अरब डॉलर का शुद्ध प्रवाह हुआ। यह 2022-23 की तीसरी तिमाही के दो अरब डॉलर के शुद्ध प्रवाह का दोगुने से भी अधिक है।

## सोने में तेजी, चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली ।** घरेलू बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में बदलाव हुआ है। सोने की कीमतों में तेजी



आई है जबकि चांदी के दाम गिरे हैं। वहीं वायदा कीमतों में भी बढ़त रही। चांदी के वायदा भाव नीचे आये हैं। चांदी के वायदा भाव 74,450 रुपये के करीब कामकाज कर रहे थे। सोना 61,150 रुपये के करीब कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। जबकि सोने के वायदा भाव में भी बढ़त रही। सोने के वायदा भाव आज तेजी के साथ खुले। वहीं मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्सा) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल अनुबंध आज 85 रुपये की बढ़त के साथ ही 66,198 रुपये पर खुला। सोने का वायदा भाव गत सप्ताह 66,943 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव के शीर्ष स्तर पर पहुंचा था। दूसरी ओर चांदी के वायदा भाव की शुरूआत भी गिरावट के साथ हुई। एमसीएक्सा पर चांदी का बेंचमार्क मई अनुबंध 31 रुपये टूटकर 74,487 रुपये के भाव पर खुला। इस समय ये इतने 74,493 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 74,400 रुपये प्रति किलो के भाव पर दिन के निचले स्तर पर था।

# 6.8 फीसदी की रफ्तार से बढ़ेगी अर्थव्यवस्था, एसएंडपी ने 2024-25 के लिए बढ़ाया भारत का विकास दर अनुमान

**नई दिल्ली,27 मार्च (एजेंसियां) ।**

भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत बुनियाद और उसकी तेज रफ्तार को देखते हुए दुनियाभर की बड़ी रेटिंग एजेंसियां भारत की जीडीपी वृद्धि के अनुमान को बढ़ा रही हैं। इसी कड़ी में अमेरिकी रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल ने भी अगले वित्त वर्ष यानी 2024-25 के लिए भारत के विकास दर अनुमान को 0.4 फीसदी बढ़ाकर 6.8 फीसदी कर दिया है। एजेंसी ने पिछले साल नवंबर में मजबूत घरेलू गतिविधियों के बीच 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.4 फीसदी की रफ्तार से बढ़ने का अनुमान जताया था।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से 2023-24 में आर्थिक वृद्धि दर उम्मीद से बेहतर 7.6 फीसदी रहने का अनुमान लगाए जाने के बाद एसएंडपी ने 2024-25 के लिए विकास दर में बढ़ोतरी की है। रेटिंग एजेंसी ने जारी रिपोर्ट में कहा, एशिया की उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए हम आमतौर पर मजबूत वृद्धि का अनुमान लगाते हैं। इनमें भारत, इंडोनेशिया, फिलीपीन और वियतनाम सबसे आगे हैं।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसी अर्थव्यवस्थाएं बड़े पैमाने पर घरेलू मांग पर आधारित हैं। इन देशों में घरेलू खर्च करने की क्षमता पर उच्च ब्याज दरों और महंगाई का प्रभाव देखने को मिला है, जिसने दूसरी छमाही में जीडीपी की वृद्धि को कम किया है। फिर भी, उम्मीद है कि 2024-25 में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.8 फीसदी हो जाएगी।

### महंगाई...4.5 फीसदी पर आने की उम्मीद

महंगाई के मोर्चे पर अमेरिकी एजेंसी ने कहा, खुदरा मुद्रास्फीति के 2024-25 में घटकर औसतन 4.5 फीसदी पर आने की उम्मीद है। वहीं, गैर-खाद्य उपभोक्ता महंगाई करीब 250 आधार अंक घट गई है। खाद्य महंगाई चालू वित्त वर्ष के शुरुआती 10 महीने में 40 आधार अंक बढ़ी है। इन उतार-चढ़ाव के बावजूद मुख्य महंगाई चालू वित्त वर्ष में घटकर 5.5 फीसदी रह जाएगी, जो 22-23 में 6.7 फीसदी रही थी।

### रेपो दर...75 आधार अंक तक कटौती संभव

एसएंडपी ने कहा, उच्च ब्याज दरों की वजह से




अगले वित्त वर्ष में घरेलू मांग प्रभावित होगी। घरेलू मांग में गिरावट न आए, इसलिए आरबीआई 2024-25 के दौरान रेपो दर में 75 आधार अंक तक की कटौती कर सकता है। यह कटौती बड़े पैमाने पर इस साल की दूसरी छमाही में होने की उम्मीद है। नरम महंगाई, कम राजकोषीय घाटा व अमेरिका में कम ब्याज दरें आरबीआई के लिए दरों में कटौती शुरू करने का आधार बनाएंगी।

### वित्तीय क्षेत्र को मजबूत व पारदर्शी बना रहे आरबीआई के सख्त कदम

एसएंडपी का कहना है कि वित्तीय क्षेत्र में संचालन व्यवस्था और पारदर्शिता में सुधार के लिए आरबीआई गंभीर प्रतिबद्धता दिखा रहा है। उसके उपाय बैंकों को अधिक मजबूत और पारदर्शी बना रहे हैं। केंद्रीय बैंक की ओर से हाल में किए गए ये उपाय वित्तीय संस्थानों के अति उत्साह को कम करेंगे। नियमों के अनुपालन की संस्कृति को बढ़ाएंगे और ग्राहकों के हितों की रक्षा करेंगे।

एसएंडपी ग्लोबल में क्रेडिट विश्लेषक गीता चुघ ने कहा, आरबीआई नियमों का अनुपालन नहीं होने, ग्राहक शिकायतों, आंकड़ों की गोपनीयता, कामकाज, केवाईसी और मनी-लॉन्ड्रिंग निरोधक मुद्दों को लेकर ज्यादा सख्त है। केंद्रीय बैंक ने सार्वजनिक रूप से उन प्रमुख मुद्दों का खुलासा करने का निर्णय लिया है, जो संबंधित संस्थाओं के खिलाफ निलंबन या अन्य सख्त कार्रवाई का कारण बनते हैं। वह उन गतिविधियों की निंदा करने में भी अधिक मुखर हो गया है, जो ग्राहकों और निवेशकों के हितों के लिए नुकसानदायक हैं।

### ये उपाय किए गए

आईआईएफएल फाइनेंस लि. को गोल्ड लोन और जेएम फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स लि. को शेयरों के बदले कर्ज देने से रोकना।

पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) पर नए ग्राहक जोड़ने पर प्रतिबंध लगाना।

बार-बार तकनीकी गड़बड़ी के बाद दिसंबर, 2020 में एचडीएफसी बैंक पर नए क्रेडिट कार्ड जारी करने पर पाबंदी।

ये कदम नियमों के उल्लंघनों को लेकर लगाए जाने वाले नाममात्र के वित्तीय जुर्माने से अलग हैं।

### चिंता...सख्ती से बढ़ सकती है पूंजी लागत

चुघ ने कहा, आरबीआई ने वित्तीय क्षेत्र को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता को दिखाया है। हालांकि, इन नियामकीय उपायों को लेकर जोखिम भी है। इससे वृद्धि बाधित हो सकती है और वित्तीय संस्थानों के लिए पूंजी की लागत बढ़ सकती है।

# पांच लाख टन रबी प्याज खरीदेगी केंद्र सरकार, उपभोक्ता मामलों के सचिव ने बताई इसकी वजह



**नई दिल्ली,27 मार्च ।**

प्याज निर्यात प्रतिबंध के मद्देनजर मंडी की कीमतों में संभावित गिरावट की चिंता के बीच केंद्र ने किसानों को आश्वासन दिया कि वह अगले 2-3 दिनों में पांच लाख टन प्याज की खरीद शुरू करेगी। पिछले हफ्ते वाणिज्य मंत्रालय ने प्याज निर्यात पर प्रतिबंध अगले आदेश तक बढ़ा दिया था। प्याज शिपमेंट पर रोक 31 मार्च तक वैध थी। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा कि हम किसानों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि उनकी चिंता का ध्यान रखा जाएगा। हम बफर स्टॉक बनाए रखने के लिए अगले 2-3 दिनों में 5 लाख टन रबी (सर्दियों) की फसल की खरीद शुरू करेंगे।

### किसानों के हितों की रक्षा हम करेंगे- रोहित कुमार

पत्रकारों से बातचीत करते हुए उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने कहा कि प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध से व्यापारियों पर असर पड़ रहा है, न कि किसानों पर क्योंकि महाराष्ट्र में औसत मंडी (थोक) कीमतें वर्तमान में लगभग 13-15 रुपये प्रति किलोग्राम हैं, जो पिछले वर्ष के स्तर से लगभग दोगुनी है। उन्होंने कहा, भले ही कीमतें गिरें, हम किसानों के हितों की रक्षा करेंगे। सचिव ने कहा कि सरकार आम तौर पर मौजूदा बाजार दर पर बफर स्टॉक के लिए प्याज खरीदती है। हालांकि, यदि दरें उत्पादन लागत से नीचे आती हैं, तो सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि उनकी लागत कम से कम कवर हो।

### औसत खुदरा कीमतें वर्तमान में 33 रुपये प्रति किलोग्राम- रोहित

2023-24 में सरकार ने बफर स्टॉक के लिए 17 रुपये प्रति किलोग्राम की औसत दर पर 6.4 लाख टन प्याज (रबी और खरीफ दोनों फसलें) खरीदा था। उन्होंने कहा कि लगभग पूरी मात्रा का निपटान कर दिया गया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय की अधिकारी निधि खरे ने कहा कि पिछले साल प्याज की खरीद जून में की गई थी, लेकिन इस साल यह अगले दो दिनों में जल्दी शुरू होने जा रही है। खुदरा कीमतों पर रबी प्याज उत्पादन में संभावित गिरावट के प्रभाव के बारे में सचिव ने कहा कि देश में औसत खुदरा कीमतें वर्तमान में 33 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर हैं।

# बाल्टीमोर ब्रिज हादसे से भारत में कोयला संकट गहरा सकता है, जानकारों ने जताई आशंका

**नई दिल्ली,27 मार्च (एजेंसियां) ।**

अमेरिका के बाल्टीमोर में फ्रांसिस स्कॉट पुल के ढहने की गूंज पूरे भारतीय कोयला और पेटकोक बाजारों में सुनाई दे रही है। इससे आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और मूल्यों पर असर पड़ने की चिंता पैदा हो गई है। एसएंडपी ग्लोबल कमोडिटी इनसाइट्स के अनुसार, एक जहाज की टक्कर से कोयला निर्यात के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बाल्टीमोर हार्बर के माध्यम से परिचालन स्थगित हो गया है।

अमेरिकी थर्मल कोयले का एक प्रमुख आयातक भारत पुल ढहने के बाद अपनी आपूर्ति श्रृंखला में चुनौतियों का सामना कर रहा है। अमेरिका स्थित एक व्यापारी के अनुसार, इस घटना से आर्क कोल के शिपमेंट के प्रतिबंधित होने और भारतीय आयातकों के लिए रसद बाधाएं पैदा होने की उम्मीद है।

एक ब्रोकर ने एसएंडपी को बताया, यह घटना आर्क कोल से एनएपीपी शिपमेंट को प्रतिबंधित करेगी और भारत के लिए आपूर्ति श्रृंखला में कई समस्याएं पैदा करेगी। यूरोप में थर्मल कोयले पर इसका असर पड़ेगा। भारत पर इसका बड़ा प्रभाव पड़ेगा। पेटकोक की कीमतों में उछाल देखकर ऐसा लग रहा है! हालांकि, भारतीय



बाजार के कारोबारियों की मूल्य निर्धारण पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में मिश्रित राय है। एक भारतीय व्यापारी ने कहा, अधिकारियों को यह आकलन करने में 6-7 दिन लगेंगे कि घटना से कितना मलबा है और कितना ड्राफ्ट जमा है। क्योंकि अगर ड्राफ्ट कम है तो यह समस्या हो सकती है। अधिकारियों को मलबा हटाने में 10-15 दिन लग सकते हैं, इसलिए इसका मतलब है कि इस अवधि के दौरान जहाजों की आवाजाही नहीं होगी। बाल्टीमोर बंदरगाह, अमेरिकी थर्मल कोयला निर्यात के लिए एक प्रमुख लोडिंग स्थान है। यह भारत की ऊर्जा मांगों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# देश भर में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव हुआ

**नई दिल्ली,27 मार्च ।**

घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव हुआ है। कुछ राज्यों में पेट्रोल-डीजल महंगा हुआ। महाराष्ट्र में पेट्रोल की कीमत में 24 पैसे की बढ़त रही जिसके बाद यहां पेट्रोल 104.37 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है जबकि डीजल के दाम 23 पैसे बढ़े हैं और यह 90.89 रुपये प्रति लीटर हो गया है।




वहीं, बिहार में पेट्रोल 19 पैसे बढ़कर 107.31 रुपये प्रति लीटर हो गया है जबकि डीजल 18 पैसे बढ़कर 94.02 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है। इसके अलावा आंध्रप्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, गोवा, हरियाणा, हिमाचल, ओडिशा, पुडुचेरी, राजस्थान,तेलंगाना और यूपी में भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी की गई है। वहीं, गुजरात, झारखंड, केरल, मध्यप्रदेश, मणिपुर, तामिलनाडु और त्रिपुरा में पेट्रोल-डीजल की कीमतें घटी हैं।

प्रदेश के नोएडा में पेट्रोल 94.81 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.94 रुपये प्रति लीटर, गुरुग्राम: पेट्रोल 95.18 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.03 रुपये प्रति लीटर पर हैं। बेंगलुरु में पेट्रोल 99.82 रुपये प्रति लीटर और डीजल 85.92 रुपये प्रति लीटर, चंडीगढ़: पेट्रोल 94.22 रुपये प्रति लीटर और डीजल 82.38 रुपये प्रति लीटर। हैदराबाद: पेट्रोल 107.39 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.63 रुपये प्रति लीटर, जयपुर: पेट्रोल 104.86 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.34 रुपये प्रति लीटर पर है। पटना में पेट्रोल 105.16 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.03 रुपये प्रति लीटर, लखनऊ: पेट्रोल 94.63 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.74 रुपये प्रति लीटर पर है। चारों महानगरों की बात करें तो दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 94.76 रुपये और डीजल 87.66 रुपये प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 104.19 रुपये और डीजल 92.13 रुपये प्रति लीटर है। वहींकोलकाता में पेट्रोल की कीमत 103.93 रुपये और डीजल 90.74 रुपये प्रति लीटर है। वहीं. चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.73 रुपये और डीजल 92.32 रुपये प्रति लीटर है।

# आर्थिक वृद्धि से जुड़े हाइप पर विश्वास करना बड़ी भूल, पूर्व आरबीआई गवर्नर ने दी ये चेतावनी

**नई दिल्ली,27 मार्च (एजेंसियां) ।**

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा है कि भारत अपनी मजबूत आर्थिक वृद्धि को लेकर हाइप पर विश्वास करके बड़ी भूल कर रहा है क्योंकि महत्वपूर्ण संरचनात्मक खामियां हैं जिन्हें ठीक करने की जरूरत है। राजन ने एक साक्षात्कार में कहा कि नई सरकार के लिए चुनावों के बाद जो सबसे बड़ी चुनौती होगी वह है कार्यबल की शिक्षा और कौशल में सुधार करना।

उन्होंने कहा, एक ऐसे भारत में जहां 1.4 बिलियन आबादी में से आधे से अधिक 30 वर्ष से कम आयु के हैं। कार्यबल की शिक्षा और कौशल को ठीक किए बिना, देश को अपनी युवा आबादी का लाभ उठाने में संघर्ष करना पड़ेगा।

### आर्थिक प्रचार पर विश्वास करना देश के लिए सबसे बड़ी गलती होगी: राजन

उन्होंने कहा, प्रचार पर विश्वास करना देश के लिए सबसे बड़ी गलती होगी। प्रचार वास्तविक हो यह सुनिश्चित करने के लिए हमें कई और वर्षों की कड़ी मेहनत करनी है। पूर्व आरबीआई गवर्नर ने कहा कि कुछ राजनेता चाहते हैं कि आप प्रचार पर विश्वास करें लेकिन भारत के लिए इस विश्वास के आगे झुकना एक गंभीर गलती होगी। भारत को



2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षा को खारिज करते हुए राजन ने कहा कि इस लक्ष्य की बात करना बकवास है। ऐसे में जबकि आपके कई बच्चों के पास हाई स्कूल की शिक्षा नहीं है और ड्रॉप-आउट दर अधिक है। राजन बोले- बढ़ता हुआ कार्यबल तभी लाभप्रद जब वे अच्छी नौकरियों में कार्यरत हों राजन ने कहा, हमारे पास एक बढ़ता हुआ कार्यबल है, लेकिन वह केवल तभी लाभप्रद हो सकता है जब वे अच्छी नौकरियों में कार्यरत हों। उन्होंने कहा कि सबसे पहले भारत को अपने श्रमबल को रोजगार के काबिल बनाने की जरूरत है, और दूसरा अपने कार्यबल के लिए रोजगार पैदा करना है। राजन ने उन अध्ययनों का हवाला दिया जो दिखाते हैं कि महामारी के बाद भारतीय स्कूली बच्चों की सीखने की क्षमता में 2012 से पहले के स्तर तक गिरावट आई है और ग्रेड तीन के केवल 20.5 प्रतिशत छात्र ही ग्रेड दो का पाठ पढ़ सकते हैं। भारत में साक्षरता दर वियतनाम जैसे अन्य एशियाई साथियों से भी नीचे है। भारत को 8 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर हासिल करने के लिए और काम करने की जरूरत उन्होंने कहा, यह उस तरह की संख्या है जिससे हमें चिंतित होना चाहिए। मानव पूंजी की कमी दशकों तक हमारे साथ रहेगी। राजन ने अर्थव्यवस्था की संभावनाओं के बारे में हाल में जताई गई उम्मीदों पर आशंका जताते हुए कहा कि भारत को 8 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर हासिल करने के लिए और काम करने की जरूरत है। विदेशी निवेशक तेजी से विस्तार का लाभ उठाने के लिए भारत आ रहे हैं, जो सरकार का अनुमान है कि आने वाले वित्तीय वर्ष में 7 प्रतिशत से अधिक तक पहुंच जाएगा, जिससे यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन जाएगी। राजन ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के लिए वार्षिक बजट की तुलना में चिप विनिर्माण के लिए सब्सिडी पर अधिक खर्च करने का नीतिगत विकल्प गुमराह करने वाला है। भारत में परिचालन स्थापित करने के लिए सेमीकंडक्टर व्यवसायों को अनुमानित रूप से 760 अरब रुपये (9.1 बिलियन डॉलर) सब्सिडी के रूप में दिया जाना है ।

## लग्जरी मकानों की बिक्री में 51 फीसदी इजाफा, 2023 में 4,319 करोड़ रुपये तक पहुंचा था मूल्य

**नई दिल्ली ।** मजबूत मांग के कारण 2023 में 50 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत के लग्जरी मकानों की बिक्री मूल्य के हिसाब से 51 फीसदी बढ़कर 4,319 करोड़ रुपये पहुंच गई। इस दौरान कम-से-कम 45 लग्जरी मकान बिके। 2022 में इस मूल्य वर्ग में 2,859 करोड़ रुपये कम-से-कम 29 मकान बिके थे। रियल एस्टेट सलाहकार जेएलएल इंडिया के मुताबिक, 2023 में बिके लग्जरी मकानों में बंगला और अपार्टमेंट दोनों शामिल हैं। इसमें प्राथमिक बाजार और पुनर्बिक्री (रीसेल) लेनदेन भी शामिल हैं। इसमें कोई उपहार और संयुक्त उद्यम लेनदेन शामिल नहीं हैं। 14 मकान 100 करोड़ रुपये से ज्यादा के जेएलएल इंडिया के मुख्य अर्थशास्त्री सामंतक दास ने कहा, 2023 में बिके 45 लग्जरी मकानों में से 14 घर 100 करोड़ और उससे अधिक कीमत के थे। इनमें से अधिकतर 79 फीसदी मुंबई में बेचे गए।

संपादकीय

# दृढ़ संकल्प की जरूरत

**रूस** की राजधानी मास्को में एक बड़े समारोह स्थल पर आतंकी हमलावरों ने अंधाधुंध गोलीबारी करके 113 लोगों को मार डाला और बाद में तम्बू में आग लगाकर अपनी राक्षसी व्रूरता का परिचय दिया। रूस की पुलिस एवं सुरक्षा एजेंसियों ने जिन 11 लोगों को पकड़ा है उनमें 4 लोग तो ऐसे हैं जो सीधे-सीधे इस हमले से जुड़े हैं। आईएस ने भी इस हमले की जिम्मेदारी अपनी समाचार एजेंसी अमाक के माध्यम से दी है। इसलिए अब इस बात में तो कोई संदेह नहीं रह गया है कि हमलावर कौन थे। असल में रूस ने सीरिया में खुलकर वहां के राष्ट्रपति असद का साथ दिया था और आईएस को तबाह करने में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आईएस आतंकियों को रूस की इसी हरकत से शिकायत थी। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को आईएस के इस हमले की पूर्व जानकारी थी और उन्होंने शत्रुता को भूलकर रूसी खुफिया एजेंसी को इस हमले के बारे में सूचना भी दी थी। अमेरिकी खुफिया सूचना के आधार पर रूस की सुरक्षा एजेंसियां आईएस के माडूल को पकड़ नहीं सकी किन्तु हमले के बाद पुलिस की सविरायता के कारण आतंकी पकड़े जा रहे हैं। रूस में यह आतंकी हमला दशकों बाद हुआ है। पहले भी रूस आतंकियों का निशाना बना है। इसके पहले जिस वीभत्स हमले की चर्चा होती है, वह भी एक सिनेमा हाल में आतंकियों द्वारा दर्शकों को बंधक बनाने के बाद हुआ था। रूस सुरक्षा एजेंसियों में आतंकियों के प्रति शून्य प्रातिशत नरमी बरतने का संकेत हमेशा देता रहा है और सिनेमा हाल में भी रूसी एजेंसियों ने घेर कर आतंकियों को मारा। इस आपरेशन में वुछ दर्शक भी मारे गए और इसी को पुतिन कहते हैं कि जब आतंकियों से लड़कर जान बचानी है तो अपने वुछ नागरिकों की जान जानी भी स्वाभाविक है। बहरहाल आईएस की घटनाएं फिर एक बार सामने आई है। इस तरह की घटनाएं प्रांस में भी होती रही हैं। इस्लामिक कट्टरता से लड़ना किसी एक देश का दायित्व नहीं है। इसके खिलाफ सभी को एकजुट होना पड़ेगा। दुर्भाग्य से अपने गठन से लेकर अभी तक संयुक्त राष्ट्र संघ आतंकियों की परिभाषा तक नहीं तय कर पाया है। यही कारण है कि जो एक के लिए आतंकी होते हैं वही दूसरों के लिए स्वतंत्रता सेनानी। समय एक दिन उनका भी हिसाब करेगा जो आज इस घटना को मात्र रूस की मान रहे हैं। भारत के खिलाफ सविराय आतंकियों को जब भी अंतर्राष्ट्रीय संस्था द्वारा आतंकी घोषित किया जाता है तो चीन अपना वीटो लगाकर उन्हें बचा लेता है। अंतर्राष्ट्रीय आतंकियों के प्रति संबंध रखने वालों को एक बार फिर इस बात को सोचना पड़ेगा कि चीन जैसा जिम्मेदार देश अपने संकीर्ण स्वार्थ के लिए अंतर्राष्ट्रीय विघटनकारी प्रावृत्ति का साथ क्यों दे रहे हैं। चीन सहित सभी देशों में इस बात के लिए चर्चा होनी चाहिए कि आतंकियों को वूटनीतिक, आर्थिक और उनकी सुरक्षा के लिए जो भी देश सामने आएं उनके खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए। आईएस तो रक्तबीज है। इसके खत्म होने पर दूसरे आतंकी भी सामने आ जाएंगे। इसलिए जरूरत है, विश्व समुदाय असय और जलील आतंकियों के खिलाफ दृढ़ संकल्प हों।

आतंकी हमलावरों ने अंधाधुंध गोलीबारी करके 113 लोगों को मार डाला और बाद में तम्बू में आग लगाकर अपनी राक्षसी व्रूरता का परिचय दिया। रूस की पुलिस एवं सुरक्षा एजेंसियों ने जिन 11 लोगों को पकड़ा है उनमें 4 लोग तो ऐसे हैं जो सीधे-सीधे इस हमले से जुड़े हैं। आईएस ने भी इस हमले की जिम्मेदारी अपनी समाचार एजेंसी अमाक के माध्यम से दी है। इसलिए अब इस बात में तो कोई संदेह नहीं रह गया है कि हमलावर कौन थे। असल में रूस ने सीरिया में खुलकर वहां के राष्ट्रपति असद का साथ दिया था और आईएस को तबाह करने में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आईएस आतंकियों को रूस की इसी हरकत से शिकायत थी। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को आईएस के इस हमले की पूर्व जानकारी थी और उन्होंने शत्रुता को भूलकर रूसी खुफिया एजेंसी को इस हमले के बारे में सूचना भी दी थी। अमेरिकी खुफिया सूचना के आधार पर रूस की सुरक्षा एजेंसियां आईएस के माडूल को पकड़ नहीं सकी किन्तु हमले के बाद पुलिस की सविरायता के कारण आतंकी पकड़े जा रहे हैं। रूस में यह आतंकी हमला दशकों बाद हुआ है। पहले भी रूस आतंकियों का निशाना बना है। इसके पहले जिस वीभत्स हमले की चर्चा होती है, वह भी एक सिनेमा हाल में आतंकियों द्वारा दर्शकों को बंधक बनाने के बाद हुआ था। रूस सुरक्षा एजेंसियों में आतंकियों के प्रति शून्य प्रातिशत नरमी बरतने का संकेत हमेशा देता रहा है और सिनेमा हाल में भी रूसी एजेंसियों ने घेर कर आतंकियों को मारा।

## भारत के पुनरुत्थान के गौरवशाली अध्याय के प्रारम्भ का संकेत माना जा सकता है

# श्री अयोध्या धाम में नवनिर्मित प्रभु श्रीराम मंदिर ने भारतीय समाज को एक किया है

**प्रहलाद सबनानी**

भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से लिखा जाएगा क्योंकि इस दिन श्री अयोध्या धाम में प्रभु श्रीरामलला के विग्रहों की एक भव्य मंदिर में समारोह पूर्वक प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई थी। इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पूरे देश से धार्मिक, राजनैतिक एवं सामाजिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र के शीर्ष नेतृत्व तथा समस्त मत, पंथ, सम्प्रदाय के पूजनीय संत महात्माओं की गरिमामय उपस्थिति रही थी।

**22** जनवरी 2024 का दिन भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से लिखा जाएगा क्योंकि इस दिन श्री अयोध्या धाम में प्रभु श्रीरामलला के विग्रहों की एक भव्य मंदिर में समारोह पूर्वक प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई थी। इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पूरे देश से धार्मिक, राजनैतिक एवं सामाजिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र के शीर्ष नेतृत्व तथा समस्त मत, पंथ, सम्प्रदाय के पूजनीय संत महात्माओं की गरिमामय उपस्थिति रही थी। इससे निश्चित ही यह आभास हुआ है कि प्रभु श्रीराम मंदिर ने भारत में समस्त समाज को एक कर दिया है। यह भारत के पुनरुत्थान के गौरवशाली अध्याय के प्रारम्भ का संकेत माना जा सकता है। सामान्यतः किसी भी भवन का ढांचा नीचे से ऊपर की ओर जाता दिखाई देता है परंतु प्रभु श्रीराम मंदिर के बारे में यह कहा जा रहा है कि प्रभु श्रीराम का यह मंदिर जैसे ऊपर से बनकर आया है और पृथ्वी पर स्थापित कर दिया गया है। इस भव्य मंदिर को त्रिभुवन का मंदिर भी कहा जा रहा है। तमिलनाडु के एक बड़े अधिकारी, जो कला के जानकार हैं, का तो यह भी कहना है कि इस प्रकार की नक्काशी से सज्जित मंदिर शायद पिछले 1000 वर्षों में तो बनता हुआ नहीं दिखाई दिया है। इस मंदिर में प्रभु श्रीराम के विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा के समय लगभग समस्त समाज के लोग पूजा सम्पन्न कराने के उद्देश्य से बिठाए गए थे। पूजा सम्पन्न कराने के लिए माननीय पंडितों को देश के लगभग समस्त राज्यों से लाया गया था। देश में लगभग 150 संत महात्माओं की परम्पराएं हैं जैसे गुरु परम्परा, दार्शनिक परम्परा आदि। ऐसी समस्त परम्पराओं के संत महात्माओं की भागीदारी प्राण प्रतिष्ठा समारोह में रही। साथ ही, सामाजिक जीवन के कई क्षेत्रों के प्रमुख नागरिकों की भी इस समारोह में भागीदारी रही, जैसे खेल, साहित्य, लेख, कला, मीडिया, प्रशासन, आदि। कुल 18 श्रेणियों के नागरिकों को इस समारोह में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया गया था। जिन लगभग 4000 श्रमिकों ने इस मंदिर के निर्माण में अपना योगदान दिया था उनमें से 600 श्रमिकों, इंजीनीयरों एवं सुपर्वायजर आदि की भी इस कार्यक्रम में भागीदारी करवाई गई। 22 जनवरी 2024 के पवित्र दिन श्रीअयोध्या धाम के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 60 चार्टर हवाई जहाज आए थे।



कुल मिलाकर व्यवस्थाएं इतनी अच्छी थीं कि किसी भी नागरिक को श्री अयोध्या धाम में प्रवेश करने में किसी भी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं हुई थी। मंदिर परिसर में भी समस्त नागरिकों को अपनत्व लगा था। ऐसा लगा कि स्वर्ग में पहुंच गए हैं एवं मंदिर परिसर में दैवीय अनुभूति हुई। आज भारत एवं अन्य देशों से लगभग 2 लाख श्रद्धालु प्रभु श्रीरामलला के दर्शन हेतु श्री अयोध्या धाम प्रतिदिन पहुंच रहे हैं। दिनांक 15 से 17 मार्च 2024 को नागपुर में सम्पन्न हुई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में प्रभु श्रीराम मंदिर के निर्माण पर एक प्रस्ताव पास किया गया है। इस प्रस्ताव में यह कहा गया है कि भारत में सम्पूर्ण समाज हिंदुत्व के भाव से ओतप्रोत होकर अपने "स्व" को जानने तथा उसके आधार पर जीने के लिए तत्पर हो रहा है। अब जब प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हो चुका है अतः अब भारत के समस्त नागरिकों के संदर्भ में अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा का यह सुविचरित मत है कि सम्पूर्ण समाज अपने जीवन में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को प्रतिष्ठित करने का संकल्प ले, इससे राम मंदिर के पुनर्निर्माण का उद्देश्य सार्थक होगा। प्रभु श्रीराम के जीवन में परिलक्षित त्याग, प्रेम, न्याय, शौर्य, सद्भाव एवं निष्पक्षता आदि धर्म के शाश्वत मूल्यों को आज समाज में पुनः प्रतिष्ठित करना आवश्यक है। सभी प्रकार के परस्पर वैमनस्य और भेदों को समाप्त कर समरसता से युक्त पुरुषार्थी समाज का निर्माण करना ही प्रभु श्रीराम की वास्तविक आराधना होगी। इसी दृष्टि से, अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा समस्त भारतीयों का आह्वान करती है कि बंधुत्व भाव से युक्त, कर्तव्य निष्ठ, मूल्य आधारित और सामाजिक न्याय की सुनिश्चितता करने वाले समर्थ भारत का निर्माण करें, जिसके आधार पर वह एक सर्व कल्याणकारी वैश्विक व्यवस्था का निर्माण करने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन कर सकेगा। यदि भारतीय समाज एक होगा तो भारत को पुनः एक बार विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित करने में आसानी होगी। श्री अयोध्या धाम में नव निर्मित प्रभु श्रीराम मंदिर ने न केवल भारतीय समाज को एक किया है बल्कि इससे भारत की आर्थिक प्रगति में चार चांद लग रहे हैं। देश में धार्मिक पर्यटन की जैसे बाढ़ ही आ गई है। न केवल भारतीय नागरिक बल्कि अन्य देशों में रह रहे भारतीय मूल के लोग भी प्रभु श्री राम के दर्शन करने हेतु श्री अयोध्या धाम पहुंच रहे हैं। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के लाखों नए अवसर विकसित हो रहे हैं। भारतीय समाज में एकरसता आने से भारत में मनाए जाने वाले विभिन्न त्यौहारों को भी बहुत ही उत्साह के साथ मनाया जा रहा है जिससे आपस में भाईचारा बढ़ता दिखाई दे रहा है। यदि मां भारती को विश्व गुरु बनाना है तो भारत में निवास कर रहे समस्त नागरिकों में एकजुटता स्थापित करनी ही होगी। भारत में मजबूत राजनैतिक स्थिति, मजबूत लोकतंत्र, मजबूत सामाजिक स्थिति, मजबूत सांस्कृतिक धरोहर होने के चलते विश्व के अन्य देशों का भारतीय सनातन संस्कृति पर विश्वास बढ़ रहा है जिसे भारत के वैश्विक स्तर पर पुनरुत्थान के रूप में देखा जा सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के परम पूज्य सर संघचालक मोहन भागवत जी भी अपने एक उदबोधन में कहते हैं कि राम राज्य के सामान्य नागरिकों का जो वर्णन शास्त्रों में मिलता है, उसी का आचरण आज हमें करना चाहिए क्योंकि हम भी इस गौरवमय भारतवर्ष की संताने हैं। आज हमें राम राज्य के समय नागरिकों द्वारा किए जाने वाले आचरण को अपनाने हेतु तप करना पड़ेगा, हमको समस्त प्रकार के कलह को विदाई देनी पड़ेगी। समाज में आपस में अलग अलग मत हो सकते हैं, छोटे छोटे विवाद हो सकते हैं, इन्हें लेकर आपस में लड़ाई करने की आदत छोड़ देनी पड़ेगी। राम राज्य के समय नागरिकों में अहंकार नहीं हुआ करता था वे बगैर अहंकार के आपस में मिलजुलकर काम करते थे।

दृष्टि कोण

# इलेक्ट्रोरल बॉण्ड मामले में हेरापेरी की आशंका

**इलेक्ट्रोरल** बॉण्ड मामले में हेरापेरी की आशंका पिछले दिनों माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने इलेक्ट्रोरल बॉण्ड के माध्यम से देश की सभी बड़ी राजनीतिक परटियों को गुप्त चंदा देने और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा इन बाँडों के सहारे जो पैसा मिला है उसकी सही जानकारी न देने के कारण सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाईं है वह दुर्भाग्य पूर्ण है। दरअसल इस समय ऐसा शब्द बन गया है जिसकी चर्चा हर ओर हो रही हैं क्योंकि देश के अधिकांश दलों को इन बॉण्डो के माध्यम से मिलने वाले चंदे को सार्वजनिक कराने के लिए देश की सर्वोच्च अदालत को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया पर टिप्पड़ी करने और अवश्यक निर्देश देना पड़ा। और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए डेटा शेयर किया जिसे चुनाव आयोग ने 14 मार्च को सार्वजनिक किया पर इस डेटा मे कईं कमिया थी और अधूरा था और इस डेटा मे पारर्दशिता न होने के कारण तरह तरह के प्रश्न खड़े किये जा रहे है। इस सेट मे आधी अधूरी जानकारी देने से बवाल मच गया था क्योकि इसमें हर बॉण्ड का यूनिक कोड नही दिया गया था, जिससे बॉण्ड खरीदने वाले और उसे वैश कराने वाली पाटा का मिलान कराया जा सके। इसके अलावा इसमें 12 अप्रैल 2019 से पहले खरीदे गए बाँड्स की जानकारी नही दी गयी थी जबकि इस अवधि मे खरीदे गए बॉण्डो की कीमत 4000 करोड़ रुपए से अधिक थी और इलेक्ट्रोरल बॉण्ड खरीदने और इसके माध्यम से राजनीतिक दलों को चंदा देने का धंधा वर्ष 2017 से ही शुरू हो गया था जबकि जिस यूनिक कोड को पहले दिये गये सेट मे छिपाया गया था उस यूनिक कोड से यह पता चल जाता कि डोनर और चंदा लेने वाली पाटा के बीच संबंध क्या है और किस तरह से इन कम्पनियो को राजनीतिक दलों द्वारा पेवर किया गया है। चुनाव आयोग द्वारा इलेक्ट्रोरल बाँड्स का दूसरा डेटा 17 मार्च को शेयर किया गया और इलेक्ट्रोरल बाँड्स से संबंधित मामले की सुनवाईं कर रही पीठ के प्रमुख मुख्य न्यायाधीश डी वाईं चन्द्रचुड़ ने ये डेटा एक साथ न शेयर करने पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को भी फटकार लगाईं, पर चुनाव आयोग की वेब साइट पर यह डेटा पूरी तरह अपलोड होने पर यह सार्वजनिक हो गया कि इलेक्ट्रोरल बॉण्ड के जरिये किस वंपनी ने किस राजनीतिक दल को कितना पैसा दिया और यह भी सही है कि इन इलेक्ट्रोरल बाँड्स के जरिये सत्ता धारी परटियों को अधिक पैसा मिला और वेंद्र में सत्ता धारी पाटा भाजपा के अलावा बंगाल मे सत्ता में रह रही टीएमसी और उड़िशा में सत्ता मे रह रही बीजेडी जैसी परटियों ने भी खूब पैसा बटोरा। पर सबसे अधिक आार्यं जनक बात यह है कि तमिलनाडु मे शासन कर रही डी एम के को सबसे अधिक चंदा फ्यूचर गेमिग एंड होटल स्रविसेस के मालिक सैटियागो मरटिन जिसे लॉटरी किग के नाम से जाना जाता है की वंपनी ने वुल 1300 करोड़ से ज्यादा के मूल्य के बाँड्स खरीदे और डी एम के को सबसे अधिक 656.5 करोड़ के बॉण्ड खरीदकर दिये, इससे स्वयं समझा जा सकता हैं कि पेरियार के सामाजिक न्याय का दंभ भरने वाली पाटा जब सटोरियों से इतना अधिक डोनेसन ले रही है तो वह पेरियार के आदशरे को वैसे पूरा करेगी, फ्यूचर गेमिग के अलावा डी एम के को कईं बड़ी वंपनियों ने डोनेसन दिये। मेधा इंजिनियरिग 105 करोड़, इंडिया सीमेंट्स 14 करोड़ और सन्टीवी ने 10 करोड़ दिये। नईं जानकारी के अनुसार लाटरी किग की फ्यूचर गेमिग से ममता बनजा की टीएमसी को कम से कम 540 करोड़ के चुनाव बॉण्ड मिले। फ्यूचर गेमिग ने डीएमके ऐं भाजपा, कांग्रेस को भी इलेक्ट्रोरल बॉण्ड के माध्यम से डोनेट किये, इसने टीएमसी और डीएमके अलावा वाईंएसआर कांग्रेस को 160 करोड़, भाजपा को 100 करोड़ और कांग्रेस को 50 करोड़ दिये, दूसरा इलेक्ट्रोरल बॉण्ड का सबसे बड़ा खरीददार हैदराबाद की मेधा इंजिनियरिग है जिसने भाजपा, बीआरएस और डीएमके सहित कईं दलों को 966 करोड़ दिये, इसके अलावा वेदांता ग्रुप ने भाजपा, कांग्रेस, बीजेडी को चंदा दिया जबकि भारती एयर टेल ने बीजेपी, अकाली दल, आरजेडी और कांग्रेस को चंदा दिया इनके अलावा न जाने कितनी वंपनिया है जिन्होंने पक्ष विपक्ष की सभी परटियों को चंदा दिया। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने उस आदेश जिसमे यह जानकारी, 6 मार्च 2024 तक देने की बात कही गयी थी उसे 30 जून 2024 तक बढ़ाने के लिए सुप्रीम कोर्ट मे 30 जून तक बढ़ाने के लिए अपील की थी और इस अपील पर ही कोर्ट ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को फटकार लगाईं थी और बैंक को ये डेटा मार्च महीने में शेयर करने के लिए कहा, जबकि बैंक की मंसा यह थी कि मामले को लोकसभा चुनाव तक लटकाया जाए जिससे लोगो को चुनाव के पहले इस गोरख धंधे मे किस पाटा को कितना पैसा मिला पता चल सके। पर सुप्रीम कोर्ट के इस कड़े रुख मे की परिणति चुनावी पंडिग के मामले मे एक सकरात्मक पहल के रूप मे हुईं।

कुछ अलग

# मतदाता का वक्त

**दुनिया** के सबसे बड़े लोकतंत्र के महापर्व की घड़ी करीब आ गई है। देश में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ नयी सरकार बनने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। निस्संदेह, चुनाव कार्यक्रम बेहद लंबा है और 19 अप्रैल से शुरू होकर एक जून तक चलेगा। बेशक, 18वीं लोकसभा के लिये चुनाव की प्रक्रिया बहुत लंबी है। एक अरब के करीब पहुंचते मतदाताओं के लिये सुचारू-शांतिपूर्ण मतदान की व्यवस्था करना आसान भी नहीं है। भौगोलिक जटिलताओं, बड़ी आबादी और कानून व्यवस्था के प्रश्न चुनावी प्रक्रिया को लंबा बनाते हैं। निस्संदेह, यह नेताओं व सरकार का पांच साल का रिपोर्ट कार्ड पेश करने का वक्त है। यह आसमान से तारे तोड़ लाने के वायदे करने का वक्त है। खामियों को दबाने और उपलब्धियों के बखान का वक्त है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण वक्त मतदाता के लिये है कि वह अच्छे-बुरे का फर्क करके तार्किक आधार पर अपने बेशकीमती मत का उपयोग करे। विडंबना ही है कि अमृतकाल से गुजरते देश में मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग विष और अमृत के भेद को पूरी तरह महसूस नहीं कर पाया है। भारतीय राजनीति में दागियों का दखल और धनबल का बढ़ता वर्चस्व यही बताता है कि हमारा मतदाता इन संवेदनशील मुद्दों के प्रति जागरूक नहीं हो पाया है। निश्चित रूप से मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो वोट डालने घर से नहीं निकलता। जो बड़ा तबका निकलता भी है वह भी धर्म, जाति,क्षेत्र और धनबल से रचे सम्मोहन से मुक्त नहीं हो पाता। विचारणीय प्रश्न यह भी कि क्यों आज भी मतदाता मुफ्त की रेवड़ियों के मोहपाश में जकड़ा हुआ है। मतदाता अपने बेशकीमती वोट को छोटे प्रलोभनों के लिये क्यों जाया कर देता है। देश में पिछले दशकों में साक्षरता का स्तर ऊंचा हुआ है। निस्संदेह, गरीबी के आंकड़ों में काट-छांट के दावे सरकारों की तरफ से किये जाते रहे हैं। देश में गरीबी की उपस्थिति भी एक सत्य है। लेकिन साधनविहीनता का यह मतलब कदापि नहीं है कि हम छोटे-छोटे प्रलोभनों में फंसकर विवेकशील ढंग से मतदान न कर सकें। देश में उत्तर, दक्षिण में मतदाताओं के रुझान में भिन्नता भी एक मुद्दा रहा है, लेकिन लोकतंत्र में पारदर्शिता, शुचिता और योग्य प्रतिनिधियों का चयन एक सर्वकालिक सत्य है। सही मायनों में यह लोकतंत्र का महोत्सव राजनेताओं का नहीं, जनता का है। मतदाता को अपने वोट की कीमत समझकर इसे बदलाव के अस्त्र के रूप में प्रयोग करना चाहिए। उसे जातीय,धार्मिकता, क्षेत्रवाद और आर्थिक प्रलोभनों को सिरे से खारिज करके लोकतंत्र को समृद्ध बनाना चाहिए। उसे विचार करना चाहिए कि देश की जनप्रतिनिधि संस्थाओं में क्यों धनबलियों का वर्चस्व हो रहा है। क्यों आम आदमी अब चुनाव लड़ने की स्थिति में नहीं है? क्यों जनप्रतिनिधि चुनाव जीतते ही अरबों में खेलने लगते हैं? यह विडंबना है कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान उपहारों, शराब और नकदी के अंबार की बरामदगी इस संकट की ओर इशारा करती है कि अल्पकालिक लाभ के लिये कमजोर वर्ग के मतदाताओं को लुभाने के लिये सारे दांव चले जाते हैं। निस्संदेह, इक्कीसवीं सदी के भारतीय लोकतंत्र में इन प्रवृत्तियों पर अंकुश लगना चाहिए।



देश दुनिया से

# केजरीवाल अब अपने को करें निर्दोष साबित

अरविद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली की शराब नीति के जिन आरोपों के आधार पर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है,उन्हें साबित होना भर ही बाकी है। हां,पर इतना तो कहना ही होगा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में अरविद केजरीवाल अपने को बार-बार अराजक मुख्यमंत्री के रूप में साबित करने में सफल रहे। वे लगातार केन्द्र सरकार और सरकारी अफसरों से लड़ने-झगड़ने के मूड में ही रहे। उन्होंने एक तरह से मान लिया कि देश भर में वह ही अकेले ईंमानदार है। बाकी दुनिया भ्रष्ट है। उनसे उम्मीद थी कि वह देश में साफ-सुथरी और वैकल्पिक राजनीति का रास्ता साफ करेंगे। पर उन्होंने अपने खोखले दावोंवादों और कारनामों से देश को निराश ही किया। दिल्ली में अरविद केजरीवाल से पहले भी सरकारें और मुख्यमंत्री रहे,पर कभी कोईं ऐसा मसला नहीं आया।

**कौन** नहीं जानता कि दिल्ली में आम आदमी पाटा की सरकार के सत्ता पर आते ही अराजकता पैलने लगी। हद तो तब हो गईं जब दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव अंशु प्रकाश की मुख्यमंत्री ने अपने निजी सहायकों द्वारा सरकारी आवास पर मध्य रात्रि में बुलवाकर गुंडे किस्म के हिस्ट्रीशीटर विधायकों द्वारा लात-घूँसों से पिटाईं करवा दी। अरविद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली की शराब नीति के जिन आरोपों के आधार पर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है,उन्हें साबित होना भर ही बाकी है। हां,पर इतना तो कहना ही होगा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में अरविद केजरीवाल अपने को बार-बार अराजक मुख्यमंत्री के रूप में साबित करने में सफल रहे । वे लगातार केन्द्र सरकार और सरकारी अफसरों से लड़ने-झगड़ने के मूड में ही रहे। उन्होंने एक तरह से मान लिया कि देश भर में वह ही अकेले ईंमानदार है। बाकी दुनिया भ्रष्ट है। उनसे उम्मीद थी कि वह देश में साफ-सुथरी और वैकल्पिक राजनीति का रास्ता साफ करेंगे। पर उन्होंने अपने खोखले दावोंवादों और कारनामों से देश को निराश ही किया। दिल्ली में अरविद केजरीवाल से पहले भी सरकारें और मुख्यमंत्री रहे,पर कभी कोईं ऐसा मसला नहीं आया। दिल्ली की चुनी हुईं सरकारों और केन्द्र सरकारों के बीच मजे मजे में विकास के सब काम होते रहे। पर सन 2015 में दिल्ली में आम आदमी पाटा ( आप ) की सरकार बनते ही हंगामा शुरू हो गा और होने लगा रोज का क्लेश,तकरार और आरोप - प्रत्यारोप का दौर। दिल्ली में 1951-52 में पहली बार विधानसभा के चुनाव हुए। दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री कांग्रेस के चौधरी ब्रãा प्रकाश बने। चौधरी साहब 1952 से 1955 तक मुख्यमंत्री रहे। उन्हें कांग्रेस ने हटाया और यहां का दूसरा मुख्यमंत्री बनाया सरदार गुरुमुख निहाल सिह मुसाफिर को। गुस्ताखी माफ,कम ही दिल्ली वालों को पता है कि दिल्ली के दूसरे मुख्यमनंत्री एक सिख सज्जन थे। वे पहली दिल्ली विधानसभा के स्पीकर थे। वे 13 फरवरी,1955 से 31 अक्टूबर,1956 तक दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे। उसके बाद विधानसभा का अस्तित्व समाप्त कर दिया गया। मुसाफिर जी ने मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए दिल्ली में शराब की दुकानें खोलने नहीं दीं। अजीब इत्तेफाक है कि अरविद केजरीवाल दिल्ली में शराब की दुकानें खोलने में सदैव अति उत्साह दिखाते रहे। उन्हें दिल्ली की शराब नीति में कथित घोटाले के कारण ही गिरफ्तार किया गया है। मुसाफिर जी के पुत्र एस. निहाल सिह प्रख्यात पत्रकार थे। वे इंडियन एक्सप्रेस अखबार के संपादक भी रहे। बहरहाल,1966 में दिल्ली को एक महानगर परिषद मिली। यह विधान सभा के समकक्ष थी। महानगर परिषद का मुखिया मुखिया कार्यंकारी पार्षद होता था। इस पद पर विजय वुमार मल्होत्रा और जग प्रवेश चंद्र जैसे नेता भी रहे। दिल्ली को 1991 में फिर से संविधान में संशोधन करके राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र घोषित किया गया। नए परिसीमन के तहत विधानसभा का 1993 में चुनाव हुआ। उसके बाद मदनलाल खुराना,साहिब सिह वर्मा,सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित जैसे दिग्गज नेता दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे। इस दौरान केन्द्र में कभी कांग्रेस के नेतृत्व वाली और कभी भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारें काम करती रहीं। पर दिल्ली में विकास का पहिया कभी थमा नहीं। जब मदन लाल खुराना मंख्यमंत्री बने तब देश के प्रधानमंत्री पी.वी.नरसिह राव थे। कहीं कोईं दिक्कत नहीं आईं। जब शीला दीक्षित मुख्यमंत्री थीं,तब प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी थे। तब भी दिल्ली का भरपूर विकास हो रहा था। कहीं कोईं विवाद ही नहीं था। सारे विवाद आपसी बातचीत से हल हो रहे थे। अटल जी और शीला दीक्षित ने दिल्ली में मेट्रो रेल का विस्तार और बिजली की समस्या का स्थायी समाधान किया। यह बात अलग है कि अरविद केजरीवाल हमेशा कहते रहे कि दिल्ली में बिजली की 24 घंटे सप्लाईं उनकी वजह से मुमकिन हुईं। हालांकि,उन्होंने कभी यह नहीं बताया कि दिल्ली में पेयजल संकट का वह हल क्यों नहीं कर सके। क्यों यमुना मैली ही होती रही ?वैसे दिल्ली बन गईं दुनिया की सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी ?अरविद केजरीवाल ने इन सवालों के जवाब देने की कभी जरूरत महसूस नहीं की। अरविद केजरीवाल को यही लगता रहा कि अखबारों में बड़ेबड़े खचाले विज्ञापन देकर वे अपने को महान साबित करते रहेंगे।



आप का नजरिया

# उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनावों के सात चरणों का चक्रव्यूह पार करना नहीं होगा आसान

**उत्तर** प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों को लेकर पूरे देश मे कौतुहल दिखाई दे रहा है। लोकसभा सीटों के हिसाब से सबसे बड़े राज्य यूपी में मुकाबला त्रिकोणीय होता नजर आ रहा है। त्रिकोणीय मुकाबले में एक तरफ एनडीए के तले मोदी की 'सेना' जीत की हुंकार भर रही है तो दूसरी ओर राहुल गांधी के अगुवाई में 'इंडी' गठबंधन ताल ठोक रहा है। दोनों गठबंधनों में बस फर्क इतना है कि जहां एनडीए की ओर से मोदी पुनः प्रधानमंत्री पद के दावेदार हैं, वहीं इंडी गठबंधन ने कौन होगा पीएम पर पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन लगता यही है कि यदि इंडी गठबंधन के लिये सत्ता की राह बनी तो राहुल गांधी प्रधानमंत्री पद के सबसे बड़े दावेदार होंगे। खैर, अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचना सही नहीं है। कौन होगा अगल प्रधानमंत्री ? यह सात चरणों के मतदान के बाद 04 जून को पता चलेगा, जब वोटों की काउंटिंग होगी। इसी लिये फिलहाल तो सात चरणों के चक्रव्यूह को भेदने के लिये ही सभी पार्टियो मैदान में ताल ठोंक रही हैं। 19 और 26 अप्रैल को प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण का मतदान होगा। इन दोनों चरणो में पश्चिमी यूपी की 16 सीटों पर वोटिंग होगी। प्रथम चरण और दूसरे चरण के मतदान में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की क्रमशः आठ-आठ सीटों के उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। 07 मई को भी तीसरे चरण में दस सीटों पर मतदान होगा इसमें भी दस में से पश्चिमी यूपी की चार सीटें शामिल होंगी। इसके बाद 13 मई को चौथे, 20 मई को पांचवें, 25 मई को छठे और 01 जून को सातवें चरण का मतदान होना होगा। शुरू के तीन चरणों में जो राजनैतिक जंग पश्चिमी यूपी से शुरू होगी वह चौथे और पांचवे चरण में रूहेलखंड, अवध की सीटों पर तो छठे और सातवें चरण में पूर्वांचल में पहुंच कर समाप्त हो जायेगी। चार जून को नतीजे आयेंगे। 2024 लोकसभा चुनावों की शुरुआत पश्चिमी यूपी की आठ लोकसभा सीटों पर से होगा। पहले चरण में चुनाव के लिए आठ सीटों में से, भाजपा ने 2014 के चुनावों में सभी सीटें जीती थीं। 2014 में पार्टी ने अकेले प्रदेश भर में 71 सीटें जीतीं थीं। जबकि एनडीए गठबंधन के पास कुल 73 सीटें थीं। 2019 के चुनाव में इन सीटों पर सपा-रालोद और बसपा गठबंधन के खिलाफ लड़ाई में बीजेपी का प्रदर्शन खराब रहा। उन्होंने 8 में से केवल तीन सीटें जीतीं। ऐसे में सपा और बसपा को पूर्वांचल में कई सीटें मिलीं, जबकि बीजेपी को पूरे प्रदेश में सिर्फ 62 सीटें मिलीं थीं। 2024 का चुनाव संग्राम भी फिर पश्चिम यूपी से शुरू होगा। शुरुआत में पश्चिमी यूपी की 8 लोकसभा सीटों पर चुनाव होंगे। पिछले लोकसभा चुनाव के बाद से यहां के राजनीतिक हालात में काफी बदलाव आया है, जिसका असर चुनाव में दिख रहा है। यह चुनाव क्षेत्र में एक प्रमुख व्यक्ति रालोद नेता जयंत चौधरी की स्थिति भी तय करेगा। केंद्रीय मंत्री संजय बालियान की हैट्रिक कोशिशों की परीक्षा होगी। यह चुनाव तय करेगा कि बीजेपी नेता वरुण गांधी का राजनीतिक भविष्य क्या होगा।

# 12 वर्षों बाद मेष राशि में बुध-गुरु की युति

वैदिक ज्योतिष के अनुसार सभी ग्रह समय-समय पर अपनी राशि बदलते रहते हैं। ग्रहों के राजकुमार बुध लगभग 25 दिनों के अंतराल पर एक से दूसरी राशि में गोचर करते हैं। बुध ग्रह का राशि परिवर्तन होने से हर एक राशि के जातकों पर इसका प्रभाव अवश्य ही पड़ता है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डॉ. अनीष व्यास ने बताया कि बुध को वाणी, व्यापार और बुद्धि के कारक माना जाता है। बुध 26 मार्च को सुबह 02:39 मिनट पर मीन राशि से निकलकर मेष राशि में आ गया है। मेष राशि में पहले से ही देवताओं के गुरु बृहस्पति मौजूद हैं। इस तरह से मेष राशि में दोनों ही ग्रहों की युति होगी। 12 साल बाद मेष राशि में बुध और गुरु की युति हो रही है। गुरु एक राशि में करीब 01 वर्ष तक रहते हैं इस प्रकार एक राशि में दोबारा आने में करीब 12 वर्ष का समय लगता है। मेष राशि में गुरु-बुध की युति से कई राशियों को लाभ मिलने के संकेत हैं। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि बुध ग्रह 26 मार्च को मेष राशि में आ गया है और 9 अप्रैल तक इसी राशि में रहेगा। 9 अप्रैल को बुध वक्री होकर यानी धीमी चाल से चलने लगेगा और पीछे की तरफ मीन राशि में प्रवेश कर जाएगा। बुध ग्रह की चाल में बदलाव होने से 5 राशियों के लिए अच्छा समय शुरू हो जाएगा। वहीं, वृष और मकर राशि वाले लोगों को संभलकर रहना होगा। इनके अलावा 5 राशियों के लिए मिला-जुला समय रहेगा।

बुध के राशि परिवर्तन होने से इनकम, निवेश और लेन-देन पर असर पड़ता है। जिससे कुछ लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है तो कुछ लोगों को नुकसान भी होता है। इस ग्रह के कारण शेयर मार्केट से जुड़े लोग ज्यादा प्रभावित होते हैं। साथ ही शरीर में नसें, तंत्रिका तंत्र, गले और स्किन से जुड़ी बीमारी भी बुध की वजह से होती है। इस ग्रह के कारण तर्क शक्ति पर असर पड़ता है। साथ ही पत्रकारिता, शिक्षा, लेखन और वकालात से जुड़े लोगों के कामकाज में भी बड़े बदलाव होते हैं।



### बुध है नपुंसक ग्रह

बुध पुरुष ग्रह होने के बावजूद नपुंसक ग्रह कहलाता है। अर्थात यह जिस ग्रह के साथ बैठ जाए उसकी तरह व्यवहार करने लगता है। वक्री बुध यदि किसी खराब ग्रह के साथ बैठ गया और उसके खराब फल में वृद्धि हो जाती है।

### बुध का वैदिक मंत्र

**ॐ उद्बुध्यस्वाग्ने प्रति जागृहि त्वमिष्टापूर्ते सं सृजेथामयं च।**
**अस्मिन्त्सधस्थे अध्युत्तरस्मिन् विश्वेदेवा यजमानश्च सीदत।।**

### बुध का तांत्रिक मंत्र

**ॐ बुं बुधाय नमः**

### बुध का बीज मंत्र

**ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः**

### क्या होगा असर

राजनीतिक उथल-पुथल एवं प्राकृतिक आपदाओं की आशंका बढ़ेगी। धरना जुलूस प्रदर्शन आंदोलन गिरफ्तारियां होगी। दुर्घटना होने की संभावना। देश और दुनिया में राजनीतिक बदलाव होंगे। सत्ता संगठन में परिवर्तन होगा। आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलेगा। लोगों में रचनात्मकता बढ़ेगी। शेयर मार्केट बढ़ने की संभावना है। कीमती धातुओं के दाम कम होंगे। बाजार में खरीदारी बढ़ सकती है। खाने-पीनी की चीजें महंगी हो सकती है। बिजनेस करने वाले लोगों के लिए समय अच्छा रहेगा। लेन-देन और निवेश में कई लोगों को फायदा मिल सकता है। कई नौकरीपेशा लोग जॉब बदलने का मन बना सकते हैं। अचानक मौसमी बदलाव भी हो सकते। पहाड़ी क्षेत्रों से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। भारतीय स्टॉक मार्केट पर चर्चा ज्यादा। धार्मिक स्थल तीर्थ स्थल पवित्र स्थल पर कोई न कोई घटना घटित होगी। राजनीति से जुड़े नेताओं से दुखद समाचार, वाहन से जुड़ी घटना और हमला होने की संभावना।

### बुध के उपाय

बुध से पीड़ित व्यक्ति को मां दुर्गा की आराधना करनी चाहिए। बुधवार के दिन गाय को हरा चारा खिलाना चाहिए और साबूत हरे मूंग का दान करना चाहिए।

डॉ. अनीष व्यास
भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक
पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान,जयपुर-जोधपुर
मो.9460872809

बुधवार के दिन गणपति को सिंदुर चढ़ाएं। बुधवार के दिन गणेश जी को दूर्वा चढ़ाएं। दूर्वा की 11 या 21 गांठ चढ़ाने से फल जल्दी मिलता है। पालक का दान करे। बुधवार को कन्या पूजा करके हरी वस्तुओं का दान करे।

### मिथुन, कर्क, कन्या, वृश्चिक और मीन राशि रहेगा शुभ

मेष राशि में बुध के आ जाने से मिथुन, कर्क, कन्या, वृश्चिक और मीन राशि वाले लोगों के लिए अच्छा समय रहेगा। इन राशियों के लोगों को जॉब और बिजनेस में आगे बढ़ने के मौके मिलेंगे।

रुका हुआ पैसा मिलने के भी योग बन रहे हैं। लेन-देन और निवेश में फायदा हो सकता है। इसके अलावा इन राशियों के लोग बड़े कामकाज की योजनाएं बनाएंगे। इन लोगों की तर्क शक्ति भी बढ़ेगी।

### मेष, सिंह, तुला, धनु और कुंभ राशि रहेगा सामान्य

बुध के राशि परिवर्तन से मेष, सिंह, तुला, धनु और कुंभ राशि वाले लोगों के लिए समय सामान्य रहेगा। इन 4 राशि वाले लोगों के सोचे हुए काम पूरे हो सकते हैं। कामकाज को लेकर नए और बड़े लोगों से मुलाकात हो सकती है। रोजमर्रा के कामों में मेहनत भी ज्यादा करनी पड़ेगी। दौड़-भाग बनी रहेगी। साथ ही लेन-देन और निवेश सोच-समझकर करना होगा। सेहत के मामलों में इन राशि वालों को संभलकर रहना होगा।

### वृष, कन्या और मकर राशि रहेगा अशुभ

बुध के मेष राशि में आ जाने से वृष, कन्या और मकर राशि वाले लोगों को संभलकर रहना होगा।

इन 3 राशियों के लोगों की आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। सेविंग खत्म होने और निवेश में नुकसान होने की आशंका है।

लेन-देन में भी सावधानी रखनी होगी। किस्मत का साथ नहीं मिल पाएगा। नसों से संबंधी रोग हो सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों के कामकाज में बदलाव और स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

# हर कष्ट से छुटकारा दिलाएंगे हनुमान जी के ये नाम, जानें इसका महत्व



रामायण में जितना नाम प्रभु राम का लिया गया है । उतना ही गुणगान उनके परम भक्त हनुमान का भी लिया जाता है।

क्योंकि हनुमानजी हमेशा प्रभु राम और माता जानकी की सेवा करते रहे। वीर बजरंगी हनुमान को कई नामों से जाना जाता है। हनुमानजी राम जी के परम भक्त थे, और कहा ये भी जाता है कि आज भी जहाँ राम का गुणगान होता है, हनुमान दौड़े चले आते हैं। कहा जाता है कि हनुमानजी आज भी इस धरती पर है और वे जीवित है। पौराणिक कथाओं के अनुसार कलयुग के अंत मे हनुमान और सभी अमर देवता कल्कि भगवान का साथ देकर कलियुग की समाप्ति करेंगे। हनुमानजी को संकट मोचन के नाम से भी जाना जाता है। क्योंकि वे अपने भक्तों के सभी कष्ट दूर करते हैं और उनका साथ देते हैं। हनुमानजी की पूजा करने से साधक को विशेष लाभ प्राप्त होता है और हनुमान के आशीर्वाद से सभी बिगड़े काम बनते हैं। अनेकों नामों से पूजे जाने वाले हनुमान जी के नामों की बड़ा महत्त्व माना जाता है। तो आओ हनुमानजी के विभिन्न नामों की महिमा जानें।

### प्रसिद्ध नाम- हनुमान :-

संस्कृत से उदित इस शब्द का अर्थ ठोड़ी। देवराज इंद्र ने जब उनपर प्रहार किया था। तब इस नाम का अस्तित्व आया था। इस नाम का जाप करने से वीरता और शक्ति आती है और मुसीबतों से छुटकारा मिलता है।

### अंजनी सुत -

अंजनी हनुमान जी की माता का नाम था। इसलिए उन्हें अंजनी सुत भी कहा जाता है। इस नाम का गुणगान करने से साधक को विशेष फल की प्राप्ति होती है।

### वायु पुत्र -

हनुमान जी को वायु पुत्र या पवन पुत्र के नाम से भी जाना जाता है। क्योंकि वो पवन देव के मानस पुत्र थे। उनके इस नाम का जाप करने से आत्मबल बढ़ता है और सकारात्मक महसूस होता है।

### महाबली -

हनुमान जी इतने शक्तिशाली थे कि बड़ी बड़ी बुरी शक्तियों को भी हरा देते थे। इसलिए उन्हें महाबली भी कहा जाता है। उनके इस नाम का जाप करने से मुसीबतों से छुटकारा मिलता है।

### लक्ष्मणप्राणदाता -

हनुमान जी ने संजीवनी बूटी लाकर लक्ष्मणजी के प्राण बचाए थे। इसीलिए उन्हें इस नाम से जाना जाता है। उनके इस नाम का स्मरण करने से प्राणों की रक्षा होती है और संकट मिटते हैं।

### उदधिक्रमण-

हनुमानजी का माता सीता की खोज मे बहुत बड़ा योगदान है। माता सीता की खोज मे वे समुद्र लांघ कर गए थे। इसीलिए उन्हें इस नाम से जाना जाता है। इस नाम का जाप करने से साधक की बड़ी से बड़ी बाधा भी क्षणों में दूर हो जाती है।

# बृहस्पतिवार के दिन व्रत रखने का महत्व क्या है

## जानें गुरुवार की व्रत कथा

हिंदू धर्म में गुरुवार को बृहस्पतिवार कहा जाता है, और इस दिन गुरुदेव की पूजा करने से शुभ फल प्राप्त होता है। गुरुवार को बृहस्पति ग्रह का दिन माना जाता है। इस दिन गुरुदेव की विशेष पूजा करने से



भक्त को बुद्धि, ज्ञान, और सफलता की प्राप्ति होती है। गुरुवार व्रत की कई कथाएं प्रचलित हैं उनमें से ही एक कथा हम आपको बता रहे हैं। वैसे गुरुवार व्रत की विधि सरल होती है। इस दिन किसी भी केले के पेड़ के सामने बैठकर हाथ में हल्दी चने की दाल लेकर व्रत कथा पढ़नी या सुननी चाहिए। जो भी लोग धार्मिक महत्व के बारे में जानते हैं वो इस दिन केले का सेवन नहीं करते और पीले रंग के कपड़े पहनते हैं। इतना ही नहीं खाने में भी पीले रंग का ही प्रयोग करते हैं।

एक समय की बात है, एक गाँव में एक ब्राह्मण थे जिनका नाम श्रीधर था। श्रीधर बड़े भक्तिभाव से गुरुदेव की पूजा करते थे। वह गुरुवार को गुरुदेव की विशेष पूजा करने के लिए व्रत रखते थे। एक दिन, गाँव के एक दरिद्र व्यक्ति ने श्रीधर के पास आकर भीख मांगी। श्रीधर ने अपनी दानशीलता का परिचय दिया और उसे भोजन के लिए अपने साथ बुलाया।

वह दरिद्र व्यक्ति बड़े खुश होकर श्रीधर के साथ भोजन करने लगा। भोजन के दौरान, श्रीधर ने उससे गुरुदेव के प्रति अपनी भक्ति की बातें सुनाईं। वह दरिद्र व्यक्ति भी गुरुदेव के प्रति श्रद्धाभाव से भरा हुआ था।

भोजन के बाद, दरिद्र व्यक्ति ने श्रीधर से विनती की, भगवान, मैं एक गरीब आदमी हूँ और मेरे पास और कोई साधन नहीं है। कृपया मुझे कोई ऐसा उपाय बताएं जिससे मेरी दुर्दशा सुधरे और मैं सफल हो सकूं।

श्रीधर ने उसे गुरुवार व्रत के महत्त्व के बारे में बताया और उसे साक्षात गुरुदेव की पूजा करने का उपदेश दिया। दरिद्र व्यक्ति ने श्रीधर की सीखों का पालन करते हुए गुरुवार को गुरुदेव की पूजा करना शुरू किया।

विशेष रूप से गुरुवार को गुरुदेव की आराधना करने से, उसकी दुर्दशा में सुधार हुआ और उसका जीवन परिवर्तित हो गया। वह धनवान और सुखी हो गया।इस कथा से हमें यह सिखने को मिलता है कि गुरुवार को गुरुदेव की पूजा करना हमें ज्ञान, बुद्धि, और सफलता में मदद कर सकता है।

# कितनी बार करनी चाहिए देवी-देवताओं की परिक्रमा?

## यहां जानें सही नियम

हिन्दू धर्म में भगवान की पूजा का काफी महत्व माना जाता है। लोग देवी-देवताओं को खुश करने के लिए नियमित रूप से उनकी पूजा-अर्चना करते हैं। वहीं आपने अक्सर देखा होगा कि पूजा के बाद लोग भगवान की परिक्रमा करते हैं और आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि परिक्रमा क्यों की जाती है और इससे क्या फायदा होता है? दरअसल भगवान की परिक्रमा करने के कई नियम भी है। अध्यात्म और विज्ञान दोनों में ही इसके महत्व को बताया गया है। ऐसे में आइए जानते हैं भगवान की परिक्रमा क्यों की जाती है। इसके साथ ही जानिए कितनी बार परिक्रमा करनी चाहिए।



आपने वो पौराणिक कथा तो सुनी ही होगी। जब भगवान शिव के दोनों पुत्र कार्तिकेय और गणेश के बीच ये शर्त लगी थी कि ब्रह्मांड का चक्कर पहले कौन लगाकर वापिस आता है। उस वक्त कार्तिकेय तो अपने वाहन मयूर पर सवार होकर ब्रह्मांड यात्रा पर चले गए थे, लेकिन गणेश जी ने माता पार्वती और भगवान शिव की परिक्रमा करके इस शर्त को जीत लिया था। गणेश जी ने कहा था कि उनके लिए उनके माता-पिता ही पूरे संसार के बराबर हैं और उन्हीं के चरणों में उन्हें सुख की प्राप्ति होती है। तभी से परिक्रमा करने की प्रथा शुरू हुई है।

पूजा के बाद भगवान की परिक्रमा करना बहुत शुभ माना जाता है। दरअसल इसके कई फ़ायदे भी है। भगवान की परिक्रमा करने से सकारात्मक ऊर्जा की प्राप्ति होती है और उनका आशीर्वाद भी प्राप्त होता है। परिक्रमा करने के बाद जब व्यक्ति वापिस घर लौटता है तो इससे उसके सभी कष्ट और नकारत्मक ऊर्जा खत्म होती है। इसके साथ ही परिक्रमा करने से घर में सुख शांति भी आती है और व्यक्ति को किसी भी प्रकार की तंगी नहीं आती। इससे उसके जीवन में भाग्य का उदय होता है और भरपूर लाभ मिलता है।

भगवान की परिक्रमा करने से चाहे कई लाभ मिलते हो, लेकिन परिक्रमा करने के कुछ नियम भी बताए गए हैं। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार भगवान की प्रदक्षिणा हमेशा घड़ी की दिशा में लगानी चाहिए। इसके साथ ही इस बात का भी ध्यान रखें कि प्रदक्षिणा की संख्या हमेशा विषम होनी चाहिए यानि कि हमेशा 1,3,5 की संख्या में परिक्रमा करनी चाहिए, जोड़े में परिक्रमा नहीं करनी चाहिए और जब भी आप परिक्रमा करें तो भगवान का ध्यान जरूर करना चाहिए और उनका नाम जपना चाहिए।

# बेहद खास है कल्कि धाम मंदिर, विष्णु जी के 10वें अवतार को है समर्पित





**अयोध्या धाम के बाद अब यूपी के संभल में कल्कि धाम मंदिर बनने की तैयारी शुरू हो गई है। भगवान कल्कि श्री हरि के 10वें अवतार होंगे, जिनका अवतरण अभी धरती पर नहीं हुआ है। ऐसे में यह देखना काफी खास होगा कि भगवान कल्कि के मंदिर में क्या अनोखा होने वाला है? इस दिव्य मंदिर की चर्चा हर तरफ हो रही है। ऐसे में इसके कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं को जानना भी बहुत आवश्यक है, तो आइए उनके बारे में जानते हैं।**

### कल्कि धाम मंदिर का महत्व

कल्कि धाम मंदिर में जगत के पालमहार भगवान श्री हरि के 10 अवतारों के लिए अलग-अलग 10 गर्भगृह बनाए जाएंगे। इस पवित्र धाम में 68 धार्मिक तीर्थों की स्थापना होगी। 5 एकड़ में बनने जा रहा यह अद्भुत धाम लगभग 5 सालों में तैयार होगा। बता दें कि इससे पहले भी एक कल्कि मंदिर का निर्माण किया गया था, जिसमें भगवान विष्णु के दस अवतारों की झलक देखने को मिलती है।

### कौन हैं भगवान कल्कि?

पौराणिक कथाओं और धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, प्रभु कृष्ण के पृथ्वी से जाने के बाद कलियुग का आरंभ हुआ था। ऐसा कहा जाता है कि कलियुग 432,000 सालों का है। वर्तमान में कलयुग के 5,126 साल बीत चुके हैं। श्रीमद्भागवत के 12वें स्कंध के 24वें श्लोक के अनुसार, भगवान कल्कि का जन्म पृथ्वी पर तब होगा, जब देवताओं के गुरु बृहस्पति सूर्य और चंद्रमा के साथ मिलकर पुष्य नक्षत्र का निर्माण करेंगे। बताते चलें कि श्रीहरि के इस दसवें अवतार की अनुमानित जन्म तिथि सावन माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि होगी।

# गर्मियों में रोजाना पीएं मट्ठा, कैलोरी व फैट रखेगा नियंत्रित



सुपाच्य भोजन शरीर के लाभदायक है। मट्ठा का उपयोग भोजन को सुपाच्य बनाता है। गर्मियों मे रोजाना मट्ठा पीने से कई प्रकार के रोगों से मुक्ति मिलती है। इसमें विटामिन सी, ए, ई, के और बी के अलावा मिनिरल्स आदि प्रचूर मात्रा में पाया जाता है। इसके नियमित सेवन से चेहरा चमक, जोड़ो के दर्द से आराम के अलावा बदहजमी, गैस आदि की परेशानी नहीं होती है। इस बारे में डॉ सीबी सिंह ने बताया कि- गर्मी में मट्ठा में मिश्री, काली मिर्च और सेंधा नमक मिलाकर रोजाना पीने से एसिडिटी जड़ से साफ हो जाती है। इससे दस्त आदि की परेशानी से भी मुक्ति मिलती है।

» इसमें हेल्दी बैक्टीरिया और कार्बोहाइड्रेट्स पाये जाते हैं। साथ ही लैक्टोस शरीर में आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढाता है, जो शरीर में चुस्ती लाता है ।

» अगर कब्ज की शिकायत बनी रहती हो तो अजवाइन मिलाकर मट्ठा पीएं। पेट की सफाई के लिए गर्मियों में पुदीना मिलाकर सेवन ज्यादा फायदेमंद है।

» जिन लोगों को खाना ठीक से न पचने की शिकायत होती है। उन्हें रोजाना मट्ठा में भुने जीरे का चूर्ण, काली मिर्च का चूर्ण और सेंधा नमक का चूर्ण समान मात्रा में मिलाकर पीना चाहिए।

» इसमें विटामिन सी, ए, ई, के और बी पाये जाते हैं जो कि शरीर के पोषण की जरुरत को पूरा कर स्वस्थ रखने में मदद करता है।

» यह आयरन, जस्ता, फास्फोरस और पोटेशियम से भरा होता है, जो कि शरीर के लिये बहुत ही जरुरी मिनरल माना जाता है। रोज़ एक गिलास मट्ठा पीना से लो कैलोरी और फैट को नियंत्रित किया जा सकता है।

» मट्ठा कैल्शियम से भरी होती है, जो जोड़ों के दर्द से भी राहत दिलाता है।

## सौंदर्य

# पुरुषों की सख्त त्वचा के लिए बेहतरीन घरेलू उपाय



वो जमाने गए जब मेक-अप और स्किन केयर सिर्फ महिलाओं का ही काम माना जाता था. भई, टाइम बराबरी का है. आज का पुरुष सिर्फ काम और व्यापार में खुद को झोंक देना नहीं चाहता, वह जीवन को खूबसूरती के साथ जीना भी चाहता है. खूबसूरत दिखना चाहता है और यही वजह है कि बाजार में पुरुषों की सख्त त्वचा को ध्यान में रखकर कई उत्पाद भी आ गए हैं. लेकिन ये भी सच है कि बाजार के उत्पादों में कई तरह के कैमिकल होते हैं, जो त्वचा को नुकसान भी पहुंचा सकते हैं. महिलाओं के लिए तो सभी घरेलू टिप्स देते हैं यहां हैं कुछ घरेलू टिप्स खास मर्दों के लिए...

» नीम की ताजा पत्तियों को पीस लें और उनमें बेसन मिला लें. फिर दो चम्मच चंदन पाउडर और कुछ बूंदें गुलाब जल डालकर इसमें चुटकी भी हल्दी भी डाल लें. इसे चेहरे और हाथ-पैरों पर लगाएं. करीब 15 मिनट तक इसे चेहरे पर रखें और उसके बाद ठंडे पानी से चेहरा साफ कर लें। चेहरे पर चमक आ जाएगी.

» रात में सोने से पहले एक-एक चम्मच मसूर की पिसी दाल और बेसन भीगो कर रख दें. सुबह उठकर इसे चेहरे पर लगाएं. त्वचा के कील-मुहांसे साफ करने के साथ ही यह त्वचा में नई जान डाल देगा.

» दो चम्मच उड़द की दाल, चार चम्मच दूध, नींबू का रस, एक चम्मच सरसों का तेल, डेढ़ चम्मच चंदन पाउडर और चुटकी भर हल्दी को मिलाकर हाथ-पैरों की त्वचा पर लगा लें. सूखने पर उतार दें. इससे त्वचा को नई जान मिलेगी.

» 200 ग्राम छिलके उतरी जौ, 100 ग्राम हल्दी, 50 ग्राम खसखस, 50 ग्राम चंदन पाउडर, 50 ग्राम नारियल का तेल और 100 ग्राम केसर लें. अब जौ के दानों को कढ़ाई में भूनकर बारीक पीस लें. अब इसमें सारी सामग्री डाल दें. इस मिश्रण को नहाने से पहले दही में मिलाकर लगाएं। इसे पूरे शरीर की त्वचा पर लगाएं.इससे त्वचा की रंगत में निखार आएगा और कील, दानें वगैरह सभी से छुटकारा मिलेगा.

# अदरक की चाय ही नहीं, अदरक का पानी भी है गुणकारी

अदरक का इस्तेमाल हम सभी अपने-अपने घरों में करते हैं. कुछ लोग इसका इस्तेमाल मसाले के तौर पर करते हैं तो कुछ गार्निशिंग के लिए. इसके अरोमा और फ्लेवर से खाने का स्वाद बढ़ जाता है. साथ ही ये जलनरोधी, एंटीफंगल, एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल खूबियों से भी



भरपूर होता है. इसकी वजह से ये एक हेल्थ टिश्यू को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है. अदरक को कई तरह से खाया जा सकता है लेकिन चाय में इसका इस्तेमाल करना काफी फायदेमंद होता है. लेकिन अदरक की चाय के साथ-साथ अदरक का पानी भी स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है.

1. पाचन में मददगार : अदरक वाला पानी शरीर में डाइजेस्टिव जूस को बढ़ाता है. इसके सेवन से पाचन क्रिया में सुधार आता है और खाना आसानी से पच जाता है.
2. त्वचा संबंधी रोगों को दूर रखता है : अदरक का पानी पीने से खून साफ होता है और स्किन ग्लो करती है. ये पिंपल्स और स्किन इंफेक्शन के खतरे को भी दूर करता है.



# खूबसूरत हिल मुन्नार में पर्यटकों के लिए है बहुत कुछ

केरल का एक खूबसूरत हिल स्टेशन है मुन्नार। यहां पर्यटक प्रकृति की खूबसूरती का आनंद ले सकते हैं। मुन्नार को ईश्वर का देश भी कहा जाता है। खूबसूरती ऐसी कि जैसे यह धरती के स्वर्ग की तरह लगता है। समुद्रतल से 1,700 मीटर ऊपर मुन्नार का दक्षिणी-पश्चिमी मैदानी इलाका ऐसा लगता है, जैसे मैदानों पर तरंगें तैर रही हैं। मुन्नार को चाय के बागानों का शहर भी कहा जाता है। यहां चाय के कई बगीचे भी देखने को मिल जाएंगे।

### देखने लायक जगह-

अगर आप रोमांचक खेल के शौकीन हैं तो मुन्नार में आपके लिए बहुत कुछ है। जैसे ट्रैकिंग, पारा ग्लाइडिंग, रोप क्लाइबिंग और हाइकिंग। मुन्नार में देखने लायक जगह हैं राजमाला, चितीरापुरम और इकोपाइंट। मुन्नार में पर्यटकों के लिए आकर्षण है- मट्टुपेटी बांध। मुन्नार की असली सुंदरता पोतैमेदु में है, जो एक महत्वपूर्ण बागान है। मन को सम्मोहित करने वाली झीलें और घने जंगल यहां की खूबसूरती में चार चांद लगा देते हैं।

मुन्नार पहाड़ों से तीन तरफ यानी मुद्रापजा, नल्लतनी और कंडाला से घिरा है। किसी समय मुन्नार ब्रिटिश सरकार का दक्षिणी भारत का गर्मियों का रिजार्ट हुआ करता था। मुन्नार की खूबसूरती शब्दों में बयां नहीं की जा सकती।

### मुन्नार का रोमांचक इतिहास-

यहां का इतिहास काफी रोमांचक है। यहां कभी ब्रिटिश शासकों का राज हुआ करता था। स्काटिश पहले ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने भारत के मानचित्र में मुन्नार को ढूंढ़ा। ब्रिटिश मुन्नार को चाय की खेती के लिए इस्तेमाल करते थे और शहर की गर्मी से बचने के लिए यहां आते थे। इतिहास में मुन्नार में लोगों का बसना और इस क्षेत्र में सिविलाइजेशन से जुड़े कई तथ्य पाए गए हैं। सबूत यही बताते हैं कि यहां जीवन दसवीं शताब्दी से शुरू हुआ था। 19वीं शताब्दी आते-आते यहां छोटे-छोटे गांव बनने शुरू हो गए। 1895 के बाद मुन्नार में विकाय कार्य भी होने लगा। यहां का खूबसूरत वातावरण और दोस्ताना व्यवहार करने वाले निवासी बाहर से आने वालों का दिल जीत लेते हैं।

### जब चाहें जाएं

मुन्नार आप साल में कभी भी जा सकते हैं। वैसे यहां जाने का सही समय है सितंबर से मई के बीच में। जून से लेकर सितंबर तक यहां मानसून रहता है। सर्दी में मुन्नार के लिए आपको भारी भरकम ऊनी कपड़े ले जाने पड़ेंगे ताकि आप वहां की सर्दी से बच सकें।

### कैसे जाएं

मुन्नार के लिए आप हवाई मार्ग, रेल मार्ग या सड़क मार्ग तीनों का इस्तेमाल कर सकते हैं। मुन्नार के लिए सबसे नजदीक हवाई अड्डा कोच्चि और मदुरै है, जो 142 किलोमीटर की दूरी पर है। नजदीकी रेलवे स्टेशन कोच्यो और कोट्टायम हैं, जहां से मुन्नार के लिए ट्रेन जाती रहती है। मुन्नार जाने के लिए सड़क से पहुंच सकते हैं। लोकल बस और कैब आपको आसानी से शहर में मिल जाएंगे।

अगर आप मुन्नार में थोड़ा और घूमना चाहते हैं, तो आसपास कुछ जगह जैसे मैरायूर, नदूकनी और मीनली भी जा सकते हैं। मुन्नार की खूबसूरती का असली मजा वहां के फलोरा और फायना में है जो मुन्नार शहर की खूबसूरती को और भी देखने लायक और आकर्षक बनाते हैं।

## समर ट्रेंड


# सिलेब्रिटीज को भी लुभा रही पोल्का डोट ड्रेस



बेबो यानी करीना कपूर की बोल्डनेस सभी को लुभाती है। बात अगर सिर्फ उनके फैशन सेंस की करें तो उनकी बोल्डनेस उनके फैशन को माइंडब्लोइंग बना देती है। पुरानी सारी बातें छोड़ भी दें तब भी प्रेग्नेंसी में कराया गया उनका ब्राइडल फोटो शूट नहीं भुलाया जा सकता।

खैर, ताज़ा उदाहरण है उनके समर फैशन सेंस का। जब कैजुअल पोल्का मैक्सी ड्रेस को उन्होंने शो-स्टॉपर मोमेंट बना दिया। स्लीपर्स के साथ इस वन-साइडेड स्लिट मैक्सी ड्रेस में करीना सिंपल और गॉरजस लग रही हैं। इस खूबसूरत ड्रेस को डिजाइन खूबसूरत डिजाइनर मसाबा गुप्ता ने। खास बात यह है कि अभी करीना की डिलिवरी लगभग चार महीने ही हुए हैं। ...और इतने कम समय में वेटलूज़ करने को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। करीना की कोशिशें देखकर तो यही लग रहा है कि जल्द उन्हें इनकी पुरानी शेप में आने से कोई नहीं रोक सकता। साथ ही शादी की तरह ही डिलिवरी भी उनके करियर में किसी तरह की दिक्कत नहीं खड़ी कर सकती।

# होठों को निखारने के 7 घरेलू उपाय



खूबसूरत गुलाबी होठ की चाहत सभी महिलाओं को होती है, लेकिन कम ही ऐसी होती हैं, जिन्हें ये मिल पाता है. गुलाबी होठ पाने के लिए महिलाएं कई तरह के कॉस्मेटिक प्रोडक्ट तक खरीद लेती हैं पर फिर भी कोई फर्क नहीं पड़ता है. आगे की स्लाइड में हम आपको कुछ घरेलू उपचार बताएंगे, जिससे आपके होंठ गुलाबी हो सकते हैं।

» नींबू के रस को रोज रात को सोने से पहले अपने होठ में लगाएं. इस उपाय को कम से कम दो महीने करें.

» बीटरूट का रस लगाने से भी होठों का रंग गुलाबी होता है. बीट में लाल रंग प्राकृतिक रूप में मौजूद होता है, जिससे होंठ गुलाबी होते हैं. बीटरूट का रस होठ के कालेपन को भी दूर करता है.

» संतरे को अपने होठ पर रगड़ें. इसका रस होठों को मुलायम और खूबसूरत बनाता है.

» नारियल पानी, खीरे का रस और नींबू के रस को मिलाकर होठ पर लगाने से होठों का कालापन दूर होता है.

» हल्दी पाउडर को मलाई के साथ मिलाकर होठ में लगाने से भी होंठों का कालापन दूर होता है.

» अनार के दानों को मलाई के साथ पीसकर होठों पर लगाएं. इस उपाय को कुछ दिन करें. आपको फर्क दिखने लगेगा. होंठ गुलाबी और खूबसूरत हो जाएंगे.

» सोने से पहले ग्लीसरीन, गुलाब जल और केसर को मिलाकर होठ में लगाने से भी होंठ निखरते हैं.

# बच्चों में फास्ट फूड खाने की आदत को ऐसे छुड़ाएं



बच्चों को फास्ट फूड खाना बहुत पसंद होता है लेकिन यह सेहत के लिए काफी हानिकारक है। अधिक फास्टफूड का सेवन करने से बच्चों में मोटापे की समस्या बढ़ रही है। गर्मी के मौसम में भी बच्चे फास्ट फूड खाना नहीं छोड़ते। बच्चों की इस आदत को रोकना बहुत जरूरी है। आज हम आपको कुछ टिप्स देंगे, जिससे आप बच्चों की यह आदत छुड़वा सकते है।

» बच्चे को सुबह हैल्दी ब्रेकफास्ट करवाएं ताकि वह दिन में फास्ट फूड न खाएं। ब्रेकफास्ट में बच्चे की पसंद की चीजें बनाएं।

» फ्रिज में ताजे फल जरूर रखें। उन्हें फल खाने की आदत डालें। बच्चों को क्रिएटिव सलाद बना कर दें।

» घर में बच्चों की पसंद के स्नैक्स रखें ताकि उनके मांगने पर आसानी बनाया जा सके।

» अगर बच्चे फास्ट फूड की डिमांड भी करते हैं तो उन्हें डांटे नहीं बल्कि प्यार से समझाएं। बच्चों को फास्ट फूड के दुष्प्रभावों के बारे में बताएं।

» कभी-कभी बच्चों को घर पर ही हैल्दी स्नैक्स बनाकर दें। घर पर बनाए स्नैक्स पौष्टिक भी होगें और इससे बच्चे भी खुश हो जाएंगे।

# मंहगे कपड़े ही नही स्टाइलिश दिखने के लिए ये आदतें भी हैं जरूरी




स्टाइलिश दिखने के लिए महिलाएं बहुत कुछ करती हैं। मंहगे कपड़ों से लेकर एक्सैसरीज तक उनकी हर चीज ट्रैंडी होती हैं। अक्सर बाहर आने-जाने वाली महिलाओं को अपने कपड़ों को लेकर काफी चिंता रहता है। स्टाइलिश कपड़े, मैचिंग जूते और मेकअप हर चीज को वे कैरी करती हैं लेकिन सिर्फ मंहगे कपड़ों से ही नहीं, फैशनेबल दिखने के लिए कुछ छोटी-मोटी आदतों को अपनाना भी बहुत जरूरी है। आइए जानिए महिलाओं के लिए कुछ जरूरी बातें

### 1. वार्डरोब



महिलाओं के पास कई कपड़े होते हैं जिन्हें वे अपनी वार्डरोब में रखती हैं लेकिन कामकाज वाली महिलाओं के पास इतना समय नहीं होता कि वे अपनी अलमारी को सही ढंग से रखें। ऐसे में कुछ समय निकाल कर अपनी वार्डरोब को सही तरीके से अरेंज करें जिससे कपड़े इधर-उधर न हों और ऑफिस जाते समय आराम से कपड़े मिल जाएं।

### 2. मेकअप




ऑफिस जाने वाली महिलाओं के पास सुबह इतना समय नहीं होता कि अच्छे से तैयार हो सकें। इसके लिए रात को ही कपड़े निकाल कर रख लें और सुबह थोड़ा जल्दी उठ जाएं। इससे तैयार होने के लिए समय भी मिल जाएगा और हड़बड़ी में कुछ भूलेंगी नहीं।

### 3. स्पा



अक्सर महिलाएं कामकाज में इतना बीजी हो जाती हैं कि वे खुद पर ध्यान नहीं दे पाती। ऐसे में उन्हें स्किन और बालों को लेकर कई समस्याएं हो जाती हैं। इसलिए महीने में एक बार खुद के लिए समय निकाल कर स्पा और फेशियल करवाएं।

### 4. कपड़े



स्टाइलिश दिखने के लिए महिलाएं महंगे कपड़े और जूते पहनती हैं लेकिन समय न होने की वजह से वे कपड़ों को प्रैस नहीं करती जो देखने में बिल्कुल अच्छा नहीं लगता। ऐसें में हमेशा कपड़ों को पहनने से पहले उनकी सिलवटें निकालें।

### 5. हैल्दी डाइट



कपड़ों से सिर्फ बाहरी सुंदरता मिलती है लेकिन अपनी अंदरूनी खूबसूरती के लिए एक अच्छी डाइट लेना बहुत जरूरी है। इसके लिए फल और हरी सब्जियां खाएं और खूब पानी पीएं।

# मां सिखा देती है जीवन जीने के 4 तरीके

दुनिया का सबसे खूबसूरत रिश्ता मां-बच्चों के बीच का होता है। मां का प्यार बच्चों के लिए सारी दुनिया से बढकर होता है। मां के आदर्शों से ही बच्चे आगे बढते हैं और उसकी दी गई सीख बच्चों को सारी जिंदगी याद रहती है। कुछ बातें ऐसी होती हैं जिनको ना तो स्कूल में पढ़ाया जाता है और ना मां के अलावा कोई और बच्चों को सीखा सकता है।

**1. दूसरों की केयर करना :** मां अपने बच्चों की खास देखभाल करती हैं। बच्चा चाहे कितना भी शैतान क्यों न हो मां उसको प्यार करना कभी नहीं छोड़ती। इतने कामों के होते हुए भी मां परिवार और बच्चों की हर जरूरत का ख्याल रखती है। उसकी यही बात को बच्चे भी अपनी जिंदगी में ढाल लेते हैं।

**2. जिम्मेदारी निभाना :** बच्चों के छोटे होने से लेकर बड़े होने तक हर समय मां उनका ख्याल रखती है। समय-समय पर जरूरत से पहले ही उनको चीज लाकर देती है। मां अपने हर बच्चे के लिए पूरी तरह से बराबर की जिम्मेदारी निभाती है। मां की इन्ही बातों को बच्चे अपनी जिंदगी में ढाल लेते हैं।

**3.अनुशासन का पालन करना :** बच्चों की जिंदगी में कुछ बातें ऐसी होती हैं जिससे मां के गुण भी पहचाने जाते हैं। अपने से बड़ों के साथ कैसी बातचीत करनी है। अपने से छोटे बच्चों के साथ किस तरह से पेश आएं और कैसे उनकी देखभाल करनी है। यह बातें बच्चे के बड़े होने के बाद भी काम आती हैं।

**4. गुस्से पर कंट्रोल रखना :** गुस्सा इंसान का सबसे बड़े दुश्मन है। बच्चे को चीजों को नजरअंदाज करना सीखाएं। मां गुस्से पर काबू पाकर, बातों को नजरअंदाज करके भी प्यार के साथ रिश्तों को निभाती जाती है। इस बात को बच्चे जरूर फॉलो करते हैं और जो बच्चे इस सीख को जिंदगी में ढाल लेते हैं उनको रिश्ते निभाने में कोई परेशानी नहीं आती।

## रेसिपी

### इडली चाट



**सामग्री**

4 इडली (दालचावल या सूजी की), 1/2 टमाटर (कद्दूकस किया हुआ), 2 बड़े चम्मच टोमैटो सॉस, 1 छोटा चम्मच राई, 7-8 करीपत्ते, 1/2 कप प्याज (कटे हुए), 1 हरीमिर्च (लंबी कटी हुई), नमक स्वादअनुसार, तेल तलने के लिए, 1 छोटा चम्मच सांभर पाऊडर

**विधि**

सबसे पहले इडली को 2 हिस्सों में काट लें। अब कड़ाही में तेल गर्म करें। अब उसमें करीपत्ता, प्याज, टमाटर, हरीमिर्च डालकर अच्छी तरह से भूने। बाद में टमाटर कैचप, सांभर पाऊडर और 1/2 कप पानी और नमक डालें। इसे थोड़ी देर के लिए पकाएं। अब उसमें इडली के टुकड़े डालकर अच्छी तरह से हिलाएं और आंच बंद कर दें। इडली चाट तैयार है। इसे हरी चटनी के साथ सर्व करें।

### बीन स्प्राउट्स , कॅप्सिकम सलाद



**सामग्री**

1 1/2 कप बीन स्प्राउट्स, 1/4 कप पतली स्लाईस्ड शिमला मिर्च, नमक स्वादअनुसार, तीखे ड्रेसिंग के लिए, 1 1/2 टी-स्पून तेल, 1 टी-स्पून क्रश किया हुआ लहसुन, 2 टी-स्पून विनेगर, 1 टी-स्पून सोया सॉस, 1/2 टी-स्पून शक्कर, 1/2 टी-स्पून लाल मिर्च पाउडर, 1 1/2 टेबल-स्पून दरदरी क्रश की हुई मूंगफली, नमक स्वादअनुसार,

**सजाने के लिए:** 1 टेबल-स्पून बारीक कटे हुए हरी प्याज़ के पत्ते, 1 टेबल-स्पून कटा हुआ हरा धनिया

**विधि**

**तीखे ड्रेसिंग के लिए:** छोटे नॉन-स्टिक पैन में तेल गरम करें, लहसुन डालकर मध्यम आंच पर 15 सेकेन्ड तक भूनें। आंच से हठाकर ठंडा करने रख दें। विनेगर, सोया सॉस, शक्कर, लाल मिर्च पाउडर, मूंगफली पालकर अच्छी तरह मिलाएं। एक तरफ रख दें।

**आगे बढ़ने की विधी:** बीन स्प्राउट्स, तीखे ड्रेसिंग और नमक को एक बाउल में डालकर हलके हाथों मिला लें। तुरंत परोसें या 30 मिनट के लिए फ्रिज में रखकर ठंडा परोसें।



# मियामी ओपन टेनिस : बोपन्ना और एबडेन क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, शीर्ष वरीय जोड़ी ने निस-जिलिंस्की को परास्त किया

**मियामी (अमेरिका),27 मार्च (एजेंसियां) ।**

इस वर्ष ऑस्ट्रेलियाई ओपन का पुरुष युगल खिताब जीतने वाली जोड़ी रोहन बोपन्ना और मैथ्यु एबडेन ने मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। शीर्ष वरीय 43 वर्षीय बोपन्ना और एबडेन ने दूसरे दौर के पुरुष युगल मुकाबले में मोनाको के ह्यूगो निस और पोलैंड के जान जिलिंस्की को कड़े संघर्ष में 7-5, 7-6 (3) से पराजित किया। यह मुकाबला एक घंटा 39 मिनट चला।

**अब पैट्रिक-वरबीक से भिड़ेंगे** - एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के अंतिम-8 में बोपन्ना और एबडेन ऑस्ट्रेलिया के जान पैट्रिक और नीदरलैंड के सेम वरबीक से भिड़ेंगे। भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने चार एस लगाए और 84 प्रतिशत अंक पहली सर्विस पर जीते। दोनों ने पहले सेट के 11वें गेम में निस-जिलिंस्की की सर्विस तोड़ी। इसके बाद दो ब्रेक प्वाइंट बचाते हुए 7-5 से सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट में निस-जिलिंस्की के डबल फॉल्ट की बदौलत बोपन्ना-एबडेन को जीत मिली। पहले दौर में बोपन्ना-एबडेन ने इटली के साइमन बोलेली और वावासोरी को 4-6, 7-6 (4), 10-4 से हराया था।

**शीर्ष वरीय स्वियातेक और गॉफ बाहर** - इस टूर्नामेंट के महिला एकल मुकाबलों में दो बड़े उलटफेर हुए। शीर्ष वरीय पोलैंड की इगा स्वियातेक और तीसरी वरीय कोको गॉफ को पराजय मिली। स्वियातेक को एकतेरीना एलेक्जेंड्रोवा से 4-6, 2-6 और गॉफ को नंबर 23 फ्रांस की कैरोलिन गार्सिया के हाथों 3-6, 6-1, 2-6 से हार मिली। क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं गार्सिया की इस टूर्नामेंट में ग्रैंड स्लैम विजेता पर यह लगातार दूसरी जीत है। इससे पहले उन्होंने नाओमी ओसाका को हराया था। एलीना रिबाकीना ने मेडिसिन कीज को 6-3, 7-5 और विक्टोरिया अजारेंका ने कैटी बोल्टर को 7-5, 6-1 से हराकर अंतिम-8 में जगह बनाई। पुरुष एकल में स्पेन के कार्लोस अल्कारेज ने गेल मोंफिल्स को 6-4, 6-2 से हराकर अंतिम-16 में प्रवेश किया।

## न्यूज ब्रीफ

### बिहार की प्रतिभा को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा रहे हैं बीसीए अध्यक्ष



**पटना।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के अध्यक्ष राकेश तिवारी के प्रयासों से, राज्य के दो क्रिकेटर साकिब हुसैन और चंदन यादव आईपीएल 2024 का हिस्सा हैं और अपने करियर को एक नई पहचान देने की राह पर हैं. आईपीएल नीलामी में जहां साकिब को केकेआर ने 20 लाख रुपये में खरीदा है, वहीं चंदन यादव को 2024 सीजन के लिए फ्रेंचाइजी ने बतौर नेट गेंदबाज अपने साथ जोड़ा है. साकिब ने तिवारी के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि उनका ध्यान अपने कौशल पर कड़ी मेहनत करने पर रहता है. साकिब हुसैन ने पिछले साल बिहार क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था, बीसीए अध्यक्ष राकेश तिवारी ने मुझे केकेआर में चयनित होने में मदद करने में प्रमुख भूमिका निभाई. मैंने कड़ी मेहनत की, लेकिन चयन मेरे हाथ में नहीं था इसलिए मेरा ध्यान सिर्फ मेहनत और खुद को काबिल बनाने पर था. मुकेश कुमार, जो बिहार से ही हैं, मेरे आदर्श हैं। उन्होंने कहा, अंतर्राष्टीय स्तर पर, मैं एमएस धोनी का फैन हूं, क्योंकि मैं पिछले साल नेट गेंदबाज के रूप में सीएसके में था. उन्होंने मुझे बहुत प्रेरित किया. बिहार के क्रिकेटरों को बड़े मंच पर पहचान मिलने से बीसीए अध्यक्ष खुश हैं. उन्होंने दोनों खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों पर बधाई दी। बीसीए अध्यक्ष ने कहा, साकिब हुसैन और चंदन यादव को बड़े मंच पर उभरते हुए देखकर मेरा दिल बेहद गर्व और खुशी से भर जाता है. उनकी यात्रा बिहार क्रिकेट की अटूट भावना और क्षमता का प्रतीक है. बिहार क्रिकेट एसोसिएशन में हम अपनी युवा प्रतिभाओं को इस तरह चमकते हुए देखकर खुश हैं। बीसीए अध्यक्ष ने एक बयान में कहा, मैं दोनों को उनके आईपीएल प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देता हूं. बीसीए के सीईओ मनीष राज ने भी बिहार के खिलाड़ियों पर आने वाले वर्षों में अच्छा प्रदर्शन करने का भरोसा जताया. साकिब और चंदन दोनों ने बीसीए कोचिंग स्टाफ और चयनकर्ताओं के प्रति भी आभार व्यक्त किया।

### ग्रीम स्मिथ के नाम है ये अनौखा रिकार्ड



**नई दिल्ली ।** ग्रीम स्मिथ एक बेहतरीन बल्लेबाज होने के साथ ही दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान भी रहे हैं। उनके नाम एक अनोखा रिकार्ड भी दर्ज है। ये है टीम को टेस्ट में सबसे अधिक जीत और हार का रिकार्ड। स्मिथ ने 108 टेस्ट में अपनी टीम की कप्तानी की थ। स्मिथ की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीकी टीम को सबसे अधिक 53 टेस्ट में जीत हासिल हुई जबकि 29 हार भी उन्ही ही कार्यकाल में मिली। इसके अलावा भी उन्होंने एक मैच में आईसीसी एकादश की भी कप्तानी की थी जिसमें भी उनकी टीम को हार मिली। स्मिथ ऐसे एकमात्र कप्तान हैं जिन्होंने अपनी अगुवाई में टीम को 50 से अधिक टेस्ट में जीत दिलाई है। इस मामले में ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोटिंग और स्टीव वॉ उनसे कही पीछे हैं।

## आईपीएल का ऐतिहासिक मैच...

# रनों के पहाड़ से दबी मुंबई, सबसे बड़ा स्कोर बनाकर जीती सनराइजर्स

**हैदराबाद, 27 मार्च (एजेंसियां) ।**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का हर मैच अपने आप में किसी बॉलीवुड की थ्रिलर फिल्म की तरह होता है। लेकिन, जो कुछ हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 27 मार्च, 2024 को हुआ वह अद्भुत था। गेंदबाजों के लिए बर्बादी, तबाही का दिन तो बल्लेबाजों के लिए इससे बड़ा दिन नहीं हो सकता है। पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने 3 विकेट पर 277 रन ठोकते हुए आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया तो दूसरी ओर स्टार खिलाड़ियों से भरी मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज भी कहां कम थे। मैच में रिकॉर्ड छक्के लगे तो फैंस चौके-छक्के की बारिश के बीच अपने शोर से स्टेडियम की दीवारें चटकाते नजर आए। हालांकि, मुंबई इंडियंस 5 विकेट पर 246 रन बनाकर भी हार गई। इस तरह से हैदराबाद ने 31 रन से मैच जीतते हुए इस सीजन में अपना खाता खोल लिया है। भारी भरकम लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस ने उम्मीद के मुताबिक तूफानी अंदाज में शुरुआत की। दूसरी गेंद पर रोहित शर्मा ने भुवनेश्वर कुमार को चौका उड़ाते हुए बताया कि उन्हें हिटमैन क्यों कहते हैं। अगले ओवर में जयदेव उनादकत को 2 छक्के ठोके तो ईशान के बल्ले से भी एक चौका निकला। तीसरा ओवर करने आए स्विंग के सुल्तान कहे जाने वाले भुवी भी रनों का बहाव रोक नहीं सके। उन्हें ईशान किशन ने लगातार चार गेंदों में 3 छक्के और एक चौका जड़ते हुए 23 रन कूट डाले। चौथे ओवर की पहली गेंद पर छक्का उड़ाने के बाद ईशान शाहबाज अहमद की गेंद का



शिकार बने। उन्होंने 13 गेंदों में 4 छक्के और 2 चौके के दम पर 34 रन ठोके। हालांकि, अगले ही ओवर में रोहित भी जीवनदान के बाद 12 गेंदों में 3 छक्के और एक चौका के दम पर 26 रन बनाकर आउट हो गए।दो विकेट मुंबई के जरूर गिर गए थे, लेकिन रनों का अंबार अभी भी लग रहा था। नमन धीर और तिलक वर्मा ने मोर्चा संभाला। उमरान मलिक 7वां ओवर करने आए तो 15 रन पड़ गए, जबकि देखते ही देखते 10 ओवर में 141 रन मुंबई के स्कोरकार्ड पर टंग गया। हालांकि, यहां हैदराबाद के पास 148 रन थे। दोनों अपने आप में रिकॉर्ड हैं। इस बीच नमन धीर को जयदेव ने 30 रनों पर चलता किया तो मैदान पर आए हार्दिक पंड्या ने भी तेवर दिखाए। उन्होंने 12वें ओवर में मयंक मार्कंडेय को छक्का और फिर चौका लगाकर शुरुआत की तो तिलक वर्मा ने 24 गेंदों में हाफ सेंचुरी पूरी की।

15वें ओवर की पहली गेंद पर तिलक वर्मा पैट कमिंस के शिकार बने तो मुंबई दबाव में आ गई। वह 34 गेंदों में 2 चौके और 6 छक्के के दम पर 64 रन बनाए। इसके बाद हार्दिक पंड्या और टिम डेविड पर जिम्मेदारी आ गई। इस बीच 18 गेंद तक कोई बाउंड्री नहीं लगी।

इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने बल्लेबाजों की तूफानी पारियों के दम पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ 3 विकेट पर 277 रन बनाए, जो आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर रहा। सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने शुरू से लेकर आखिर तक ताबड़तोड़ रन बटोरे, जिससे उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के 2013 में पुणे वॉरियर्स के खिलाफ बनाए गए पांच विकेट पर 263 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने में सफल रही। ट्रैविस हेड ने 24 गेंद पर 9 चौके और 3 छक्के की मदद से 62 रन बनाए जबकि अभिषेक शर्मा ने 23 गेंद पर 63 रन बनाए जिसमें 3 चौके और 7 छक्के शामिल हैं। इन दोनों के आउट होने के बाद हेनरिक क्लासेन (34 गेंद पर नाबाद 80 रन, चार चौके, सात छक्के) और एडेन मार्कराम (28 गेंद पर नाबाद 42, दो चौके, एक छक्का) ने 55 गेंद पर 116 रन की अटूट साझेदारी की।

हेड जब पांच रन पर थे तब हार्दिक पंड्या की गेंद पर टिम डेविड ने उनका कैच छोड़ा। ऑस्ट्रेलिया के इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 17 वर्षीय क्वेना मफाका पर लगातार दो छक्के और दो चौके जड़कर इसका जश्न मनाया जिससे सनराइजर्स तीन ओवर में 40 रन बनाने में सफल रहा। मफाका बेहद महंगे साबित हुए। उन्होंने चार ओवर में 66 रन लुटाए। हार्दिक ने इसके तुरंत बाद जसप्रीत बुमराह को आक्रमण पर लगाया और वह स्वयं छोर बदलकर गेंदबाजी के लिए आए। उनकी यह रणनीति कारगर साबित हुई और इस बार डेविड ने मयंक अग्रवाल (11) का कैच लेने में कोई गलती नहीं की।

हेड ने हालांकि हार्दिक के इस ओवर में लगातार तीन चौके लगाकर अपना आक्रामक रवैया बरकरार रखा। उन्होंने गेराल्ड कोएट्जी का स्वागत दो चौके और एक छक्के से करके 18 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया। इस तरह से सनराइजर्स ने पावर प्ले में एक विकेट खोकर 81 रन बनाए। सनराइजर्स का पावर प्ले में यह सर्वाधिक स्कोर है। अभिषेक ने पीयूष चावला पर तीन छक्के जड़े जिससे सनराइजर्स का स्कोर सात ओवर में ही तिहरे अंक में पहुंच गया। कोएट्जी ने अगले ओवर में हेड के तेवरों पर विराम लगाया लेकिन अभिषेक अपने पूरे रंग में दिखे। उन्होंने मफाका पर लगातार दो छक्के लगाकर 16 गेंद पर अर्धशतक पूरा किया तथा सनराइजर्स की तरफ से कुछ देर पहले हेड के बनाए गए रिकार्ड को थोड़ा।

नहीं खींच पाए और चावला पर एक और छक्का लगाने के प्रयास में मिड विकेट पर कैच दे बैठे। सनराइजर्स ने 10 ओवर में दो विकेट पर 148 रन बनाए, जो आईपीएल में नया रिकॉर्ड है। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के दो बल्लेबाजों क्लासेन और मार्कराम ने जिम्मेदारी संभाली। क्लासेन ने 15वें ओवर में बुमराह पर छक्का लगाकर टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। क्लासेन ने लंबे शॉट खेलना जारी रखा और 23 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने शम्स मुलानी पर आखिरी ओवर में दो छक्के लगाकर सनराइजर्स को नए रिकॉर्ड तक पहुंचाया।

# बाबर आजम दोबारा संभालेंगे पाकिस्तान टीम की कप्तानी पीसीबी इन दो खिलाड़ियों को दे सकता है जोरदार झटका

**नई दिल्ली,27 मार्च (एजेंसियां) ।**



पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का शाहीन अफरीदी और शान मसूद से भरोसा उठ रहा है और ऐसा माना जा रहा है कि बाबर आजम को दोबारा राष्ट्रीय टीम का कप्तान बनाया जा सकता है। बाबर आजम ने पिछले साल भारत में संपन्न वनडे वर्ल्ड कप के बाद कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था।

शान मसूद टेस्ट टीम की कमान संभाल रहे हैं जबकि टी20 प्रारूप में शाहीन अफरीदी ने पाकिस्तान के कप्तान की जिम्मेदारी निभाई। पीसीबी थिंक-टैंक में मौजूद सूत्रों ने कहा कि बोर्ड इस नतीजे पर पहुंचा है कि अन्य विकल्प की कमी होने के कारण बाबर आजम कप्तानी करने के सर्वश्रेष्ठ विकल्प नजर आते हैं।

शान मसूद टेस्ट टीम की कमान संभाल रहे हैं जबकि टी20 प्रारूप में शाहीन अफरीदी ने पाकिस्तान के कप्तान की जिम्मेदारी निभाई। पीसीबी थिंक-टैंक में मौजूद सूत्रों ने कहा कि बोर्ड इस नतीजे पर पहुंचा है कि अन्य विकल्प की कमी होने के कारण बाबर आजम कप्तानी करने के सर्वश्रेष्ठ विकल्प नजर आते हैं।

सूत्र ने कहा, बाबर आजम के पास कुछ लोगों को भेजा गया, जो पता लगाएंगे कि वो पाकिस्तान टीम की दोबारा कप्तानी करने को तैयार हैं कि नहीं। बाबर आजम ने कुछ आपत्तियां दर्ज कराई हैं। वो बोर्ड चेयरमैन से कुछ वादे चाहते हैं।

**बाबर की खराब कप्तानी**- जब जका अशरफ बोर्ड के चेयरमैन थे, तब बाबर आजम को वर्ल्ड कप के बाद कप्तानी से हटा दिया गया था। इसके बाद बाबर ने लाल गेंद क्रिकेट की कप्तानी का फैसला भी किया था। बाबर आजम ने 2000 से कप्तानी संभाल रखी थी, लेकिन आईसीसी खिताब नहीं जीतने के बाद उन्हें हटा दिया गया था। सूत्र ने कहा, जका के समय शाहीन अफरीदी को टी20 प्रारूप का दमदार कप्तान माना जा रहा था क्योंकि उनकी कप्तानी में लाहौर कलंदर्स ने दो बार पीएसएल खिताब जीता था। मगर बोर्ड में बदलाव के बाद उनकी कप्तानी में आए परिणामों को देखते हुए तेज गेंदबाज से कप्तानी छिनी जा सकती है।

**अफरीदी भी बेअसर** - शाहीन अफरीदी की कप्तानी में पाकिस्तान को न्यूजीलैंड के हाथों टी20 इंटरनेशनल सीरीज में 1-4 की शिकस्त सहनी पड़ी थी। इसके अलावा लाहौर कलदंर्स इस साल पीएसएल में आखिरी स्थान पर रही। सूत्र ने साथ ही कहा कि मौजूदा चेयरमैन मोहसिन नक्वी महत्वपूर्ण फैसलों के लिए पूर्व क्रिकेटरों की राय पर निर्भर हैं।

# हरियाणा सब जूनियर राष्ट्रीय मुक्केबाजी में दोनों वर्गों में बना चैंपियन, कुल मिलाकर 19 पदक जीते

**ग्रेटर नोएडा,27 मार्च (एजेंसियां) ।**

हरियाणा यहां मुक्केबाजी सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में लड़कों और लड़कियों दोनों में टीम खिताब के साथ कुल 19 पदक जीतकर चैंपियन बना। लड़कियों के वर्ग के मौजूदा चैंपियन हरियाणा ने 64 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर रहकर अपने खिताब का बचाव किया।

उसने सात स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते। हरियाणा की सात में से छह मुक्केबाजों ने आसानी से 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से जीत हासिल की।

दिया (61 किग्रा) ने दिल्ली की यशिका को 5-0 से हराया और 'सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज' चुनी गईं। उनके अलावा बालिका वर्ग में उसके लिए भूमि (35 किग्रा), निश्चल शर्मा (37 किग्रा), राखी (43 किग्रा), नैतिक (52 किग्रा), नव्या (55 किग्रा) और सुखरीत (64 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। दिल्ली 34 अंक से दूसरे और महाराष्ट्र 31 अंक से तीसरे स्थान पर रहा।

दिल्ली ने एक स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक जबकि महाराष्ट्र ने एक स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक जीते।



**बालक वर्ग में उत्तराखंड दूसरे और यूपी तीसरे स्थान पर** - अरुणाचल प्रदेश की कांस्य पदक विजेता हिलांग (37 किग्रा) बालिका वर्ग में सबसे होनहार मुक्केबाज का पुरस्कार जीतने में सफल रहीं।

लड़कों के वर्ग में हरियाणा ने छह स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य से कुल नौ पदक जीते जिससे वह 62 अंक लेकर पहले स्थान पर रहा। उदय सिंह ने 37 किग्रा में तमिलनाडु के एस सुजीत को 5-0 से मात दी। नितिन (40 किग्रा), रवि सिहाग (49 किग्रा), लक्ष्य (52 किग्रा), नमन (58 किग्रा) और अनमोल दहिया (64 किग्रा) ने भी स्वर्ण पदक जीते। उत्तराखंड तीन स्वर्ण और तीन रजत से 34 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहा।उत्तर प्रदेश ने एक स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक से तीसरा स्थान हासिल किया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### जम्मू-कश्मीर ...

सात दशकों में यहां सिर्फ 4 मेडिकल कॉलेज थे, अब सात नए मेडिकल कॉलेज बनाए गए हैं। 15 नए नर्सिंग कॉलेज बनाए गए हैं, पहले मेडिकल सीटें 500 थीं। अनुच्छेद 370 समाप्त होने के बाद 800 और सीटें जोड़ी गई हैं। पीजी सीटें 367 थीं, अब 397 नई सीटें जोड़ने का काम किया गया है।बताते चलें कि जम्मू और कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023 और जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023 के पारित होने के बाद शाह ने कहा था, यह एक और मोती जोड़ने का काम करेगा। 70 वर्षों से जिन लोगों के साथ अन्याय हुआ है, जो अपमानित हुए और जिनकी अनदेखी हुई, ये विधेयक उन्हें अधिकार और न्याय दिलाने वाले हैं। विस्थापितों को अपने ही देश के अन्य हिस्सों में शरणार्थी बनकर रहना पड़ा। वर्तमान आंकड़ों के अनुसार, लगभग 46,631 परिवारों के 1,57,967 लोग अपने ही देश में विस्थापित हो गए। उक्त विधेयक के पारित होने से उन्हें अधिकार व प्रतिनिधित्व मिलेगा। 1947 में 31,779 परिवार पाक-अधिकृत कश्मीर से जम्मू और कश्मीर में विस्थापित हुए थे। इनमें से 26,319 परिवार जम्मू और कश्मीर में और 5,460 परिवार देशभर के अन्य हिस्सों में रहने लगे। 1965 और 1971 में हुए युद्धों के बाद 10,065 परिवार विस्थापित हुए थे। कुल मिलाकर 41,844 परिवार विस्थापित हुए। अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद, इन विस्थापितों की दशकों से न सुनाई देने वाली आवाज सुनी गई। इन्हें अधिकार दिए गए।

### देर आए...

देर आये दुरुस्त आये। लेकिन यह हर साल दो करोड़ नौकरियां देने या बैंक खातों में 15 लाख जमा करने के खोखले वादे जैसी जुमलेबाजी न हो। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती ने उम्मीद जताई कि सरकार अफ्सपा हटाने के मामले में अपनी प्रतिबद्धता पूरी करेगी क्योंकि इससे केंद्र शासित प्रदेश के लोगों को राहत मिलेगी।

उन्होंने कहा, कोई केवल आशा ही कर सकता है कि वे कम से कम इस मामले में अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करेंगे क्योंकि इससे जम्मू-कश्मीर के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। बात पर अमल करने के लिए गृह मंत्रालय पत्रकारों और वर्तमान में जेलों में बंद हजारों युवा कश्मीरी युवाओं को आरोपमुक्त कर रिहा करके शुरुआत कर सकता है।

### ईडी ने पांच...

जांच में पता चला कि ये संस्थाएं सिंगापुर की गैलेक्सी शिपिंग एंड लॉजिस्टिक्स और होराइजन शिपिंग एंड लॉजिस्टिक्स की मदद से भारत के बाहर विदेशी मुद्रा भेजने और फेमा के उल्लंघन में शामिल हैं। इन संस्थाओं का प्रबंधन एंथनी डी सिल्वा की ओर से किया जाता है। छद्म कंपनियों की मदद से सिंगापुर की संस्थाओं को 1,800 करोड़ रुपये भेजे गए।

### सीएम विजयन की...

नाम की एक प्राइवेट कंपनी ने वीणा पिनरई की कंपनी को 2018 से 2019 के बीच 1.72 करोड़ रुपये का अवैध भुगतान किया। बता दें कि कर्नाटक हाई कोर्ट ने पिछले महीने एसएफआईओ द्वारा शुरू की गई जांच के खिलाफ एक्सलॉजिक सॉल्यूशंस द्वारा दायर याचिका खारिज कर दी थी।

### केजरीवाल मामले में ...

की रिमांड दी गई। अब केजरीवाल को 28 मार्च की दोपहर 2 बजे कोर्ट में पेश किया जाएगा। रिमांड मिलने के बाद अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि मैं इस्तीफा नहीं दूंगा और जेल से ही सरकार चलाऊंगा।

### बिस्तर पर नोटों ...

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले यह तस्वीर इंटरनेट पर शेयर की जा रही है। इसे लेकर यूपीपीएल के अध्यक्ष और बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद (बीटीसी) के मुख्य कार्यकारी सदस्य प्रमोद बोरो ने एक्स पर अपना पक्ष रखा है। बोरो ने स्पष्ट किया है कि बेंजामिन अब यूपीपीएल से नहीं जुड़े हैं। उन्होंने आगे बताया कि एक पत्र प्राप्त होने के बाद 10 जनवरी 2024 को बेंजामिन को पार्टी से निलंबित कर दिया गया था। बोरो ने एक्स पर आगे लिखा कि बासुमतारी का नाम यूपीपीएल के साथ ना जोड़ा जाए। उनके द्वारा किया गया कार्य व्यक्तिगत रूप से उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे लिखा कि हमारी पार्टी इस मामले में जवाबदेह नहीं है। इस तस्वीर का यूपीपीएल या बीटीसी सरकार से कोई लेना-देना नहीं है। बताया जा रहा है कि यह तस्वीर पांच साल पहले बासुमतारी के दोस्तों द्वारा ली गई थी।

### कर्नाटक में ...

शिवकुमार ने कहा, अगर एक पुजारी प्रार्थना करते समय भगवान के सामने अपनी इच्छा जाहिर करता है तो इसमें गलत क्या है? पुजारी ने सिर्फ अपनी इच्छा बताई है। फिलहाल सिद्धारमैया मुख्यमंत्री हैं और मैं उप मुख्यमंत्री और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में काम कर रहा हूं। लोग इसके बारे में बात करते हैं और चाहते हैं कि (शिवकुमार को सीएम बनना चाहिए) एक अलग मामला है, इसका फैसला हमारी पार्टी करेगी। उन्होंने आगे कहा, अभी हम सब सिद्धरमैया के नेतृत्व में काम कर रहे हैं । हमारी इच्छा है कि राज्य उनके नेतृत्व में आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि कई लोग होंगे, जो हमारे लिए प्रार्थना करेंगे और अपनी इच्छा रखेंगे। क्या हम उन्हें ऐसा करने से रोक सकते हैं? मंदिर में यह भगवान और उनके शिष्य के बीच का मामला है, पुजारी ने भगवान के सामने अपनी भावना का इजहार किया है।

### छत्तीसगढ़ : मुठभेड़...

बासागुड़ा क्षेत्र में तीन ग्रामीणों की हत्या किए जाने के बाद से पुलिस इन इलाकों में लगातार सर्चिंग कर रही थी।

सूचना के आधार पर आज केंद्रीय सुरक्षा बल, कोबरा तथा जिला रिजर्व पुलिस जवानों का संयुक्त दल बासागुड़ा इलाके से निकला था। नक्सलियों के प्लाटून नंबर 10 के साथ लगभग डेढ़ घंटे तक मुठभेड़ हुई, जिसमें 6 नक्सली मारे गए। मारे गए नक्सलियों में एक कमांडर भी है। श्री कश्यप ने बताया कि घटना स्थल से 6 बंदूक, भारी मात्रा में विस्फोट सामग्री, वायरलेस सेट बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि बासागुड़ा क्षेत्र के चिकुरभट्टी के इलाके में तालपेरू नदी के किनारे मुठभेड़ हुई। इलाके में अभियान लगातार जारी है।

### लोकसभा में 45...

17वीं लोकसभा के पांच साल के कार्यकाल में 240 बिल पेश किए गए। इनमें से 222 पारित हुए। इसके अलावा 2019 से 2024 की अवधि में 11 बिल वापस ले लिए गए। छह विधेयक लंबित हैं। केवल एक विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली। सांसदों के प्रदर्शन को लेकर एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि एक सांसद ने औसतन 165 सवाल पूछे।

सदन की कुल 273 बैठकों में से 189 में भाग लिया। छत्तीसगढ़ के सांसदों की औसत उपस्थिति सबसे अधिक रही। राज्य के 11 सांसदों ने 273 बैठकों में से 216 में भाग लिया। सबसे कम के पैमाने पर अरुणाचल प्रदेश रहा। यहां के सांसद की औसत उपस्थिति सबसे कम रही। अरुणाचल से निर्वाचित दो सांसदों ने केवल 127 बैठकों में भाग लिया।

### पेशी से एक दिन पहले अस्पताल में भर्ती तौकीर रजा

# हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद हाजिर नहीं हुए, हो सकते हैं अरेस्ट

**बरेली, 27 मार्च (एजेंसियां)।** हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद मौलाना तौकीर रजा खां बुधवार को कोर्ट के सामने हाजिर नहीं हुए। पेशी से एक दिन पहले ही वह दिल्ली के अस्पताल में भर्ती हो गए हैं। रजा ने बीमारी का हवाला देकर अपने अधिवक्ता के जरिए कोर्ट में अर्जी लगवाई है।

हाईकोर्ट के अधिवक्ता आशीष सिंह ने जिला जज की अदालत में हाजिर होने का समय बढ़ाने की अर्जी दी, जिसे कोर्ट ने लेने से इनकार कर दिया। कयास लगाए जा रहे हैं कि उन्हें जल्द ही गिरफ्तार किया जा सकता है। फिलहाल, न्यायालय ने इस मामले में सुनवाई के लिए अगली तारीख एक अप्रैल नियत की है।



साल 2010 दंगे के मास्टर माइंड तौकीर रजा खां की गिरफ्तारी वारंट पर रोक लगाकर हाईकोर्ट ने 27 मार्च तक ट्रायल कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया था। मौलाना तौकीर रजा खां के वकील आशीष कुमार सिंह ने बताया कि हालत बिगड़ने की वजह से वे दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती हैं। इस वजह से वह बुधवार को कोर्ट के सामने पेश नहीं हो पाए। उनकी ओर से जिला जज की अदालत में हाजिर होने का समय बढ़ाने की अर्जी दी गई जिसे कोर्ट ने लेने से इनकार कर दिया।

उन्होंने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ मामला सुप्रीम कोर्ट में है। अब सुप्रीम कोर्ट से ही कोर्ट में हाजिर होने के बारे में दिशा निर्देश मांगे जाएंगे। यहां बता दें कि साल 2010 के दंगों के मामले में सेशन अदालत ने उन्हें तलब किया और हाजिर न होने पर उनका गैर जमानती वारंट जारी किया था।

### जौनपुर लोकसभा सीट पर राजपूतों का रहा है दबदबा

# भाजपा ने कृपाशंकर सिंह पर लगाया है दांव

**जौनपुर, 27 मार्च (एजेंसियां)।** जौनपुर लोकसभा सीट का अगर इतिहास देखें इस लोकसभा सीट पर अब तक राजपूतों का दबदबा रहा है। इस सीट पर अब तक 11 बार राजपूतों ने जीत दर्ज की है। वहीं, चार बार यादव और दो बार ब्राह्मण प्रत्याशी को कामयाबी हासिल हुई है।



इसी समीकरण के तहत ही भाजपा ने एक बार फिर से राजपूत बिरादरी के कृपाशंकर सिंह पर दांव लगाया है। वहीं विपक्षी दलों द्वारा भी किसी राजपूत को ही टिकट दिए जाने के कयास लंगाए जा रहे हैं। हालांकि विपक्ष ने अपने पत्ते अभी नहीं खोले हैं।

जौनपुर लोकसभा सीट पर सर्वाधिक बार जीतने का रिकॉर्ड कांग्रेस के नाम है। कांग्रेस ने इस सीट पर छह बार जीत दर्ज की है। जबकि बीजेपी को सिर्फ चार बार ही जीत हासिल हुई है। समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी को दो-दो बार जीत मिली है। इस सीट से अब तक सबसे अधिक 11 बार राजपूत विजयी रहे हैं। जबकि चार बार यादव और दो बार ब्राह्मण उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है।

जौनपुर लोकसभा सीट पर ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक है। ब्राह्मणों की आबादी 15.72 फीसदी यानी करीब 2.5 लाख है। जबकि राजपूत महज 13.30 फीसदी यानी करीब दो लाख हैं। इनके अलावा यादव 2.25 लाख और मुस्लिम 2.15 लाख हैं। अनुसूचित जाति के वोटर्स की संख्या भी 2.5 लाख के आसपास है।

# पूर्व विधायक विजय मिश्र की करोड़ों की संपत्ति कुर्क

### अल्लापुर में भदोही पुलिस ने की कार्रवाई

**प्रयागराज, 27 मार्च (एजेंसियां)।** प्रयागराज शहर के अल्लापुर में स्थित पुराना साकेत हॉस्पिटल की बिल्डिंग को भदोही पुलिस ने बुधवार को कुर्क कर दिया। यह संपत्ति ज्ञानपुर के पूर्व बाहुबली विधायक विजय मिश्र की बताई जा रही है। विजय मिश्र इस समय जेल में बंद हैं। उनके खिलाफ भदोही और प्रयागराज सहित यूपी के कई जिलों में विभिन्न आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। आज की यह कार्रवाई भदोही पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत की है।

बड़ी संख्या में फोर्स के साथ अल्लापुर में पहुंची भदोही की पुलिस ने माफिया विजय मिश्र के इस करोड़ों की संपत्ति को कुर्क कर दिया। साथ ही मुनादी भी कराई गई। इसके पहले माफिया के कई करीबियों के साथ ही बेटी सीमा मिश्रा और भतीजे पूर्व ब्लाक प्रमुख मनीष मिश्र की भी करोड़ों की संपत्ति कुर्क की जा चुकी है। यह सभी संपत्ति प्रयागराज शहर के विभिन्न इलाकों में हैं। पुलिस के अनुसार माफिया की यह सारी संपत्ति आपराधिक कृत्य से बनाए गए धन से अर्जित की गई है।



बाहुबली पूर्व विधायक विजय मिश्रा के ऊपर हत्या, लूट, छिनैती, मारपीट, संपत्ति हड़पने और दुष्कर्म सहित 83 मामले दर्ज हैं। इस समय वह आगरा जेल में दुष्कर्म के मामले में सजा काट रहा है।

इधर पुलिस लगातार उसके कुनबे और करीबियों पर कार्रवाई कर रही है। अपराध से अर्जित उसकी सम्पत्तियों को पुलिस लगातार जब्त करने का कार्य रही है।

भदोही के जिला मजिस्ट्रेट विशाल सिंह की अदालत ने बीते 15 मार्च को प्रयागराज के बाघम्बरी गृह संस्थान योजना भवन संख्या 48 आधुनिक सुविधाओं से युक्त तीन मंजिला भवन, जो कि साकेत हॉस्पिटल के नाम से संचालित किया जा रहा था। उसे कुर्क करने का आदेश दिया था। इस भवन की अनुमानित कीमत 35 करोड़ पांच लाख रुपये है। इसे विजय मिश्रा ने अपने दामाद हरिशंकर मिश्रा के नाम से खरीदी थी। मजिस्ट्रेट ने कहा कि पूर्व विधायक ने अपने अवैध धन को वैध रूप देने के लिए इसे हॉस्पिटल के रूप में संचालित करा रहा है।

इसी तरह जिला मजिस्ट्रेट ने सरिता विहार नई दिल्ली स्थित कोपिया बिल्डिंग के द्वितीय तल पर आधुनिक सुविधाओं से सुस्सजित भवन जिसकी अनुमानित कीमत 70 करोड़ और आनंद लोक नई दिल्ली के प्रथम तल आधुनिक सुविधाओं वाले भवन जिसकी कीमत आठ करोड़ रुपये है। उसे कुर्क करने आदेश दिया। सरिता विहार नई दिल्ली की कोपियां बिल्डिंग के दूसरे तल को उसने पत्नी रामलली मिश्रा, बेटी सीमा मिश्रा और दामाद हरिशंकर मिश्रा के नाम से खरीदी थी। वहीं आनंद लोक के भवन को उसने अपने बेटे विष्णु मिश्रा के नाम से खरीदी थी।

जिला मजिस्ट्रेट की अदालत के आदेश के तहत जिले की पुलिस ने प्रयागराज और नई दिल्ली पहुंचकर स्थानीय पुलिस व प्रशासन के सहयोग से दोनों संपत्तियों को कुर्क कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. तेजबीर सिंह ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद प्रयागराज और नई दिल्ली पहुंचकर आधुनिक सुविधाओं से युक्त करीब 113 करोड़ की संपत्ति को कुर्क कर दिया गया है। अपराध नियंत्रण और बाहुबलियों पर शिकंजा कसने की कड़ी में आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

### लोकसभा चुनाव: अब एसटी हसन का टिकट कटने पर बगावत, जावेद अली बोले-

# रामपुर के अधीन नहीं रहा है मुरादाबाद

**लखनऊ, 27 मार्च (एजेंसियां)।** सीतापुर की जेल में बंद पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां मुरादाबाद में मौजूदा सांसद एसटी हसन का टिकट कटवाने में कामयाब रहे। वहां आजम की खास मानी जाने वाली रुचि वीरा सपा की अधिकृत प्रत्याशी होंगी। लेकिन, सपा नेतृत्व ने रामपुर में उनकी नहीं सुनी और मोहिबुल्लाह नदवी को मैदान में उतार दिया। नदवी दिल्ली की पार्लियामेंट स्ट्रीट जामा मस्जिद के इमाम हैं। वे मूल रूप से रामपुर के ही रहने वाले हैं। वहीं, रामपुर के सपा जिलाध्यक्ष अजय सागर का कहना है कि हमे आजम खां ने नदवी के बजाय आसिम रजा को चुनाव लड़ाने के निर्देश दिए हैं। आसिम रजा ने भी मंगलवार को निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर पर्चा दाखिल किया है।



मुरादाबाद से एसटी हसन का टिकट कटने पर सपा में बगावत जैसे हालात हो गए हैं। सपा के राज्यसभा सांसद जावेद अली खान ने एक्स के जरिये इशारों ही इशारों में आजम खां के दबाव में यह टिकट काटे जाने की आलोचना की है। उन्होंने लिखा है, ''नवाबों के दौर में भी मुरादाबाद कभी रामपुर के अधीन नहीं रहा, पर अब है!'' उनके बयान में पार्टी में मतलब निकाले जा रहे हैं। साफ एक सपा में एक धड़ा एसटी हसन का टिकट कटने से नाखुश है।

रामपुर में सपा के टिकट पर पिछला उपचुनाव लड़ चुके आसिम रजा ने भी मंगलवार को पर्चा भरा। अजय सागर का कहना है कि सपा के स्थानीय कार्यकर्ता आसिम रजा को ही चुनाव लड़ाएंगे। यहां बता दें कि उपचुनाव में आसिम रजा को आजम के कहने पर ही टिकट दिया गया था। रामपुर से सपा का नदवी को उतारना आजम के लिए झटका माना जा रहा है, क्योंकि वे आजम की पंसद नहीं हैं।

सपा के रामपुर लोकसभा सीट से मोहिबुल्लाह नदवी को उतारने से पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बीच रार बढ़ने की उम्मीद है।

हालांकि, सपा ने डैमेज कंट्रोल शुरू करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। सूत्र बताते हैं कि शीघ्र ही आजम खां को मनाने सपा महासचिव शिवपाल यादव सीतापुर जेल जाएंगे। वहीं, मुरादाबाद के प्रत्याशी को लेकर कन्फ्यूजन दूर हो गया है। इस सीट पर मंगलवार को मौजूदा सांसद एसटी हसन और बुधवार को पूर्व विधायक रुचि वीरा ने सपा के सिंबल के साथ नामांकन कराया था। हालांकि, बुधवार को एसटी हसन ने अपना पर्चा वापस लेने की बात कहकर रुचि वीरा का रास्ता साफ कर दिया।

# सड़क हादसे में महिला अधिवक्ता की मौत

**अमेठी, 27 मार्च (एजेंसियां)।** जिले के गौरीगंज प्रतापगढ़ मार्ग स्थित ताला तिराहे के समीप बुधवार को स्कूटी सवार महिला अधिवक्ता को अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रक महिला अधिवक्ता को रौंदते हुए आगे निकल गया। घटना में गंभीर रूप से घायल महिला अधिवक्ता को संयुक्त जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। रास्ते में महिला अधिवक्ता की मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के कालू का पुरवा मजरे सोमपुर मनकंठ निवासी अधिवक्ता दीक्षा तिवारी (28) पत्नी संदीप तिवारी गौरीगंज स्थित कलेक्ट्रेट में प्रैक्टिस करती थी। बुधवार सुबह करीब 10 बजे वह स्कूटी से ननद आरती तिवारी के साथ घर से निकली थी। गौरीगंज प्रतापगढ़ मार्ग स्थित ताला तिराहे से वह अमेठी के लिए जैसे ही आगे बढ़ी, गौरीगंज की ओर से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने अधिवक्ता की स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद दीक्षा सड़क पर गिर गई और अनियंत्रित ट्रक दीक्षा को रौंदते हुए आगे बढ़ गया। वहीं आरती को मामूली चोटें आई। गंभीर रूप से घायल अधिवक्ता दीक्षा को एंबुलेंस की मदद से संयुक्त जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया। रास्ते में ले जाते समय दीक्षा की मौत हो गई।

# फरार हुआ बंदी गिरफ्तार

**मुरादाबाद, 27 मार्च (एजेंसियां)।** जिला अस्पताल से फरार हुए बंदी को बबराला में बीएसएनएल कर्मचारियों ने एक्सचेंज में चोरी करते रंगे हाथ पकड़ लिया। इसके बाद उसे पुलिस को सौंप दिया है। आरोपी अजीत जुनावई क्षेत्र के गांव रिवाडा का रहने वाला है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है। थाना गुन्नौर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार बालियान ने बताया कि बबराला में बीएसएनएल एक्सचेंज में मंगलवार की रात कर्मचारी नीरज कुमार व पृथी सिंह की ड्यूटी लगी हुई। रात करीब साढ़े तीन बजे उन्हें आहट हुई। उन्होंने देखा, तो कोई व्यक्ति एक्सचेंज का सामान चुरा रहा था। दोनों कर्मचारियों ने उसे घेरकर पकड़ लिया। आरोपी के पास से एक्सचेंज से चोरी की गई डीसी केबिल, बीटीएस की आरआरयू मिली। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अजीत निवासी गांव रिवाडा थाना जुनावई बताया। कर्मचारियों ने घटना की सूचना उच्चाधिकारियों व पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी चोर को हिरासत में ले लिया। साथ ही आरोपी की शिनाख्त 21 मार्च को मुरादाबाद जिला अस्पताल भागे बंदी अजीत के रूप में हुई।

# विकास, विरासत और आस्था एक साथ ले जाने वाली सिर्फ मोदी सरकार : योगी



**मेरठ, 27 मार्च (एजेंसियां)।** राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मेरठ के सीसीएसयू में आयोजित सम्मेलन में कहा कि क्रांतिधरा पर आकर आनंद की अनुभूति हुई है। उन्होंने कहा कि तीन दशक पहले जिस तरह अरुण गोविल ने रामायण में मजबूती के साथ मंचन किया था। ठीक उसी प्रकार अरुण गोविल अब भी मेरठ में इतिहास रचेंगे।

उन्होंने कहा कि मेरठ हमेशा इतिहास रचता है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल को बधाई दी। सीएम योगी ने कहा कि पर्व और त्योहार को फूहड़ बनाने का प्रयास हो रहा था। लेकिन इस बार भी होली के अवसर पर 'जो राम को लाए हैं' गीत बज रहा था। यह परिवर्तन हुआ है।

संसद के हर सत्र में राजेंद्र अग्रवाल की आवाज उठती थी। वहीं, अरुण गोविल को कला के क्षेत्र के जीवंत हस्ताक्षर कहा है। सीएम योगी ने कहा कि लॉकडाउन के समय रामायण एक बार फिर घर-घर तक पहुंचा, जिससे दूरदर्शन की टीआरपी बढ़ गई।

उन्होंने कहा कि मेरठ की पहचान ऐसे राम के चरित्र को निभाने वाले से बन रही है, जिसने तीन दशक पहले भी मजबूती से मंचन किया था। कोतवाल धन सिंह गुर्जर के बलिदान का भी मेरठ साक्षी रहा है। सीएम योगी ने कहा कि 32 हजार करोड़ रुपये से रैपिड का काम किया जा रहा है। यही विकास है। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेसवे बनने से अब मेरठ के लोग एक घंटे से पहले ही दिल्ली पहुंच जाते हैं। उन्होंने कहा कि पहला खेल विश्वविद्यालय भी यहीं बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे का जिक्र करते हुए कहा कि यही विकास की तस्वीर है। सीएम योगी ने कहा कि पहले की तुलना में यूपी में बहुत कुछ बदल गया है। उन्होंने कहा कि मोदी को बार-बार इसीलिए लाया जा रहा है कि पीएम मोदी ने देश में विकास करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। उन्होंने कहा कि उग्रवाद, नक्सलवाद और आतंकवाद पर प्रभावी नियंत्रण हुआ है। कश्मीर में आतंकवाद भी समाप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि होली खेले रघुवीरा गीत सुनते थे लेकिन, अवध में जाते थे तो राम जी के दर्शन नहीं होते थे। पहली बार 500 वर्षों के बाद रामलला ने होली खेली है। उन्होंने पूछा कि क्या विपक्ष ऐसा कभी कर पाता? उन्होंने कहा कि विकास, विरासत और आस्था एक साथ ले जाने वाली सिर्फ मोदी सरकार है। पीएम मोदी ने कहा कि 140 करोड़ का भारत ही मेरा परिवार है। विपक्ष के लिए फेमिली फर्स्ट है लेकिन, पीएम मोदी के लिए देश फर्स्ट है।

# दस दिवसीय ब्रह्मोत्सव प्रारंभ : सोने की पुण्य कोटि में विराजमान हुए भगवान रंगनाथ

### बड़े बगीचा तक निकली शोभायात्रा

**मथुरा, 27 मार्च (एजेंसियां)।** तीर्थनगरी मथुरा के वृंदावन में उत्तर भारत के दक्षिण भारतीय शैली का विशालतम रंगनाथ मंदिर का दस दिवसीय ब्रह्मोत्सव वैदिक मंत्रोचार और पूजा पाठ के साथ शुरू हुआ। ब्रह्मोत्सव के पहले दिन सुबह के समय भगवान रंगनाथ माता गोदा (लक्ष्मी जी) के साथ सोने से बनी पुण्य कोटि में विराजमान हुए। मंदिर से शुरू हुई सवारी गाजे बाजे के साथ बड़े बगीचा पहुंची जहां कुछ देर विश्राम करने के बाद सवारी वापस मंदिर आई। ब्रह्मोत्सव की



शुरुआत से पहले भगवान रंगनाथ के सेनापति विष्वक्सेन जी का आव्हान पूजन अर्चन किया गया। पूजन अर्चन के बाद उनको चांदी से बनी पालकी में विराजमान किया गया। इसके बाद परम्परागत वाद्य यंत्रों की ध्वनि के साथ शुरू की गयी सवारी। विष्वक्सेन जी ब्रह्मोत्सव के लिए की गयी व्यवस्थाओं का जायजा लेने चांदी की पालकी में विराजमान होकर निकले। वृंदावन का रंगनाथ मंदिर उत्तर भारत में दक्षिण भारतीय शैली का सबसे विशाल मंदिर है। इस मंदिर के मुख्य भगवान श्री गोदारंगमन्नार हैं। रंगनाथ मंदिर को दिव्य देश की उपाधि मिली हुई है, यानि वह देवस्थान जहां हर दिन भगवान का उत्सव हो। इन्हीं उत्सवों में प्रमुख है, ब्रह्मोत्सव। इसके बारे में कहा जाता है कि यह उत्सव स्वयं भगवान नारायण के लिए ब्रह्मा जी ने किया था।

श्री रंगनाथ मंदिर में वर्षों से ब्रह्मोत्सव प्रति वर्ष होली के बाद कृष्ण पक्ष की दौज से शुरू होता है। दस दिवसीय ब्रह्मोत्सव की शुरुआत बुधवार की प्रातः शुभ मुहूर्त में ध्वजारोहण की परंपरा के साथ हुई। शुभ मुहूर्त में मंदिर के पुरोहित विजय मिश्रा ने वैदिक मंत्र पढ़ने शुरू किए।

इससे पहले उत्सव प्रारम्भ करने के लिए उन्होंने मंदिर के श्रीमहंत गोवर्धन रंगाचार्य जी महाराज के निर्देशन में ध्वजारोहण के समय भगवान गरुड़ जी का पूजन पुजारी राजू स्वामी से कराया। इसका उद्देश्य भगवान गरुड़ जी द्वारा समस्त देवी देवताओं को ब्रह्मोत्सव की सूचना देना है। समस्त उत्सव की बागडोर गरुड़ जी के हाथों में सौंपना है। पूजन के बाद सोने से बने स्तम्भ पर गरुड़ जी की ध्वजा चढ़ा दी जाती है।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, गुरुवार, 28 मार्च, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# भाजपा सांसद बंडी संजय ने चेंगीचेर्ला का किया दौरा, पीड़ित महिलाओं से की मुलाकात

## भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पुलिस के मध्य तीखी नोकझोंक और झड़प



**हैदराबाद, 27 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

भाजपा सांसद बंडी संजय ने बुधवार को चेंगीचेर्ला गांव का दौरा किया और आदिवासी पीड़ितों से बात की। बंडी ने पीड़ित महिलाओं को मदद एवं सुरक्षा का आश्वासन दिया। पीड़िताओं से मिलने पहुंचे बंडी संजय एवं भाजपा कार्यकर्ताओं को चेंगीचेर्ला गांव में घुसने से पुलिस ने रोक दिया। जिससे भाजपा कार्यकर्ता आक्रोशित हो उठे। इस दौरान बंडी संजय और पुलिस अधिकारियों के मध्य तीखी बहसबाजी हुई। भाजपा कार्यकर्ता पार्टी महासचिव बंडी संजय के नेतृत्व में बूचड़खाना कर्मचारियों के हमले से पीड़ित महिलाओं से मिलने पहुंचे थे। इस दौरान पुलिस ने भाजपा कार्यकर्ताओं को पीड़ित महिलाओं से मिलने से रोकने की कोशिश की। इससे आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस बैरिकेड तोड़ दिए। बताते चलंल कि होली के त्योहार के दौरान लाउडस्पीकर पर गाने बजाने को लेकर बूचड़खाने के कर्मचारियों ने आदिवासी महिलाओं और बच्चों पर हमला कर दिया था।

बुधवार को भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उस बस्ती में एकत्र हुए जहां आदिवासी महिलाओं पर हमला किया गया था और उन्होंने सरकार विरोधी नारे लगाए। जब पुलिस ने भाजपा कार्यकर्ताओं को रोकने की कोशिश की तो वे पुलिस कर्मियों से भिड़ गए और बैरिकेड तोड़ दिए। संजय ने पुलिस कर्मियों द्वारा उस क्षेत्र में बैरिकेड्स लगाने पर गंभीर आपत्ति जताई जहां घटना हुई थी। इस दौरान संजय और पुलिस अधिकारियों के बीच तीखी बहस भी हुई। संजय ने पुलिस से तुरंत बैरिकेड हटाने की मांग की।जब पुलिस के कानों में जूं नहीं रेंगी तो भाजपा कार्यकर्ताओं बैरिकेड तोड़ दिए और कॉलोनी में घुस गए। संजय ने घटना में घायल महिलाओं से बातचीत की और उन्हें मदद एवं सुरक्षा का आश्वासन दिया। बाद में मीडिया से बात करते हुए संजय ने सरकार से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने पुलिस पर बूचड़खाना प्रबंधन का पक्ष लेने और गरीब आदिवासी महिलाओं के खिलाफ झूठे मामले दर्ज करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, बूचड़खाना के कर्मचारी बस्ती आए और महिलाओं एवं बच्चों पर हमला किया, इसलिए उनके खिलाफ मामला दर्ज किया जाना चाहिए, महिलाओं के खिलाफ नहीं।

# दिव्यांगता जांच व कृत्रिम अंग वितरण शिविर आयोजित



**हैदराबाद, 27 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

पीडित मानवता की सेवा मे 36 वर्षो से समर्पित नारायण सेवा संस्थान हैदराबाद शाखा के तत्व-ावधान मे बुधवार को दिव्यांगता जांच निःशुल्क अंग विहीन (कटे हुए हाथ-पाँव) दिव्यांगो के कृत्रिम अंग हेतु नाप, वितरण व निःशुल्क पोलियो शल्य चिकित्सार्थ जाँच का आयोजन किया गया।

नारायण सेवा संस्था के हैदराबाद शाखा प्रबंधक महेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि इसामिया बाजार स्थित संस्था के कार्यालय मे आयोजित निःशुल्क अंग विहीन (कटे हुए हाथ-पाँव) दिव्यांगो के कृत्रिम अंग हेतु नाप शिविर, निःशुल्क उपकरण वितरण व निःशुल्क पोलियो शल्य चिकित्सार्थ जाँच शिविर मे मुख्य अतिथि के रूप मे प्राणी मित्र रमेश जागीरदार मेमोरियल फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्षा जया रमेश जागीरदार, मंत्री रिद्धीश जागीरदार, कांची वेलफेर सोसायटी की अध्यक्षा परमेश्वरी शर्मा, समाजसेवी अशोक शंकरराव कुलकर्णी ने भाग लिया। अवसर पर अतिथियों द्वारा भवन मे जारी सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र, मोबाईल रिपेरिंग प्रशिक्षण, कम्पूटर प्रशिक्षण कोर्स का निरीक्षण भी किया।

अवसर पर रिद्धीश जागीरदार ने कहा कि मुझे काफी प्रसन्नता हो रही है कि वर्तमान मे परिस्थित और नई सेवा को जोडने तथा दिव्यांगो को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से विद्यमान भवन मे जहाँ फिजियोथैरेपी, कृत्रिम अंग का निर्माण करने के साथ विकलांगो की सुविधा के लिए सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र, मोबाईल रिपेरिंग प्रशिक्षण, कम्पूटर प्रशिक्षण कोर्स आदि आरंभ किये गए हैं, ताकि विकलांग अपना कार्य कर आत्मनिर्भर बन सके। उन्होने आगे कहा कि केन्द्र से प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों को नौकरी भी दिलवाने का प्रयास किया जाये। दीन दुखियों की सेवा करना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिये।

परमेश्वरी शर्मा ने कहा कि मानव सेवा ही माधव सेवा है, मै नारायण सेवा संस्थान को उसके स्थापना समय से परिचित हूँ, नारायण सेवा संस्थान द्वारा किये जा रहे कार्य निसंदेह प्रशंसनीय है। संस्था विभिन्न प्रकार के सेवा कार्यक्रमो को बढावा दे रही है जो की निसंदेह एक हर्ष का विषय है। उन्होने आगे कहा कि अन्य संस्थाओं को भी आगे आकर इस प्रकार के कार्यों को बडे पैमाने पर आयोजित करना चाहिये।




# आरक्षण के नियम का अनिवार्य रूप से पालन किया जाए : वेदपल्ली रामचंदर



**हैदराबाद, 27 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

आज भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षण और एससीएसटी के लिए सामान्य व्याख्यान पर कार्यक्रम बुधवार शाम मल्टी पर्पस हॉल भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण परिसर में आयोजित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य वड्डेपल्ली रामचंदर ने कहा कि संविधान द्वारा प्रदत्त आरक्षण का अनिवार्य रूप से पालन किया जाना चाहिए तथा पदोन्नति में आरक्षण के आधार पर ही पदोन्नति दी जानी चाहिए तथा एससीएसटी पदों पर आरक्षण दिया जाना चाहिए। समय-समय पर भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) सभी संवर्गों के नये पदों पर आरक्षण के अनुसार भर्ती होनी है। इस अवसर पर राष्ट्रीय आयोग एससी सदस्य वेदपल्ली रामचंदर को फूलों का गुलदस्ता और अंबेडकर का चित्र भेंट किया गया। उन्हें एक शील्ड देकर अखिल भारतीय जीएसआई कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष अदर्ला महेश, क्षेत्रीय सचिव मधिरा सत्यनारायण, एडीजी और एचओडीसीएच वेंकटेश्वर राव ने सम्मानित किया। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अतिरिक्त महानिदेशक एवं विभागाध्यक्ष चौधरी वेंकटेश्वर राव इसी महीने सेवानिवृत्त हो रहे हैं। साथ ही इस माह सेवानिवृत्त हुए लोगों को राष्ट्रीय आयोग एससी सदस्य वेदपल्ली रामचंदर ने सम्मानित भी किया।

अतिरिक्त महानिदेशक और विभाग के प्रमुख सीएच वेंकटेश्वर राव, अखिल भारतीय जीएसआईएस कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष अदर्ला महेश, क्षेत्रीय सचिव मधिरा सत्यनारायण, डीडीजी एलपी सिंह, एस येन महापात्रा, एससी आयोग राष्ट्रीय आयोग के निदेशक सुनील कुमार बाबू, अनुसंधान अधिकारी वरप्रसाद, निदेशक एमएल डोरा, अनूप एन कांबले, एस. तारकेश्वर रॉय, एसोसिएशन के प्रतिनिधि जी. श्रीनिवास राव, किशोर कुमार, बी. आनंद कुमार, आर. अरुण कुमार, चेक्रेश्वर, ए. शिव शंकर, ए. मेघराज, जी. मल्लेश, जी. यादगिरी, बी. श्रीनिवास राव, अनिल कुमार, बीके अमरनाथ और एवं अन्य महिला कर्मचारियों ने बड़े पैमाने पर भाग लिया।

# इस्कॉन अत्तापुर में मनाया गया चैतन्य महाप्रभु का जयंती महोत्सव



**हैदराबाद, 27 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

इस्कॉन मंदिर में हर वर्ष होली उत्सव के दिन आयोजित होने वाला गोरा पूर्णिमा उत्सव के अवसर पर संस्थापक चैतन्य महाप्रभु का जयंती महोत्सव इस बार भी अत्तापुर के इस्कॉन मंदिर में सैकड़ो भक्तों के साथ संकीर्तन आयोजित किया गया।

इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना के साथ गोरा मिठाई की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। कार्यक्रम में सैकड़ो श्रद्धालुओ के हरि कीर्तन एवं हरी कृष्णा हरे रामा के भजनों से गुंजायमान हो उठा। बाद में हजारों सरदारों ने मां प्रसाद में भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# केटीआर ने की रंजीत रेड्डी के दलबदल की निंदा

**हैदराबाद, 27 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री केटी रामा राव (केटीआर) ने पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने के लिए सांसद रंजीत रेड्डी की कड़ी आलोचना की है और उन्हें राजनीतिक अवसरवादी करार दिया है। पार्टी के एक बयान में बुधवार को कहा गया कि केटीआर ने चेवेल्ला संसदीय क्षेत्र के पूर्व विधायकों के साथ बैठक में पार्टी की वफादारी पर व्यक्तिगत शक्ति और व्यावसायिक हितों को प्राथमिकता देने के लिए श्री रेड्डी की आलोचना की।

# राजस्थान नागरिक संघ के फागोत्सव में लगे ठुमके, खेली गई फूलों की होली



**हैदराबाद, 27 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

सिकंदराबाद -राजस्थान नागरिक संघ की और से बोइनपल्ली के तेलंगाना गार्डन में फाग-ोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जो कि 21 मार्च से शुरू हुआ तथा 25 मार्च को होली स्नेह मिलन समारोह के साथ संपन्न हुआ।

कमेटी के मदन सिंह शेखावत ने मरुवेदना ने बताया कि इस बार 21 मार्च से शुरू हुए इस कार्यक्रम में रोज रात 9:15 बजे से 12: 15 बजे तक चंग, मजीरा के साथ होरी- धमाल का शानदार कार्यक्रम चला, जिसमे राजस्थानी सर्व समाज के रसिक प्रेमियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथा 5 दिनों तक खूब फाग - होरिया गाई गईं। इसी क्रम में 24 मार्च को रात्रि 11:15 बजे सामूहिक होली दहन का कार्यक्रम रखा गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में सर्व समाज के पुरुष, महिलाओं ने भाग लिया तथा आयोजित चंग धमाल, डांस के साथ ठंडाई का आनंद उठाया।

इसी प्रकार कमेठी द्वारा 25 मार्च, सोमवार को होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें आपसी स्नेह, भाई चारे एवं समरसता के खूब रंग बरसे। सर्व समाज के सैकड़ों लोगों ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथा आपस मे गुलाल लगा के एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं। 101 किलो फूलो की पंखुड़ियों से खूब होली खेली गई तथा वादकों एवं मेहमान/ स्थानीय गायक कलाकारों ने अनेकानेक प्रस्तुतियो से खूब समां बांधा तथा उपस्थित महिलाओं, बच्चो समेत सभी लोगो ने खूब ठुमके लगाए तथा ठंडाई के साथ फूलो की बारिश में खूब झूमे। कार्यक्रम के पश्चात सभी ने साथ ही में सहभोज लिया।

कार्यक्रम में कमेटी के सोहन लाल शर्मा, जगदीश जांगिड़, भंवर लाल शर्मा, सुरेश शर्मा, तेजा राम जाखड़, मदन सिंह शेखावत, प्रेमा राम जाखड़, रमेश जांगिड़, जयराम चौधरी, कैलाश वैष्णव, गीगा राम बर्फा, जसवंत सिंह, सरदारराम सीरवी, देवाराम बर्फा, मुरारी शर्मा, अमित शर्मा, लोकेश शर्मा आदि मौजूद रहे एवं कार्यक्रम में अतिथि पापाया यादव, रमेश यादव, गजानंद शर्मा, रामवतार शर्मा, चेतन प्रकाश शर्मा, दुलीचंद शर्मा, आनंद कुमार शर्मा, विकाश कुमार शर्मा, रामचन्द्र जांगिड़, कैलाश शर्मा सहित सैकड़ो भाई बंधु, माताएं-बहनें मौजूद रहीं। मंच संचालन कमेटी के मदन सिंह शेखावत ने किया।

# सरदारशहर जैन परिषद हैदराबाद का होली मिलन समारोह आयोजित




**हैदराबाद, 27 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

सरदारशहर जैन परिषद हैदराबाद का होली मिलन समारोह ड्रीमलैंड गार्डन सिकंदराबाद में बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस बाबत जानकारी देते हुए राजेंद्र बोथरा ने बताया कि सरदारशहर परिषद के परिवारजन सदस्यों के साथ-साथ बहन, बेटी एवं जवाई ने भी इस आयोजन में भाग लिया। कार्यक्रम शाम 7:00 बजे प्रारंभ हुआ वह रात्रि 11:45 बजे संपन्न हुआ। लगभग 450 व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

होली मिलन समारोह के लिये मशहूर इंटरनेशनल ट्रंपेट प्लेयर आमिर भीयानी म्यूजिकल ग्रुप द्वारा होली का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसके स्टार अट्रैक्शन आमिर भीयानी इंटरनेशनल ट्रंपेट प्लेयर वह फेमस सिंगर अभिलाषा बांठिया व तालिब हिंदुस्तानी थे। मुंबई से आई हुई दो महिला डांसर ने भी सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का प्रारंभ नमस्कार महामंत्र व गणेश वंदना के साथ हुआ।

परिषद के अध्यक्ष अशोक नाहटा ने होली मिलन समारोह में पधारे सभी सरदारशहर परिवार जन सदस्यों एवं बहन, बेटी, जवाई का परिषद की ओर से स्वागत व अभिनंदन किया। होली मिलन समारोह के आयोजन को सफल बनाने में समारोह के संयोजकगण विमल वेद, बिमल नाहटा, अजय सेठिया, मनोज धाडेवा, अनूपचंद नौलखा, सूर्य प्रकाश पुगलिया, विकास पींचा, अभिषेक नाहटा व परिषद उपाध्यक्ष जयसिंह दूगड़, सहमंत्री विजय कुंडलिया, कोषाध्यक्ष कमल सेठिया ने बहुत ही श्रम किया, सभी को साधुवाद। कार्यक्रम में आमिर भीयानी द्वारा मारवाड़ी में होली के राजस्थानी गानों की धुन से सब का मन मोह लिया। इसके साथ ही सिंगर अभिलाषा बांठिया व तालिब हिंदुस्तानी ने एक से बढ़कर एक होली में मारवाड़ी गानों से सबको झूमने के लिए मजबूर कर दिया। उपस्थित भाइयों एवं बहनों ने भी खूब मस्ती की।

परिषद द्वारा स्पेशल प्राइज बेस्ट ड्रेस कपल, बेस्ट ड्रेस पुरुष, बेस्ट ड्रेस महिला के लिए रखा था। जिसकी घोषणा बीना दासानी ने की जिसमें बेस्ट ड्रेस कपल धवल लूनिया, बेस्ट ड्रेस पुरुष प्रभात नौलखा, बेस्ट ड्रेस महिला राजुल दूगड़ रहे। परिषद के पदाधिकारी ने इनका सम्मान किया। साथ ही म्यूजिकल ग्रुप के अमीर भीयानी, अभिलाषा बांठिया व तालिब हिंदुस्तानी का भी मोमेंट के द्वारा सम्मान किया गया। परिषद के मंत्री विकास दसानी ने कार्यक्रम में पधारे सभी परिवारजन सदस्यों बहन, बेटी,जवाई का इस प्रोग्राम में आने पर परिषद की ओर से आभार व्यक्त किया। अमीर भियानी म्यूजिकल ग्रुप के सभी सदस्यों का धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री अभिनंदन नाहटा ने किया।

# एसबीआई ने आईसीएआर-आईआईआरआर को सौंपा साढ़े चार करोड़ का चेक

## सीएसआर गतिविधि के तहत मंचिकालालु एनजीओ को भेंट की टाटा विंगर मिनी बस



**हैदराबाद, 27 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी, प्रबंध निदेशक (अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग, वैश्विक बाजार और प्रौद्योगिकी) ने आधिकारिक व्यस्तताओं के सिलसिले में हैदराबाद का दौरा किया। उनकी यात्रा को सीएसआर गतिविधि और आईसीएआर-आईआईआरआर के साथ एसबीआई फाउंडेशन के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के साथ चिह्नित किया गया था।

स्थानीय प्रधान कार्यालय कोठी हैदराबाद में मंचिकालालु मेरेडपल्ली सिकंदराबाद को टाटा विंगर मिनी बस के दान के लिए एक सीएसआर गतिविधि शुरू की गई थी। सीएस शेट्टी ने मंचिकालालु के संस्थापक अध्यक्ष सरथ कुमार पुप्पाला को चाबी सौंपी। टाटा विंगर मिनीबस को एमडी और एसबीआई के अन्य शीर्ष अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मंचिकालालु संगठन 2007 में स्थापित एक गैर सरकारी एवं गैर-लाभकारी संगठन है। वंचित बच्चों की मदद करने के जुनून के साथ विभिन्न पृष्ठभूमि के व्यक्तियों के एक समूह ने मंचिकालालु नामक इस सेवा संगठन का गठन किया था।

इस अवसर पर बोलते हुए प्रबंध निदेशक, सीएस शेट्टी ने श्री द्वारा की गई महान सेवा को सरथ कुमार ने स्वीकार किया। मंचिकालालु संगठन के भवानी ने एसबीआई को उनका समर्थन करने का अवसर देने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर बोलते हुए, एसबीआई, हैदराबाद सर्कल के मुख्य महाप्रबंधक, राजेश कुमार ने कहा कि मंचिकालालु का समर्थन करना एक बड़ा सम्मान है क्योंकि यह अनाथों और वंचित लड़कों की महान सेवा कर रहा है। उन्होंने कहा कि जब हैदराबाद टीम को पता चला कि उन्हें समर्थन की आवश्यकता है, तो सर्कल के हमारे सीएसआर विंग ने आवश्यक परिश्रम करने के बाद ऐसे नेक काम के लिए एनजीओ का समर्थन किया। श्री राजेश ने कहा कि एनजीओ सड़क से समाज तक के आदर्श वाक्य के साथ अनाथ/अर्ध अनाथ बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वस्थ जीवन शैली, पौष्टिक भोजन, आश्रय, चिकित्सा देखभाल, स्वच्छ वातावरण प्रदान कर रहा है। मिनीबस के दान से 48 अनाथ बच्चों को उनकी परिवहन आवश्यकताओं और चिकित्सा आपात स्थिति के लिए बहुत मदद मिलेगी।अगस्त में टिकाऊ बीज वाले चावल (डीएसआर) को बढ़ावा देने के लिए एसबीआई फाउंडेशन की ग्राम सेवा पहल के तहत एसबीआई फाउंडेशन और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), भारतीय चावल अनुसंधान संस्थान (आईआईआरआर), हैदराबाद के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर समारोह आयोजित किया गया था। सीएस शेट्टी की मौजूदगी में 4,50,00,000/- (चार करोड़ पचास लाख रुपये) रुपये का चेक एसबीआई फाउंडेशन द्वारा सौंपा गया।

इस अवसर पर बोलते हुए, सीएस शेट्टी ने कहा कि स्टेट बैंक समूह की सीएसआर गतिविधियों को योजनाबद्ध और केंद्रित तरीके से शुरू करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक द्वारा एसबीआई फाउंडेशन की स्थापना की गई थी। इस अवसर पर बोलते हुए, सीजीएम हैदराबाद सर्कल, राजेश कुमार ने कहा कि तेलंगाना देश का चावल का कटोरा है और ट्रांसप्लांटेड राइस (टीपीआर) से डीएसआर में बदलाव के परिणामस्वरूप सिंचाई के पानी (लगभग 40%), खेती की लागत में काफी बचत होगी। इस अवसर पर बोलते हुए, संजय प्रकाश (एमडी एसबीआई फाउंडेशन) ने कहा कि एसबीआई फाउंडेशन भारत के 28 राज्यों और 7 केंद्र शासित प्रदेशों में काम करता है, जो समाज के सबसे कमजोर वर्गों को सीधे और रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से संसाधन उपलब्ध कराने के लिए कई पहल करता है।

आईसीएआर-आईआईआरआर के निदेशक डॉ. रमन मीनाक्षी सुंदरम ने इस अवसर पर कहा कि आईसीएआर-भारतीय चावल अनुसंधान संस्थान (आईआईआरआर) की स्थापना भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा अखिल भारतीय समन्वित चावल सुधार परियोजना (एआईसीआरआईपी) के रूप में की गई थी। उन्होंने कहा कि डायरेक्ट सीडेड राइस (डीएसआर) कृषक समुदायों के बीच तेजी से लोकप्रियता हासिल कर रहा है, खासकर एपी, तेलंगाना, पंजाब, हरियाणा आदि राज्यों में। डॉ. रमन ने तेलंगाना और देश भर में डीएसआर को बढ़ावा देने के लिए समर्थन के लिए एसबीआई फाउंडेशन को धन्यवाद दिया। फसल उत्पादन प्रमुख डॉ. महेंद्र कुमार ने भी इस अवसर पर बात की और डीएसआर को बढ़ावा देने और सतत विकास पहल को बढ़ावा देने में समर्थन और सहयोग के लिए एसबीआई को धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में संजय प्रकाश- (एमडी एसबीआई फाउंडेशन, मुंबई), ने भाग लिया। मंजू शर्मा (महाप्रबंधक एनडब्ल्यू-1), देबाशीष मित्रा, (महाप्रबंधक एनडब्ल्यू-2), विद्या राजा (महाप्रबंधक, सीसीजीआरओ - हैदराबाद), वी. प्रेमजी (महाप्रबंधक और निदेशक एसबीआईआरबी), उप महाप्रबंधक, वरिष्ठ प्रबंधन अधिकारी और आईसीएआर-आईआईआरआर के वरिष्ठ वैज्ञानिकों की टीम मौजूद रही।

# काटने के मकसद से ले जाए जा रहे 118 गोवंश को मिला जीवनदान



**हैदराबाद, 27 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** इन दिनों दूसरे राज्यों से हैदराबाद में काटने के मकसद से अवैध रूप से गाड़ियों में भरकर लाए जा रहे गोवंश को गौरक्षा दल तेलंगाना एवं गोरक्षा दल टाइगर फोर्स के कार्यकर्ता गाय बचाओ के विशेष अभियान में किसी भी हद तक गायों को कटने से बचा रहे हैं। मंगलवार को दो गाड़ी में भरी 118 गायों को कटने से बचाया गया।

पहली गाड़ी में भरे 32 गोवंश को पुलिस की सहायता से तथा दूसरी गाड़ी में मौजूद 86 गोवंश को मिलकर 118 गोवंश को कटने से बचाया गया श्र गाड़ियों में भरे अवैध गोवंश को हैदराबाद के कत्लखाने में ले जाया जा रहा था। पकड़ी गई गायों को पुलिस की सहायता से वेलडंडा स्थित गुरु नानक गौशाला एवं श्री समर्थ कामधेनु गौशाला जियागुड़ा में सुरक्षित छोड़ा गया। यह जानकारी राष्ट्रीय गौरक्षा दल के महासचिव एवं टीटीडी गौ संरक्षक कोटी श्रीधर ने दी। उन्होंने बताया कि गौरक्षा के इस महाअभियान में गोरक्षादल तेलंगाना के अध्यक्ष कालू सिंह, गौरक्षा दल टाइगर फोर्स के अध्यक्ष दीपक सिंह, बजरंग दल के ऊपल जिला कन्वीनर सुनील नायक, गौज्ञान फाऊंडेशन नितेश विजय वर्गीय, युग तुलसी फाउंडेशन के के शिव कुमार, बीजेपी तुक्कुगुड़ा काउंसलर यादगिरी अन्ना, रविंदर गौड, डॉ. इरम पुरणाम शांति गुप्ता, गौ रक्षा दल तेलंगाना जनरल सेक्रेटरी पवन रेड्डी, गौ रक्षा दल सिटी प्रेसिडेंट शंकर यादव, केदार सिंह, राज, विशाल, शंकर सिंह, विशाल कुमार, विशाल कोठुर, आकाश कमांडो सहित अन्य गौ रक्षक मौजूद थे ।



केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी बस्ती दौरे के तहत सिकंदराबाद संसदीय क्षेत्र के राम गोपाल पेट, काबरा कॉम्प्लेक्स , पान बाजार, रानीगंज आदि बस्तियों का दौरा करते हुए।

# अत्तापुर में बड़े ही उल्लास के साथ मनाई गई होली



**हैदराबाद, 27 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राजेंद्र नगर के अत्तापुर कस्बे में श्री राजस्थानी नव जागृति मंच के अलावा अनेक गली नुक्कड़ में होली स्थापना कर क्षेत्र के लोगों ने बड़े उल्लास के साथ होली को महोत्सव के रूप में मनाया। इस मौके पर विधि विधान से सुबह डंडा रोपण का पूजन हुआ तत्पश्चात दिनभर महिलाएं सज धज कर होली को मौली बांधने तथा विधिपूर्वक पूजन किया। रात्रि को अनेक जगह 11:30 से होलिका दहन किया गया तथा सभी लोगों ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। होली दहन के पश्चात दूसरे दिन सोमवार को दिनभर रंग-बिरंगे रंगों और एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली का आनंद लिया। एक तरफ अत्तापुर के जाने-माने एवं अनेक धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं से जुड़े गणमान्य पदाधिकारियों ने अपने-अपने अंदाज में क्षेत्र के अनेक घरों में जाकर रंगारंग ढूंढ किया तथा गेर नृत्य कर होली खेली।

# अत्तापुर में निशान यात्रा सहयोगी 111 श्याम भक्तों का हुआ सम्मान

**हैदराबाद, 27 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री श्याम मित्र मंडल अत्तापुर के तत्वावधान में गत 20 मार्च को आयोजित भव्य सूरजगढ़ श्री श्याम निशान यात्रा के सफल आयोजन पर निशान यात्रा में अलग-अलग बिंदुओं पर सहयोग देने वाले यात्रा सहयोगी श्याम भक्तों को श्री श्याम मित्र मंडल अत्तापुर ने रामबाग राम मंदिर प्रांगण में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें यात्रा में सहयोगी 111 श्याम भक्तों को श्री श्याम दुपट्टा एवं बाबा श्याम का सिल्वर कॉइन प्रतीक चिन्ह एवं प्रसाद का डब्बा देकर सम्मान किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि समाजसेवी गोपाल बलदवा थे।



सम्मान समारोह के इस आयोजन में सर्वप्रथम श्याम दरबार में मुख्य अतिथि एवं मंडल के पदाधिकारी तथा संरक्षक द्वारा विधि विधान से दीप प्रज्वलित किया गया।

तत्पश्चात मुख्य अतिथि गोपाल बलदवा के सम्मान के साथ-साथ श्री श्याम मित्र मंडल के संरक्षक एवं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्री ,सहमंत्री, कोषाध्यक्ष का मंडल के सभी श्याम भक्तों की ओर से सम्मान किया गया। मंडल के संरक्षक एवं यात्रा संयोजक पवन नालपुरिया ने सम्मान समारोह को संबोधित किया गया।

तत्पश्चात् श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने भी सभी निसान यात्रा में सहयोगी श्याम भक्तों का आभार व्यक्त किया। अनेक बिंदु पर निशान यात्रा में सहयोगी बनकर यात्रा को सफल बनाने वाले योगेश जैन अभिषेक अग्रवाल, अमरचंद दादरी वाले, अमित कुमार मोदी, अंकुश अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, अशोक शर्मा, अशोक शर्मा पांडुरंगा नगर, अशोक नापित, बाबूलाल जोशी, बद्री प्रसाद सरायवाला, बजरंग लाल, बृजेश कुमार नालपुरिया, बेगराज कुमावत, बजरंग लाल भाटी, भंवरलाल चाहर, भंवरलाल थोलिया, बीरबल चौधरी, छाजूराम मीणा, धीरज सिंह बघेल, डालूराम, धनराज चौधरी, दिनेश अग्रवाल, दिनेश सोनी, घेवरचंद सांखला, गिरधारी लाल मिठारवाल, गोपाल बल्दवा, गोपाल मीणा, गोपाल राम, गोपाल शर्मा, गोपीचंद शर्मा, गोविंद राज अग्रवाल, हरि सिंह शेखावत, हरफूल चौधरी, हीरालाल, जुगल किशोर पारीक, जयप्रकाश बंग, करण सिंह जोधा, किरण शर्मा, कीर्ति सिंह एडवोकेट, हरिकिशन अग्रवाल, लालचंद गुटके वाले, लालनाथ सिद्ध,लोकेश पीत्ति, लक्ष्मी निवास शारडा, महेश शर्मा, मालीराम अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, मनीष शर्मा, मनोज गोयल, मानप्रकाश शर्मा, वीवीएसआर अंजनैयुलू, मुकेश दादरी वाले, मुकेश कुमार, मूलचंद शर्मा, मुरारी लाल शर्मा, नारायण दास हेडा, नरेंद्र जांगिड़, अशोक शर्मा, नवीन अग्रवाल, नवीन संथालिया, पंकज गॉड, पन्नालाल शर्मा, पवन कुमार नालपुरिया, प्रकाश भाटी, प्रेम चौधरी, पुरुषोत्तम कड़ेल, राधेश्याम शर्मा, राजेंद्र अग्रवाल, राजेश, राजेश कुमार सराओगी, राजेश साबू, राजेश शर्मा, राजेश स्वामी ,राकेश अग्रवाल, राम अग्रवाल, राम प्रसाद रीनवा, राम अवतार गुप्ता, रामभरोस जांगिड़, रामेश्वर लाल शर्मा, रामेश्वर लाल मीणा, रामनिवास जाट, रवि प्रकाश शर्मा, रितेश अग्रवाल, सचिन मोर, संदीप कुमार शर्मा, संजय कुमार गुप्ता, संतोष चौधरी, संतोष अग्रवाल, शशिकांत शर्मा, सत्येंद्र सिंह ठाकुर, सतीश स्वामी, सत्यनारायण फोग्ला, सत्यनारायण रोहिवाल, हैदराबाद के लिए श्री श्याम मित्र मंडल को सूरजगढ़ निशान की प्रेरणा देने वाली स्वर्गीय सीमा अग्रवाल सत्यनारायण सूरजगढ़ वाले की बेटी अदिति अग्रवाल, शिव प्रकाश शर्मा, सोहनलाल नेहरा, श्याम अग्रवाल, श्रीचंद स्वामी, श्रीकांत मित्तल, अशोक अग्रवाल, सुरेश गांधी, चौधरी, सुनील कुमार भूत, सुरेश कुमार मोदी, तेजपाल नेहरा, उमेश कुमार नालपुरिया, मनोहर लाल पोद्दार, संगीता अग्रवाल भालवाले ,नवीन जांगिड़ ,कमल शर्मा, बालू सुब्रमण्यम, श्रीकांत सहित अन्य का सम्मान किया गया। भी शाम भक्तों का सराहनीय सहयोग रहा इसके लिए श्री श्याम मित्र मंडल के मंत्री अशोक शर्मा ने सभी को धन्यवाद व्यापित किया।

# हिंदी में काम करना देश सेवा है : लोकेश विश्नोई



**हैदराबाद, 27 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** दक्षिण मध्य रेलवे के हैदराबाद मंडल की 177वीं मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक हैदराबाद मंडल के अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मंडल रेल प्रबंधक लोकेश विश्नोई जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में हैदराबाद मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक एम.ए. रहमान के साथ-साथ सभी शाखा अधिकारी तथा अधिकारीगण उपस्थित थे। राजभाषा अधिकारी एम.के. नागराजु के स्वागत भाषण से बैठक आरंभ की गई।

हैदराबाद दर्पण ई-पत्रिका का विमोचन अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मंडल रेल प्रबंधक लोकेश विश्नोई द्वारा किया गया। राजभाषा अधिकारी एम.के. नागराजु ने पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई के साथ-साथ पिछली तिमाही के दौरान किए गए महत्वपूर्ण कार्यों का ब्यौरा भी पावर पाइंट प्रस्तुतीकरण द्वारा दिखाया। बैठक में वार्षिक कार्यक्रम के मदों पर भी चर्चा की गई।

राजभाषा तिमाही प्रगति रिपोर्ट के आंकडों पर भी चर्चा की गई। अगली तिमाही के लिए प्रस्तावित कार्यों से संबंधित आश्वासन भी दिया गया। सभी शाखा अधिकारियों से सुझाव पूछने पर बताया कि राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में उत्साहवर्धक विभिन्न प्रकार के राजभाषा अनुपालन पद्धतियों को अपनाने के लिए कहा गया जैसे हिंदी प्रश्नोत्तरी, कविता पाठ, हिंदी से संबंधित कुछ वडियो आदि। हैदराबाद मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक एम.ए. रहमान ने वेबसाइट को द्विभाषिक रूप में उपलब्ध होना सुनिश्चित करने के लिए कहा। साथ ही हैदराबाद दर्पण ई-पत्रिका में विविध तकनीकी विषयों को भी शामिल करने पर ज़ोर दिया।

बैठक में अपने अध्यक्षीय संबोधन में लोकेश विश्नोई ने हैदराबाद मंडल में राजभाषा के कार्यान्वयन की प्रशंसा करते हुए कहा कि राजभाषा का कार्य सुव्यवस्थित रूप से हो रहा है। उन्होंने धारा3 (3) के सभी प्रलेखों को हिंदी-अंग्रेजी द्विभाषी में अवश्य जारी करने के लिए कहा।

ई-ऑफिस में हिंदी में काम करना आसान है, इसलिए अगली तिमाही में ई-ऑफिस से संबंधित विषय पर एक हिंदी कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टेशन संचालन नियमों और फाटक संचालन नियमों का स्टेशन पर उपलब्ध होना सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। पत्राचार में हिंदी का अधिकाधिक कार्य करने के लिए कहा। बैठक के दौरान मंडल के लगभग सभी शाखा अधिकारी उपस्थित रहे।

धन्यवाद ज्ञापन डी.रजनी द्वारा दिया गया। बैठक के दौरान डॉ. रानी गीतेश काटे, वरिष्ठ अनुवादक, सुनील कुमार शर्मा, प्रीति प्रकाश साव, कनिष्ठ अनुवादक, हफीज़ खान तथा अन्य ने इस सफल आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई।

## सांझ के साथी का होली काव्य मिलन 30 को

**हैदराबाद, 27 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सांझ के साथी का होली काव्य मिलन शनिवार 30 मार्च को सायंकाल 6.00 बजे से नवजीवन बालिका विद्यालय, रामकोट स्थित कीमती हॉल में सम्पन्न होगाख संस्था के मंत्री नन्दग-ोपाल भट्टड़ ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस होली काव्य मिलन की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध साहित्यकार, कवि डॉक्टर ऋषभ देव शर्मा करेंगे ख सांझ के साथी के अध्यक्ष अजित गुप्ता, परामर्शदाता वेणुगोपाल भट्टड एवं अहिल्या मिश्र ने सभी काव्य प्रेमियों से कार्यक्रम में समयानुसार भाग ले कर कार्यक्रम को सफ़ल बनाने का आग्रह किया है ।



भाजपा मलकाजगिरी उम्मीदवार इटेला राजेंद्र को उनके निवास पर भेंट कर उन्हे सम्मानित करते क्षेत्र के उत्तर भारतीय नेता लक्ष्मीकांत शर्मा एवं रघुवीर सिंह। साथ में हैं सतीश कुमार जाजू।

## पंजाब में आपा को बड़ा झटका

# सांसद सुशील रिंकू भाजपा में शामिल

**चंडीगढ़, 27 मार्च (एजेंसियां)।**

पंजाब में आम आदमी पार्टी को बुधवार को जबरदस्त झटका लगा। पार्टी के इकलौते सांसद सुशील कुमार रिंकू भाजपा में शामिल हो गए हैं। रिंकू को पार्टी जालंधर से टिकट दे चुकी थी। उनके साथ ही जालंधर वेस्ट से आप विधायक शीतल अंगुराल भी बीजेपी में शामिल हुए। इससे पहले शीतल अंगुराल ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। भाजपा में शामिल होने के बाद सुशील कुमार रिंकू ने कहा कि यह सच है कि मैंने जालंधर के लोगों से जो वादे किए थे, वे पूरे नहीं हुए क्योंकि मेरी पार्टी (आपा) ने मेरा समर्थन नहीं किया। मैं पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की कार्यशैली से प्रभावित हूं। पार्टी जॉइन करवाने के बाद पंजाब भाजपा के प्रधान सुनील जाखड़ ने कहा, लुधियाना के बाद जालंधर पंजाब का सबसे बड़ा इंडस्ट्रियल हब है। रिंकू को आपा ने बड़े-बड़े वादे कर अपनी पार्टी में शामिल कर लिया। मगर उन्हें पार्टी जॉइन करने के बाद पता चल गया कि खोदा पड़ा निकली चुहिया। सुनील जाखड़ ने कहा, देर सही, सवेर सही। सही रास्ता तो चुना गया। सांसद रिंकू के साथ हमारे दिल मिलते हैं। इसलिए अब जालंधर का विकास अच्छे से होगा। इसके बाद सुशील कुमार रिंकू ने कहा, मैंने जालंधर में रहते हुए आपा के साथ दो साल काम किया। हर मुद्दे को हल करने की कोशिश की गई। मगर आपा सरकार ने मुझे ऐसा नहीं करने दिया। मैं काफी निराश हुआ। मैं बीते दिनों बीजेपी के कई मंत्रियों से जालंधर का काम करवाने के लिए मिला। उन्होंने मुझे सम्मान दिया और मेरे हल्के के सभी काम साथ के साथ करवा दिए।



### विधायक शीतल अंगुराल ने भी छोड़ी पार्टी

दोनों नेताओं के भाजपा में जाने की अफवाहें काफी दिनों से चल रही थी। लेकिन तब सांसद रिंकू ने स्पष्ट किया था कि आम आदमी पार्टी के साथ हमेशा उनकी वफादारी रहेगी और वह कहीं नहीं जा रहे। इसी तरह अंगुराल ने सोशल मीडिया पर लाइव होकर कहा था कि ये सभी बातें निराधार हैं। रिंकू पिछले साल जालंधर उपचुनाव जीतकर सांसद बने थे। वह लोकसभा में आप के एकमात्र सांसद हैं। रिंकू पहले कांग्रेस में थे। 27 अप्रैल, 2023 को वे आपा में शामिल हो गए थे और एक दिन बाद उन्हें जालंधर संसदीय क्षेत्र से आप का उम्मीदवार घोषित किया गया था।

# फेमा मामले में महुआ और दर्शन हीरानंदानी को ईडी का समन

**नई दिल्ली, 27 मार्च (एजेंसियां)।**

फेमा मामले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता महुआ मोइत्रा और दर्शन हीरानंदानी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने समन जारी किया है। दोनों को 28 मार्च को पूछताछ के लिए दिल्ली बुलाया गया है। फेमा मामले में पूछताछ के लिए इससे पहले हीरानंदानी समूह के प्रमोटर्स निरंजन हीरानंदानी और उनके बेटे दर्शन हीरानंदानी को ईडी ने फरवरी में तलब किया था। हीरानंदानी ने बताया था कि उन पर फेमा उल्लंघन का आरोप 16 साल पहले लगा था। अब तक उनसे 42 या 43 बार पूछताछ की जा चुकी है।

गौरतलब है कि भाजपा के नेता निशिकांत दुबे ने महुआ मोइत्रा के खिलाफ लोकपाल में भी शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने टीएमसी सांसद पर संसद में सवाल पूछने के बदले पैसे लेने का आरोप लगाया था। उन्होंने मोइत्रा पर आर्थिक लाभ के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का भी आरोप लगाया था। टीएमसी नेता के खिलाफ लोकपाल की तरफ से शिकायत करने के बाद सीबीआई ने प्राथमिक जांच शुरू की थी। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा पर कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के कहने पर संसद में सवाल पूछने का आरोप है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने दावा किया था कि ये सबूत वकील जय अनंत देहादराई द्वारा प्रदान किए गए थे।



### पूछताछ के लिए आज किया तलब

लोकसभा स्पीकर को लिखे अपने पत्र में दुबे ने कहा था कि उन्हें वकील और महुआ के पूर्व दोस्त जय अनंत का एक पत्र मिला है, जिसमें उन्होंने मोइत्रा और जाने-माने बिजनेस टाइकून दर्शन हीरानंदानी के बीच सवाल पूछने के लिए रिश्वत के आदान-प्रदान के सबूत साझा किए हैं। इसके आधार पर निष्कर्ष निकाला गया कि मोइत्रा ने संसद में उनके द्वारा पूछे गए कुल 61 में से लगभग 50 प्रश्न दर्शन हीरानंदानी और उनकी कंपनी के व्यावसायिक हितों को बचाने के लिए थे।

# जिले में सामान्य प्रसव सुनिश्चित करने के लिए किए जाएं कड़े उपाय : कलेक्टर




**आसिफाबाद, 27 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

जिला कलेक्टर वेंकटेश दोत्रे ने कहा कि अधिकारियों और डॉक्टरों को यह सुनिश्चित करने के लिए समन्वित उपाय करने चाहिए कि जिले के सरकारी अस्पतालों में सामान्य प्रसव हो। बुधवार को जिला केन्द्र स्थित एकीकृत जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तुकाराम भट्ट सहित चिकित्सा अधिकारियों, कार्यक्रम अधिकारियों एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक हुई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि यह सराहनीय है कि अधिकारियों ने जिले को पोलियो मुक्त बनाने के तहत जिले में चलाये गये पोलियो कार्यक्रम के साथ समन्वय बनाकर कार्य किया और निर्धारित लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा किया। चिकित्सा अधिकारी अपने अधिकार क्षेत्र के अस्पतालों में मरीजों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान करें।

उन्होंने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में मैत्रीपूर्ण वातावरण में चिकित्सा सेवाएं और उपचार प्रदान किया जाना चाहिए, स्वास्थ्य अधिकारी आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय करके गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक भोजन प्रदान करें और महिलाओं को प्रसव के बारे में शिक्षित करें एवं सामान्य प्रसव को प्राथमिकता दें। जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उपकेंद्रों और सरकारी अस्पतालों के प्रदर्शन और उद्देश्यों पर अधिकारियों के साथ समीक्षा की और उचित सुझाव दिए। ग्राम पंचायतों में पंचायत सचिवों और कर्मचारियों को समन्वय से काम करना चाहिए और लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए कदम उठाने चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं सरकारी अस्पतालों में गर्भवती हो चुकी महिलाओं को जागरूक किया जाए ताकि वे अपना विवरण दर्ज करा सकें तथा समय पर आवश्यक चिकित्सीय परीक्षण करा सकें। इस क्रम में आंगनबाडी, आशा एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता समन्वय बनाकर अपने क्षेत्र में फील्ड भ्रमण कर गर्भवती महिलाओं का विवरण एकत्र करने की कार्यवाही करें। आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों की देखभाल पर विशेष ध्यान दिया जाए, कम और बहुत कम वृद्धि वाले बच्चों की पहचान कर उन्हें सामान्य बच्चों की स्थिति में लाने का प्रयास किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाए गए स्वास्थ्य महिला कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, जिले के दहेगाम मंडल के गिन्नधारी और कौताला मंडल केंद्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में हर मंगलवार को महिलाओं की चिकित्सा जांच की जाती है और आवश्यक दवाएं वितरित की जाती हैं।

उन्होंने कहा कि गर्मी का मौसम होने के कारण ग्राम पंचायत सचिवों एवं अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए गांवों में लोगों को बिना किसी रुकावट के पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

उन्होंने कहा कि मार्च से जून तक गर्मी के मौसम में पेयजल आपूर्ति में कोई दिक्कत न हो, इसके लिए मिशन भागीरथ से जुड़े टैंकरों, बोरवेलों और पाइपलाइनों की मरम्मत कराई जाए और पानी की कोई कमी न हो, इसके लिए कदम उठाए जाएं। इस कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारी व अन्य लोग शामिल हुए।

# भगवती बाई मोंटेसरी स्कूल ने मनाया वसुधैव कुटुंबकम वार्षिक महोत्सव

**हैदराबाद, 27 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रवाल शिक्षा समिति द्वारा संचालित टाईनी स्टार्स महावीर प्रसाद बजरंगलाल इंटरनेशनल प्ले स्कूल एवं भगवती बाई मॉन्टेसरी स्कूल का वार्षिक उत्सव वसुधैव कुटुंबकम थीम के अंतर्गत बड़े ही हर्षोल्लास के साथ स्कूल के प्रांगण में मनाया गया। वसुधैव कुटुंबकम् अर्थात पूरा विश्व एक परिवार है, इस भावना को समझना छात्रों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह भाईचारे, एकता और परस्पर जुड़ाव के मूल्यों को बढ़ावा देता है।



कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम गाकर किया गया। समिति के अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि प्रमोद कुमार केडिया, समिति के मानद मंत्री सीए नवीन कुमार अग्रवाल, स्कूल के कॉरेस्पोंडेंट शेष कुमार गोयल, डॉ. श्याम सुंदर अग्रवाल चैयरमेन ट्रस्ट बोर्ड एवं स्कूल की प्रधानाध्यापिका आराधना मोदानी ने मिलकर दीप प्रज्वलन किया। यूकेजी के छात्रों ने मिलकर समिति के गणमान्य अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छों से किया।

स्कूल की प्रधानाध्यापिका आराधना मोदानी ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उनके साथ स्कूल के हेड बॉय एवं हेड गर्ल अंकित और समरीन ने भी स्कूल के वार्षिक गतिविधियों का ज्ञापन दिया। भगवती बाई मॉन्टेसरी स्कूल के 50वें वर्ष के आगमन में मुख्य अतिथि एवं समितिगणों ने मिलकर बैलून रिलीजिंग किया।

स्कूल के कॉरेस्पोंडेंट शेष कुमार गोयल ने स्वागत भाषण देते हुए कहा वार्षिक महोत्सव का आयोजन हमारे टीचर्स, स्टाफ और छात्रों के पूरे साल भर की मेहनत को सराहने के लिए किया जाता है। मानद मंत्री सीए नवीन कुमार अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए भगवती मॉन्टेसरी स्कूल के टीम वर्क की सराहना करते हुए कहां कि आगे भी ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए।

अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि प्रमोद कुमार केडिया ने विशेष कर वार्षिक उत्सव के इस थीम को वसुधैव कुटुंबकम पूरा विश्व एक परिवार को अत्यधिक सराहा तथा हर नित्य के नाम जो हर रिश्तो की अभिव्यक्ति करता है जैसे पर्यावरण से रिश्ता, ममता से रिश्ता, मातृभूमि से रिश्ता, स्कूल से रिश्ता आदि की भूरि भूरि प्रशंसा की। वसुधैव कुटुंबकम थीम के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश कर सबका मन मोह कर सबको मंत्र मुक्त कर दिया।

पीपी टू के छात्रों ने रिश्ते पर परमात्मा से जोड़ते हुए संस्कृति की बौछार भागवत गीता के श्लोक का उच्चारण करते हुए, प्ले ग्रुप के नन्हे-मुन्नों ने ममता से नाता जोड़ा। नर्सरी के नन्हे-मुन्नों ने मार्गदर्शन, स्नेह, दुलार एवं मस्ती का रिश्ता निभाया। पीपी 1 डी नन्हों ने रिश्ते की मिठास चखाई। पीपी 1 सी के नन्हो ने रिश्ते के पक्के धागों को निभाया। पीपी 1 बी के नन्हों ने रिश्ता परिपूर्णता का निभाया। पीपी 1 ए के नन्हों ने सम्मान का रिश्ता निभाया। पीपी 2 के छात्र-छात्राओं ने रिश्ता पर्यावरण, प्रकृति से जोड़ते हुए, रिश्ता मातृभूमि से निभाया। ग्रैंड फिनाले में सबने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं के कॉरस्पोंडेंन्ट मुकुंद लाल अग्रवाल, मनीष कुमार अग्रवाल, महेश कुमार अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, अकादमिक निदेशक डॉ. सरोज जैन एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रधानगण, अभिभावकगण एवं सारे बच्चे उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद भाषण बबीता गोयल ने दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान से हुआ।








**कुमावत समाज एर्रागड्डा-बोराबण्डा शाखा के सर्व सम्मित से अध्यक्ष बनने पर राजूराम बाकरेचा का पुष्पहार व साफा-शॉल से सम्मान करते हुए आप और हम के अध्यक्ष धर्मीचन्द कुमावत, भँवरलाल अलोदिया, शंकरलाल मानणिया, नारायणलाल घोड़ावड़, बाबुलाल मालीवाड़, श्यामलाल मावर, मोहनलाल मावर, राकेश मावर, जीतेन्द्र बाकरेचा एवं अन्य।**

# मैंने टिकट ठुकराया क्योंकि मेरे पास चुनाव लड़ने के लिए पर्याप्त पैसे नहीं : सीतारमण

**नई दिल्ली, 27 मार्च (एजेंसियां)।**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने चुनावी बॉन्ड भुनाए हैं। किसी को कुछ भी कहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है क्योंकि यह कानूनी था और कानून के मुताबिक है। वहीं उन्होंने लोकसभा चुनाव से टिकट को लेकर कहा कि मैंने टिकट को अस्वीकार कर दिया है, क्योंकि मेरे पास चुनाव लड़ने के लिए पर्याप्त पैसा नहीं है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि उन्होंने चुनाव लड़ने के भाजपा के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है, क्योंकि उनके पास लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए पर्याप्त पैसा नहीं है। उन्होंने कहा, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उन्हें आंध्र प्रदेश या तमिलनाडु से चुनाव लड़ने का विकल्प दिया था। उन्होंने कहा कि एक हफ्ते या दस दिनों तक सोचने के बाद, मैंने कहा नहीं..मेरे पास चुनाव लड़ने के लिए उस तरह का पैसा नहीं है।



एक निजी कार्यक्रम में निर्मला सीतारमण ने कहा कि चुनावी बॉन्ड के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मुद्देनजर चुनावी फंडिंग के लिए बेहतर प्रणाली लाने के लिए और अधिक बहस की जरूरत है। मंत्री ने कहा कि कानून, जिसे अब सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया है, संसद द्वारा पारित किया गया था और बॉन्ड उस समय प्रचलित कानून के मुताबिक खरीदे गए थे।

निर्मला सीतारमण ने कहा कि वही पार्टी जो अब कहती है कि यह एक घोटाला है, उसने भी बॉन्ड के जरिए पैसा लिया था। मुझे बताएं कि किसी को बोलने का क्या नैतिक अधिकार है क्योंकि यह तब कानून था। चुनावी बॉन्ड की प्रणाली अभी भी पिछली प्रणाली से बेहतर थी, हम अब उसी स्थिति में हैं। हमें कुछ बेहतर करने की जरूरत है, लेकिन बहुत अधिक काम करने की जरूरत है।



**भाजपा गोलकोंडा जिला के महामंत्री रघुनंदन यादव का स्वागत एवं उन्हें बधाई देते हुए वी. गोपाल, दिनेश यादव, मुकेश सोनी, दयानंद यादव, चतुर्बुज अहीर, आनंद जैन, प्रवीण जैन एवं टी. बब्बू।**







शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**

I, Sangeeta Goilkar spouse of Army No.JC768058H Sub OPR & DVR (REC) Goilkar Uttam Dundapa of 654 EME Bn C/o 844 FdWksp Coy Secunderabad have changed my name from **SANGEETA GOILKAR** to **SANGITA UTTAM GOILKAR** vide affidavit dt:27-3-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**

I, Anuradha Sonkar spouse of Army No.14656480P Hav DVR (MT) Birendra Kumar of 844 FdWksp Coy (654 EME Bn) Secunderabad have changed my name from **ANURADHA SONKAR** to **ANURADHA SONKER** vide affidavit dt:27-3-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, PRIYANKA.S Spouse of Army No.15332776M L/Hav C SENTHIL KUMAR, R/o.1-95, Vill and Po:Chinna Agaraharam, Teh & Dist:Krishnagiri, Tamilnadu have changed my name and DOB from **PRIYANKA .S**, DOB:**1-5-1990** to **PRIYANGA .K**, DOB:**1-5-1992** vide affidavit dt:30-9-2023 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, BHAVANI JAKAPU Mother of Army No.2615329L L/Nk Suresh Jakkapu, R/o.Vill, Teh and Po:Bhogapuram, Dist:Vizianagaram, Andhra Pradesh have changed my name and DOB from **BHAVANI JAKAPU,** DOB: **3-7-1973** to **JAKKAPU BHAVANI**, DOB:**9-6-1972**, vide affidavit dt:27-3-2024 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, NARAYANARAO JAKKAPU Father of Army No.2615329L L/Nk Suresh Jakkapu, R/o.Vill, Teh & Po: Bhogapuram, Dist:Vizianagaram, Andhra Pradesh have changed my name and DOB from **NARAYANARAO JAKKAPU**, DOB:**15-8-1968** to **JAKKAPU NARAYANARAO**, DOB: **21-8-1964** vide affidavit dt:27-3-2024 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.




# PUSHPA RESIDENCY-1

Quality Living Starts Here


## Ready to occupy @ Thumkunta<<SHAMIRPET



TYPICAL FLOOR PLAN



- 2 Bhk
- Parking 2 wheeler & 4 Wheeler
- 100% Vaastu



SCAN FOR
SITE LOCATION

Everyone love to live in a beautiful & luxurious home where elders are happy & children grow up in a healthy environment. To experience the comfort of a spacious flat in a good neighbourhood, where fresh air & abundant water & the blissful silence of environment invites your family to live in comfort. Pushpa Residency is a prestigious project by Basai Group who have executed several successful projects. Their strength in the construction field can be gauged by the quality and dedication they bring to every project. we work hard to ensure customer satisfaction ... So why to wait now we provide you the luxurious flat in Thumkunta, Shamirpet .

FOR DETAILS

+91 77991 23471
94901 18708

Email : pushparesidency1@gmail.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.